मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 170 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 11 फरवरी 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## यूपी विधानसभा चुनाव- पहले चरण में 58 सीटों पर 57.79 फीसदी मतदान

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया के तहत गुरुवार को प्रथम चरण में 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। मतदान शुरू होने के समय कोहरा और ठण्ड होने के कारण मतदाता कम ही निकले लेकिन जैसे-जैसे धूप खिली और मौसम साफ हुआ वैसे-वैसे मतदान केन्द्रों पर भीड़ बढ़ती देखी गयी। वहीं इस दौरान कई स्थानों से ईवीएम खराब होने की भी शिकायतें आयीं तो कुछ राजनीतिक दलों ने सत्ता में दबाव में मतदान कराने का आरोप भी लगाया। कुल मिलाकर प्रथम चरण में मतदान शांतिपूर्ण रहा। प्रथम चरण में इन 58 विधानसभा क्षेत्रों में औसतन 59.61 फीसद मतदान हुआ। इस दौरान सर्वाधिक मतदान मुजफ्फरनगर जिले में 62.14 फीसदी हुआ। यहां की बुढ़ाना विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 64.84 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सबसे कम गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिले में 54.77 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के साथ ही प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गयी। वहीं इस चरण में कुल 623 प्रत्याशी मैदान में हैं।



प्रथम चरण में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 58 सीटों पर हुए मतदान में मुजफ्फर नगर में सर्वाधिक 62.14 प्रतिशत, शामली में 61.78, मुजफ्फरनगर में 62.14, मेरठ में 58.52, बागपत में 61.35, गाजियाबाद में 54.77, हापुड़ में 60.50, गौतमबुद्धनगर में 54.77, बुलंदशहर में 60.52, अलीगढ़ में 57.25, मथुरा में 58.51 तथा आगरा में 56.61 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री प्रो एसपी बघेल ने आगरा और डा. संजीव बालियान ने मुजफ्फरनगर में मतदान किया। मुजफ्फनगर के शाहपुर के गांव कुटबी में केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान ने वोट डाला। उधर, भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने परिवार सहित मतदान किया। वहीं इस दौरान ईवीएम खराब होने और दबाव डालकर मतदान कराने की शिकायतें भी आयीं। शामली में समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी पर दलित समाज पर दबाव बना कर वोट डलवाने के आरोप में पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उधर, आगरा के एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र के आंवलखेड़ा में एक बूथ पर भाजपा के एजेंट अजय कुमार ने मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी पर पुलिस ने एजेंट ने गिरफ्तार कर लिया। वायरल वीडियो 26 सेकंड का है। इसमें एक युवक ईवीएम का बटन दबाने पर दिखाई देने वाली पर्ची का इंतजार कर रहा है। दोनों अंगुलियों से विक्ट्री का निशान बनाकर दिखा रहा है। गाजियाबाद में कई मतदान केंद्रों से यह शिकायतें मिलीं कि मतदाता के वोट डालने से पहले ही उसका वोट पड़ चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम ने भाषणों में पूरा समय कांग्रेस को दिया लेकिन चीन पर मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया: राहुल



हरिद्वार, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने संसद में अपना सारा समय कांग्रेस पर ही लगा दिया। उन्होंने उत्तराखंड में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं नरेंद्र मोदी से नहीं डरता, उनके अहंकार पर मुझे हंसी आती है।' राहुल गांधी ने हरिद्वार जिले के मंगलौर में कहा कि संसद में पीएम मोदी ने अपने भाषणों में अपना पूरा समय कांग्रेस को दिया लेकिन चीन पर मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया। बाद में अपने साक्षात्कार में राहुल गांधी ने कहा, 'उन्होंने कहा कि ह्यराहुल सुनते नहीं हैं', क्या आप जानते हैं कि इसका क्या अर्थ है? इसका मतलब है कि ईडी और सीबीआई का दबाव भी राहुल पर काम नहीं करता है।' उन्होंने कहा, 'वह (राहुल) मेरी नहीं सुनते। मैंने उन पर कितना भी दबाव डाला, वह पीछे नहीं हटते। वह नहीं सुनते।' गांधी ने कहा, 'मैं क्यों सुनूं? नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और दोषपूर्ण जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) के जरिए भारत के छोटे व्यापारियों, मध्यम व्यवसायों, किसानों और मजदूरों को बर्बाद कर दिया है। मैं नरेंद्र मोदी से नहीं डरता, उनका अहंकार मुझे हंसाता है।'

### उपराष्ट्रपति ने तिरुमाला मंदिर का दौरा कर भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की

नई दिल्ली, एजेंसी। उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने परिवार के सदस्यों के साथ आज आंध्र प्रदेश में तिरुपति स्थित तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम का दौरा कर भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री नायडू ने मंदिर आकर प्रसन्नता जताई और कहा कि उन्होंने देश के लोगों की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की है। आध्यात्मिकता और कुछ नहीं बल्कि सेवा की भावना है का भाव व्यक्त करते उन्होंने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर का दर्शन उन्हें लोगों की और भी अधिक सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। श्री नायडू ने कहा कि भारतीय संस्कृति व विरासत एकता, शांति और सामाजिक सद्भाव के सार्वभौमिक मूल्यों का समर्थन करती है और सभी को उनकी रक्षा व संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने भक्तों के लिए दर्शन की सुगमता में सुधार को लेकर मंदिर के अधिकारियों की प्रशंसा की।

## केंद्र ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों पर 2601.98 करोड़ रुपये खर्च किए



नई दिल्ली, एजेंसी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले पांच वर्षों में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों पर 2,500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। राज्यसभा में उठाए गए एक सवाल के जवाब में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2017-18 की अवधि के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए प्रतिबद्ध राशि अब तक 2601.98 करोड़ रुपये है।

मंत्री द्वारा अपने लिखित जवाब में साझा किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में सरकार ने प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों पर लगभग 1654.57 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 (अब तक) में 5608 अखबारों में विज्ञापनों पर 96।39 करोड़ रुपये, 2020-21 में 5211 अखबारों में 197।49 करोड़ रुपये, 2019-20 में 5326 अखबारों के विज्ञापनों पर 295.05 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वर्ष 2018-19 में 5631 समाचार पत्रों में विज्ञापनों पर 429.55 करोड़ रुपये और वर्ष 2017-18 में 6782 समाचार पत्रों के विज्ञापनों पर 636 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 1318 टेलीविजन चैनलों में सरकारी विज्ञापनों में 479.61 करोड़ रुपये और 1694 एफएम रेडियो चैनलों के विज्ञापनों पर 460.60 करोड़ रुपये खर्च किए गए। सरकार 2017 से अब तक सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए 7।20 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है।

## रक्षामंत्री ने रक्षा विभाग की 17.78 लाख एकड़ जमीन का सर्वेक्षण करने के लिये पुरस्कार प्रदान किये

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में 10 फरवरी, को रक्षा सम्पदा कर्मियों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके रक्षा विभाग की 17.78 लाख एकड़ जमीन का सर्वेक्षण करने के लिये पुरस्कार प्रदान किये। ये पुरस्कार 38 रक्षा सम्पदा कार्यालयों तथा चार सहायक रक्षा सम्पदा कार्यालयों के 11 अधिकारियों और 24 कर्मियों को प्रदान किये गये। रक्षा सम्पदा कार्यालय के दस्तावेजों के अनुसार रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व में 17.99 लाख एकड़ जमीन है, जिसमें से 1.61 लाख एकड़ जमीन देशभर के 62 अधिसूचित छावनियों में स्थित है। लगभग 16.38 लाख एकड़ जमीन छावनियों के कई हिस्सों में स्थित है। कुल 16.38 लाख एकड़ जमीन में से लगभग 18,000 एकड़ जमीन को या तो राज्य ने किराये पर ले रखा है या अन्य सरकारी विभागों को स्थानांतरित किये जाने के कारण उन्हें दस्तावेज से निकालना बाकी रह गया है। सर्वेक्षण का काम 17.78 लाख एकड़ में पूरा कर लिया गया है, जो अपने आप में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार पूरी रक्षा जमीनों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों के राजस्व अधिकारियों ने भी



हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया।

राजनाथ सिंह ने रक्षा सम्पदा कर्मियों की प्रशंसा की कि उन लोगों ने गैर-आबाद और दूर-दराज के क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसमी हालात तथा कोविड-19 महामारी के खतरे के बावजूद यह काम पूरा किया। उन्होंने सर्वेक्षण को ऐतिहासिक बताया और विश्वास व्यक्त किया कि रक्षा जमीनों का स्पष्ट सीमांकन इन इलाकों की सुरक्षा तथा विकास के लिये महत्त्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के जरिये जमीन की सटीक नपाई संभव हुई और विश्वसनीय दस्तावेज तैयार हो सके। इस तरह जमीन के विवादों को हल करने में लगने वाली ऊर्जा, धन और समय की बचत होगी।

## इलेक्शन कमीशन व मौसम ने मुझे आपके बीच आने एवं आपके दर्शन करने का दिया सौभाग्य: मोदी

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चारधाम की रक्षक देवी मां धारी देवी, कमलेश्वर महादेव को याद करते हुए कहा कि यहां विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अबकी बार बाबा केदारनाथ, बदरीनाथ इच्छा पूरी करेगी। इलेक्शन कमीशन व मौसम ने मुझे आपके बीच आने व आपके दर्शन करने का सौभाग्य दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से पुराना नाता है। मेरा देवभूमि से लगाव कितना है 2019 में चुनाव के अंतिम क्षण में चल रहा था और काशी मे मतदान होना था, देवभूमि की माटी को माथे लगाने का मन बनाया और बाबा केदार ने पुकारा मैं यहां चला आया। चुनाव के मैदान में भी और खुद का चुनाव होने के बावजूद भी आपके बीच चला आया। देवभूमि के प्रति मेरी भक्ति व मेरा लगाव है। पीएम मोदी ने कहा कि देवभूमि व वीर भूमि है इससे ऊर्जा मिलती है और प्रेरणा मिलती है। मां गंगा, तीलू रौतेली, पन्ख्या दादा, माधो सिंह भंडारी आदि से प्रेरणा पाने वाली धरती और लोगों को मैं आदर पूर्वक प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि कल ही भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया और इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभायेगा। राज्य के विकास, युवाओं, महिलाओं, किसानों सभी के लिए नये संकल्प लिये गये हैं। गरीब बहनों ताकत देने का समाधान है। जिला मेडिकल कालेज या उसके जैसी सुविधा देने का संकल्प है कृषि क्षेत्र में किसानों को सुविधायें दी जायेंगी और नये उद्योगों के लिए रोजगार के हजारों नये अवसरों को रास्ते खोलने का कार्य संकल्प लेकर



व्यक्त किया। उन्होंने राज्य के हैरिटेज को बचाने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी व उत्तराखंड भाजपा की टीम को शुभकामनायें भी दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों ने हमेशा सजग प्रहरी की तरह देश की रक्षा की। पौड़ी गढवाल के वीर स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत ने देश को सिखाया कि लोगों में पहाड जैसा साहस और हिमालय जैसी सोच भी होती है। उन्होंने कहा कि मेरे मन में एक तकलीफ थी जिक्र इसलिए करना पड रहा है। कांग्रेस पार्टी ने स्वर्गीय सीडीएस जनरल बिपिन रावत के कटआउट लगाकर वोट मांग रही है और कुर्सी के किस सीमा तक जा सकती है विश्वास नहीं हो रहा है राज्य के लोग कभी भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेना को लेकर इन लोगों का रवैया कैसा रहा है सेना से सर्जिकल स्ट्राइक की यह लोग सेना पर सवाल उठाये और दिल्ली के नेताओं ने सेना से सबूत मांगे थे। पहला सीडीएस बनाये जाने पर सियासत की और सड़क का गुंडा तक कहा था। इन लोगों की नफरत वोट के लिए जनरल रावत का सियासी इस्तेमाल कर रहे हैं उन्हें जवाब देने की जिम्मेदारी उत्तराखंड के लोगों की है। उन्होंने कहा कि इन्हें जवाब देंगे करारा जवाब देंगे जनता से पूछा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अभूतपूर्व काम किया और सवा करोड़ की आबादी को अटल आयुष्मान योजना से जोडा है पांच लाख का मुफ्त इलाज लोगों को मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि किसानों गरीबों को कोरोना काल में लाभ दिया और बैंक खातों में सीधे पैसा दे रही है इससे यह बौखला रहे हैं और गलती से सत्ता में आ गये तो भाजपा के काम रोक देंगे। क्या होने देना है क्या उनके सारे इरादे फेल करना है।

## राष्ट्रपति भवन का मुगल गार्डेन 12 फरवरी से 16 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज राष्ट्रपति भवन का वार्षिक ह्य उद्यानोत्सव ह्य आम लोगों के लिए खोल दिया। मुगल गार्डेन 12 फरवरी, 2022 से 16 मार्च, 2022 तक ( प्रत्येक सोमवार को छोड़कर जो रखरखाव के दिन होंगे) आम जनता के लिए 10 बजे सुबह से सायं पांच बजे ( अंतिम प्रवेश सायं 4 बजे) खुला रहेगा। आगंतुकों को केवल एडवांस ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से ही मुगल गार्डेन को देखने की अनुमति होगी। बुकिंग https://rashtrapatisachivalaya.gov.in or https://rb.nic.in/rbvisit/visit_plan.aspx. पर की जा सकती है। पिछले वर्ष की तरह, इस वर्ष भी एहतियाती उपायों के कारण सीधा प्रवेश ( वाक-इन एंट्री) उपलब्ध नहीं होगा। 10 बजे सुबह से सायं 5 बजे के बीच सात पहले से बुक किए गए घंटे के स्लॉट उपलब्ध होंगे। अंतिम प्रवेश सायं 4 बजे होगा। प्रत्येक स्लॉट में अधिकतम 100 व्यक्ति समायोजित हो सकेंगे।



पर्यटन के दौरान, आगंतुकों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करना पड़ेगा जैसेकि मास्क पहनना, सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करना आदि। प्रवेश बिन्दु पर उन्हें थर्मल स्क्रीनिंग से गुजरना होगा। किसी भी आगंतुक को बिना मास्क के प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश तथा प्रस्थान प्रेसीडेंट एस्टेट के गेट नंबर 35 से होगा जो राष्ट्रपति भवन के नार्थ एवेन्यू से मिलन बिन्दु के निकट है।

## नेहरू सरकार में गलवान का ज्यादातर हिस्सा चीन को सौंपा गया

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा ने कांग्रेस पर गलवान घाटी का ज्यादातर हिस्सा चीन को सौंपने का आरोप लगाया है। लद्दाख से भाजपा सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने दावा किया है कि जवाहरलाल नेहरू सरकार के कार्यकाल में गलवान घाटी का ज्यादातर हिस्सा चीन को सौंपा गया और यह सीमा तब से वैसी ही बनी हुई है, इसमें बीते सालों में एक इंच का भी नुकसान नहीं हुआ है। नामग्याल ने लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान यह दावा किया। उन्होंने कांग्रेस से यह भी पूछा कि उसने 1962 से 2019 तक अपने चुनावी घोषणापत्र में अक्साई चिन क्षेत्र को भारत में वापस लाने को शामिल क्यों नहीं किया।

नामग्याल ने बजट को 'ऐतिहासिक' बताया और कहा कि इसमें सीमावर्ती क्षेत्रों को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, 'मैं एक सीमावर्ती क्षेत्र, लद्दाख से आता हूं, जो तिब्बत, चीन और पाकिस्तान की सीमा में है और जहां हमेशा तनाव रहता है। साथ ही विपक्ष ने पूछा कि सीमावर्ती इलाकों के लिए क्या किया गया। इसलिए, मैं अपने भाषण में सीमा पर ध्यान देना चाहता हूं।' नामग्याल ने कांग्रेस पर ऐसे क्षेत्रों को 'पिछड़ा' रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं दीं। उन्होंने कहा, 'नेहरू जी ने आगे की नीति के बारे में बात की, लेकिन एक पिछड़ी नीति को सीमाओं पर लागू किया गया।

## दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में बनाए जाएंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

### सभी सरकारी दफ्तरों में 3 माह के भीतर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहन की राजधानी बनाने की दिशा में केजरीवाल सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सभी सरकारी दफ्तरों में 3 माह के भीतर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारी और वहां पर आने वाले आम नागरिक अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके संबंध में केजरीवाल सरकार की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं। दिल्ली सरकार के सभी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों और कार्यालयों में आने वाली आम जनता के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्देश दिए गए हैं। केजरीवाल सरकार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के सभी विभाग उपयुक्त स्थानों की पहचान करें और अपने परिसर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करें। सरकारी कार्यालयों में 3 माह के भीतर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। डिस्कॉम के पैनल में शामिल वेंडर के जरिए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनवाने पर 6 हजार रुपए प्रति चार्जिंग प्वाइंट सब्सिडी मिलेगी। दिल्ली के डिस्कॉम के साथ मिलकर परिवहन विभाग ने सिंगल विंडो प्रक्रिया स्थापित की है। सिंगल विंडो प्रक्रिया का उपयोग डिस्कॉम्स के पैनल वाले विक्रेताओं से रियायती और कम टैरिफ पर ईवी चार्जर लगाने के लिए किया जा सकता है। केजरीवाल सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि सरकारी भवनों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना सुनिश्चित करें।

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन को साकार करने के लिए दिल्ली में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के नए फैसले के तहत अब सभी सरकारी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। जहां पर सरकारी कर्मचारियों के साथ आम जनता भी अपने वाहनों को चार्ज कर सकेगी। सरकारी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनने से लोग दफ्तरों में काम कराने के दौरान अपने वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके साथ ही सरकारी अधिकारी-कर्मचारी भी इलेक्ट्रिक वाहनों से दफ्तर आने के लिए प्रेरित होंगे।

- दिल्ली में तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या

दिल्ली में सितंबर से नवंबर तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों ने सीएनजी और डीजल वाहनों की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है। कुल बेचे गए वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों का 9 फीसदी हिस्सा है जबकि राष्ट्रीय औसत 1.6 फीसदी है। दिल्ली में सितंबर और नवंबर 2021 में ईवी की बिक्री 9.2 फीसदी थी। वहीं सीएनजी वाहनों की बिक्री नवंबर में 6.5 फीसदी रह गई है। इस दौरान कुल 9,540 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। इसमें से सितंबर में 2,873, अक्टूबर में 3,275 और नवंबर में 3,392 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। पेट्रोल वाहनों के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

- ईवी नीति को पूरे भारत में सबसे प्रगतिशील नीति के रूप में स्वीकार किया गया

दिल्ली सरकार ने शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और दिल्ली को भारत की ईवी राजधानी बनाने के लक्ष्य के साथ, अगस्त 2020 में दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति की घोषणा की। दिल्ली सरकार की ईवी नीति को पूरे भारत में सबसे प्रगतिशील नीति के रूप में स्वीकार किया गया है। दिल्ली सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में पूरी तरह से छूट देने वाला पहला राज्य है। इसके अलावा पात्रता मानदंड को सरल बनाया गया ताकि अधिक से अधिक लोग सब्सिडी का लाभ उठा सकें। 2024 तक सभी नए वाहन पंजीकरण में 25 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी का लक्ष्य है। केजरीवाल सरकार के प्रगतिशील फैसलों के कारण दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखा जा रही है।

- केजरीवाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए

केजरीवाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी दी गई है। इसके अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को ईवी चार्जर के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पांच फीसदी पार्किंग स्थान आरक्षित करने के निर्देश दिए गए। ईवी चार्जिंग पॉइंट्स लगवाने के लिए सिंगल-विंडो सुविधा की शुरूआत की गई। सिंगल-विंडो की सुविधा ने दिल्ली में ईवी चार्जिंग पॉइंट्स की स्थापना को बहुत सुविधाजनक बना दिया है। दिल्ली वासियों को इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट्स बनाने पर सब्सिडी दी गई है। इसके अलावा केजरीवाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वेबसाइट भी लांच की है। साथ ही केजरीवाल सरकार ने सवारी एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सेवा क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों को अनिवार्य किया है।

# शराब नीति का अगर सबसे बुरा प्रभाव किसी पर पड़ा है तो वह महिला वर्ग है: योगिता सिंह

नई दिल्ली। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आज राघव चड्ढा के आवास के बाहर शराब नीति के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। हजारों की संख्या में मौजूद महिलाओं ने राघव चड्ढा से निवेदन करने पहुँची कि जल्द से जल्द जितनी भी नई शराब की दुकानें खोली जा रही हैं, उसे तुरंत प्रभाव से रद्द करें। केजरीवाल की शराब नीति से अगर सबसे ज्यादा प्रभावित कोई वर्ग हुआ है तो वह महिलाएं हैं। इसलिए महिला खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

विरोध प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती योगिता सिंह, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, मोर्चे की महामंत्री डॉ. मोनिका पंत, जिलाअध्यक्ष श्री राजेश गोयल सहित अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद थी।

प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा ने विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राघव चड्ढा ने अपने चाचा अशोक चड्ढा को दिल्ली में सैकड़ों शराब के ठेके दिलाने का काम किया है। आज प्रदेश भाजपा की महिला मोर्चा की मातृशक्ति इसलिए आई हैं कि राघव चड्ढा को केजरीवाल की वह बात याद करनी चाहिए कि जब उन्होंने कहा था कि शराब की दुकानें तभी खोली जाएगी जब महिलाएं उसकी इजाजत देगी।



लेकिन केजरीवाल के हर वायदों की तरह यह वायदा भी झूठा साबित हुआ है। यमुना सफाई, डीटीसी बसों में वार्डन बैठाने से लेकर हर वायदा झूठा साबित हुआ है। मुख्यमंत्री बनने से पहले उन्होंने कहा था कि कोई भी ठेके खोले जाते हैं तो उसके लिए आरडब्लूए और महिला संगठन से पूछा जाता है लेकिन 850 ठेके खोलने के बाद भी एक बार भी किसी से राय तक नहीं ली गई।

महिला मोर्चा के विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आज राघव चड्ढा से अपना विभाग संभाला नहीं जा रहा है क्योंकि वह गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। सात साल पहले जलबोर्ड एक बड़े फायदे का सौदा था, लेकिन आज 65,000 करोड़ के घाटे में चल रहा है, घोटाले में चल रहा है। पानी की जगह आज घर-घर में शराब बांटने का काम किया जा रहा है।

प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती योगिता सिंह ने कहा कि दिल्ली में पहले 78 ऐसे वार्ड थे जहां एक शराब की दुकानें नहीं थी और यह पूरी दिल्ली की 58 प्रतिशत क्षेत्र है, लेकिन आज दिल्ली के हर एक वार्ड में तीन-तीन शराब की दुकानें खोलकर केजरीवाल सरकार प्रदेश को शराब नगरी बनाने में लगी हुई है। यही नहीं राघव चड्ढा एवं उनके साथियों ने मिलकर अपने ही परिवार वालों के नाम से शराब के ठेके खोल दिये हैं ताकि उसकी गाढ़ी कमाई की जा सके। इसके अलावा दो फीसदी कमीशन को 12 फीसदी कर दिया गया ताकि कमीशन के पैसे से दूसरे राज्यों में चुनावी दौरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, विद्यालयों एवं कॉलेजों के बगल में शराब के ठेके खोले जा रहे हैं। यहां तक की रिहायशी इलाकों को भी नहीं छोड़ा गया है। पानी के समान वितरण की बात करने वाले केजरीवाल अब दिल्ली में शराब का समान वितरण करने में लगे हुए हैं।

श्रीमती योगिता सिंह ने कहा कि शराब नीति के तहत महिलाओं के लिए अलग पिंक ठेके खोलने एवं महिलाओं के लिए शराब पर 30 फीसदी की छूट देने की बात करने वाले केजरीवाल क्या साबित करना चाहते हैं कि दिल्ली की महिलाएं ज्यादा शराब पीती हैं। युवाओं को रोजगार देने की जगह उन्हें शराब पीना सिखाया जा रहा है। शराब नीति का अगर सबसे बुरा प्रभाव किसी पर पड़ता है तो वह महिला वर्ग है इसलिए आने वाले समय में दिल्ली की महिलाएं केजरीवाल को शराब नीति के तहत फैलाए जा रहे भ्रष्टाचार के लिए सबक सिखाएगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी ने कहा कि आज इस प्रदर्शन के माध्यम से दिल्ली की जनता को भी यह बात पता होनी चाहिए कि आखिर उनके द्वारा चुना गया प्रतिनिधि क्या कर रहा है। राघव चड्ढा ने शराब नीति के तहत सांठगांठ कर के भ्रष्टाचार करने का काम किया है। राघव चड्ढा द्वारा अपने चाचा, भाई और सगे सम्बंधियों के नाम पर शराब के ठेके खोले जा रहे हैं। अपनी स्वराज पुस्तक में शराब के ठेके खोले जाने पर भ्रष्टाचार होने की बात कहने वाले केजरीवाल बताए कि उन्होंने 850 शराब के ठेके खोलने में कितने रुपए का भ्रष्टाचार किया है।

## पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन' योजना में इको विषयवस्तु के तहत 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है: जी.किशन रेड्डी

नई दिल्ली, एजेंसी। पर्यटन मंत्रालय ने देश में इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए 15 विषयगत परिपथों (सर्किट) में से एक के रूप में इको सर्किट की पहचान की है। मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन में इको विषयवस्तु के तहत 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पर्यटन मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और भारतीय जिम्मेदार पर्यटन सोसायटी (आरटीएसओआई) के साथ 27 सितंबर, 2021 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य एक-दूसरे के पर्यटन क्षेत्र में ह्यस्थायी पहलोंह्ल को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने व समर्थन करने के उपाय करना और यथासंभव सहयोगात्मक तरीके से काम करना है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बताया है कि उसने वन व



वन्यजीव क्षेत्रों में सतत इको पर्यटन के लिए दिशानिर्देश-2021 जारी किए हैं। इन दिशानिदेर्शों में इको पर्यटन योजना तैयार करने का प्रावधान है। इसमें इको पर्यटन स्थल का वहन क्षमता विश्लेषण आधारित विवरण शामिल है। इसके अलावा इसमें संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के इको पर्यटन स्थलों की नियमित निगरानी का भी प्रावधान शामिल है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जी.किशन रेड्डी ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोई भी इंसान जाति नहीं, अपने गुणों से होता है महान: गडकरी



नई दिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक राज्य में हिजाब विवाद पर छिड़े घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए और समाज में धार्मिक सद्भावना बनानी चाहिए। खास बात है कि कर्नाटक हाईकोर्ट आज हिजाब के मुद्दे को लेकर सुनवाई कर सकता है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दायर याचिका पर हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार करने की बात कही है। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए अगली तारीख देने से इनकार कर दिया है। गडकरी ने कहा कि हमें सभी धर्मों, सभी भाषाओं, अलग-अलग वर्गों, विभिन्नताओं, पंथ और लिंग के सभी लोगों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उनके बीच समानता स्थापित करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं हमेशा लोगों से कहता हूं कि कोई भी व्यक्ति अपना जाति या लिंग के कारण बड़ा नहीं होता है। वह अपने गुणों के कारण महान है, हमें समाज में अच्छे गुणों का समर्थन करना चाहिए, हम एक ही परिवार के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मस्जिद जाते हैं, कुछ मंदिर जाते हैं, कुछ गुरुद्वारा जाते हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गीत ह्यसंस्कृति सब की एक चिरंतन, पुरखे जिसके हिंदू हैं, विराट सागर समाज अपना, हम सब इसके बिंदू हैंह्ल को याद किया। उन्होंने कहा कि हमें समाज, लोगों के बीच धार्मिक सद्भावना बनानी चाहिए, हम भारतीय हैं, हम इस राष्ट्र के लिए लड़ेंगे और इसे राष्ट्रीय आर्थिक शक्ति बनाएंगे। उन्होंने बताया कि यह बीजेपी की सोच है। गडकरी ने कहा कि ये छोटी घटनाएं समाज के लिए अच्छी नहीं हैं, हमें यह व्यापक हित में सोचना होगा कि हम कैसे इस समाज को चलाने वाले हैं और इसे देश बनाने वाले हैं।

### कोविड से जान गंवाने वाले 123 पत्रकारों के परिजनों को दी गई 6.15 करोड़ सहायता : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले 123 पत्रकारों के परिवारों को 6.15 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले पत्रकारों के परिवारों को वित्तीय सहायता देने के लिए विशेष अभियान चलाया था। उन्होंने कहा इस संबंध में कुल 123 प्रस्ताव मिले थे और उन सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया गया है। ऐसे पत्रकारों के परिवारों को वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान 6.15 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है।

# बेरोजगारी को लेकर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है:भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा में भाजपा ने गुरुवार को दावा किया कि सभी घरों में बिजली और नल से पानी पहुंचाने सहित उन तमाम दावों को मोदी सरकार ने पूरा किया है जो संप्रग सरकार पूरा नहीं कर पायी। कहा गया कि बेरोजगारी को लेकर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है, जबकि संगठित एवं असंगठित, दोनों क्षेत्रों में रोजगार सृजित हो रहे हैं। उच्च सदन में आम बजट 2022-23 पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि पूर्व की संप्रग सरकार ने सभी घरों में बिजली आपूर्ति, नल से पेयजल, आतंकवाद को समाप्त करने जैसे जो तमाम वादे किये थे, उनमें से वह कोई भी पूरा नहीं कर पायी तथा वर्तमान सरकार ने इसे पूरा किया।

उन्होंने कहा कि इसीलिए उसे अंडर परफार्मिंग एलायंस (कम कामकाज करने वाला गठबंधन) यानी यूपीए कहा जाता था। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्यों ने बेरोजगारी के बारे में गुमराह करने वाले आंकड़े दिये हैं। उन्होंने कहा कि सबसे विश्वसनीय आंकड़े ईपीएफओ के होते हैं। सरकार हर महीने 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित कर रही है और वह भी संगठित क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि एक सामान्य नियम होता है कि जब संगठित क्षेत्र में एक रोजगार अवसर सृजित होता है तो असंगठित क्षेत्र में पांच अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि अमृत काल का मतलब है कि देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए नौकरियां और सभी सुविधाएं हों। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी नौकरियां जमीनी स्तर पर जरूरतों को ध्यान में रखकर बनायी गयी हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसीलिए पसंदीदा नेता हैं क्योंकि वे जमीन पर जाकर लोगों से रुबरू होते हैं और उनकी जरूरतों को समझते हैं। भाजपा सदस्य ने बजट में सब्सिडी घटाने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार दयावान सरकार है। उन्होंने, कहा ह्यह्यहम जब भी देखते हैं कि यदि समाज के किसी वर्ग को जरूरत है तो हमारा बजट और हमारा खजाना उस वर्ग की सहायता के लिए खुल जाता है। हमने आत्मनिर्भर पैकेज के जरिये समाज के हाशिये पर चले गये लोगों को आगे बढ़ाया।ह्लह्ल उन्होने कहा कि आगे भी यदि किसी को जरूरत हुई तो सरकार अपना खजाना खोल देगी ताकि किसी को असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि बजट में जितना भी आवंटन किया गया है, उसमें से प्रत्येक एक रुपए में से आठ पैसा पिछले बजट में भी सब्सिडी को दिया गया था और इस साल भी आठ पैसा सब्सिडी को दिया गया है।

## दिल्ली जल बोर्ड के जूनियर इंजीनियर सुशील व कांट्रेक्टर मंगला जल्द पूरा करें काम : अमित अग्रवाल

» संवाददाता



नई दिल्ली। ईस्ट पंजाबी बाग के छन्ना मल पार्क जल बोर्ड का काम सुचारू रूप से न चलने की वजह से पब्लिक की परेशानियों को देखते हुए न्यू फ्रेंड्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अमित अग्रवाल एवं महासचिव कमल किशोर ने दिल्ली जल बोर्ड के जूनियर इंजीनियर सुशील और जल बोर्ड की लाइन का काम कर कांट्रेक्टर मंगला के साथ कॉलोनी का दौरा किया और कांट्रेक्टर व जूनियर इंजीनियर सुशील नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे कहा कि इस काम को जल्द से जल्द और सही तरीके से पूरा करें जिससे कॉलोनी के लोग परेशान ना हो। अमित अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में नागरिकों को प्रशासन की मदद से सुविधा देना हमारा दायित्व है। और प्रशासन को हमारा सहयोग करना ही होगा अन्यथा हमारे पर अन्य विकल्प और नागरिक अधिकार हैं जिसके माध्यम से हम जनता को सुविधा पहुंचाते रहेंगे। इस विकास पथ पर क्षेत्र आगे बढ़ाने वाले दौरे में स्थानीय निवासी अजय गुप्ता, डॉ. डी.के गुप्ता विकास गुप्ता,बलराज सिंगल , विशाल गुप्ता,मयंक चौधरी व स्थानीय लोग उपस्थित थे

## देशभर में 171.28 करोड़ से कोविड टीके लगे, 24 घंटों में 67,084 नए केस सामने आए



नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले 24 घंटों में 46.44 लाख से अधिक (46,44,382) वैक्सीन की खुराक देने के साथ ही भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 171.28 करोड़ (1,71,28,19,947) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 1,90,41,308 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। पिछले 24 घंटों में 1,67,882 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरूआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,11,80,751 हो गई है। भारत में स्वस्थ होने की दर 96.95 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 67,084 नए मरीज सामने आए हैं। वर्तमान में 7,90,789 सक्रिय रोगी हैं। वर्तमान में ये सक्रिय मामले देश के कुल पुष्टि वाले मरीजों का 1.86 प्रतिशत हैं। देश भर में जांच क्षमता का विस्तार लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 15,11,321 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 74.61 करोड़ (74,61,96,071) जांच की गई हैं। देश भर में जांच क्षमता को बढ़ाया गया है, साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 6.58 प्रतिशत है, दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 4.44 प्रतिशत है।

# किसान और केजरीवाल दोनों ही विपरीत शब्द: प्रवेश साहिब सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के हजारों किसानों के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर अपने अधिकारों के लिए कल से अनिश्चितकालिन धरने पर बैठे है। पिछले 36 घण्टों से बैठे किसान अपनी पहचान जानने के लिए केजरीवाल से लगातार सवाल कर रहे हैं, लेकिन अपनी चुनावी पर्यटन एवं भ्रष्टाचार करने में लिप्त केजरीवाल के कानों में जु तक नहीं रेंग रही। आज भाजपा सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे भाजपा किसान मोर्चा सहित दिल्ली के हजारों किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान और केजरीवाल दोनों ही विपरीत शब्द हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी किसानों के लिए कोई भी विकास कार्य नहीं किया। शीला दीक्षित हो या फिर अरविंद केजरीवाल, इन्हें यह भी नहीं पता है कि दिल्ली के अंदर कौन-कौन से गांव हैं। दोनों किसान एवं गांव का दर्द जानते तक नहीं है। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख




नवीन कुमार जिंदल, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत, मोर्चा महामंत्री अनूप चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि जो किसान यहां के मूल निवासी हैं और जिनकी जमीन पर दिल्ली बसी है, लेकिन जब भी कोई विकास की बात हो तो इनका नम्बर सबसे आखिरी में आता है क्योंकि कांग्रेस की सरकार हो या आम आदमी पार्टी की सरकार दोनों के अनुसार दिल्ली में अब कोई किसान बचा ही नहीं है। यही कारण है कि आज दिल्ली के किसानों की कोई फसल किसी भी प्राकृतिक आपदा के कारण खराब हो जाये तो उसके भुकतान के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के कोई भी मंत्री या विधायक अगर गांव के किसानों के लिए कुछ किया हो तो वह बता दें।

प्रवेश साहिब सिंह ने 12 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालिन धरने पर बैठे किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में जो-जो काम केजरीवाल ने किसानों के लिए नहीं किया है, वह सभी दूसरे राज्यों में चुनावी वायदें कर किसानों का हमदर्द बनने की नाकाम कोशिश कर रहे है। उन्होंने प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत को बधाई देते हुए कहा कि यह अनिश्चितकालिन विरोध प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि केजरीवाल कितना ढोंगी हैं। आज प्रदेश के गांव देहात में विद्यालय-कॉलेज बने, स्टेडियम बने, आईपी यूनिवर्सिटी बनी, सड़कें बनी, गांव का लाल डोरा बढ़ा यह सब पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के कार्यकाल में हुए उसके बाद कोई काम दिल्ली में नहीं हुआ।

# राकेश टिकैत का दावा, यूपी में बीजेपी की 140 सीटें आएंगी

### हिंदू बनाम मुस्लिम को मुद्दा बनाकर सीटें बढ़ाना चाहते हैं संघ-बीजेपी

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी विधानसभा में पहले चरण की 58 सीटों पर जारी मतदान के बीच भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने बीजेपी-आरएसएस पर हिंदू बनाम मुस्लिम को मुद्दा बनाकर सीटें बढ़ाने का आरोप लगाया है। राकेश टिकैत ने दावा किया कि बीजेपी-आरएसएस की एक आंतरिक रिपोर्ट यह है जो बताती है कि यूपी में कुल 140 सीटें आ रही हैं। अब ये चुनाव को हिंदू बनाम मुस्लिम बनाकर अपनी कुछ सीटें बढ़ाने में लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी को उप्र चुनाव में 140 से 165 के बीच में सीटों पर ही जीत मिलेगी, यह इनकी अपनी रिपोर्ट है। टिकैत ने कहा कि अब बीजेपी यही कोशिश है कि सत्ता हाथ से नहीं जानी चाहिए। यूपी के लोग इनसे नाराज हैं। इस बार बीजेपी को वोट नहीं दे रहे हैं, लेकिन ये गड़बड़ी करने में लगे हुए हैं।



किसान नेता राकेश टिकैत ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर चुनाव को हिंदू मुस्लिम करने के लिए संघ ने दबाव बनाया हुआ है। इसलिए गड़बड़ी की कोशिश में लगे हुए हैं कि बस सत्ता नहीं जानी चाहिए। दरअसल पश्चिमी यूपी में 17 फीसदी जाटों और गुर्जरों की आबादी 4 फीसदी की है। एक साल तक किसान आंदोलन के बाद से जाट वोटर बीजेपी से नाराज बताए जाते रहे हैं। हालांकि बीजेपी ने जाटों और किसानों को अपने पक्ष में करने के लिए कई कोशिशें भी की हैं। उत्तर प्रदेश में सुबह 11 बजे तक मतदान 7.93 फीसदी हुआ। वहीं बुलंदशहर की सात विधानसभा सीटों पर सुबह 11 बजे तक 21.62 फीसदी मतदान हुआ। हापुड़ में 22.8 फीसदी, बागपत में 22 फीसदी, अलीगढ़ में 17 फीसदी मतदान रहा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिए 7 चरणों में चुनाव होंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज पहले चरण के मतदान के बाद 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को कराया जाएगा, जबकि मतगणना 10 मार्च को होगी।

## नवनियुक्त डीसी ने कहा कि गुरूग्राम उनके लिए नया नहीं, यहां पहले एमएनसी में कर चुके हैं काम

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरूग्राम। गुरूग्राम के नवनियुक्त उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोगों को बेहतर जन सुविधाएं व सेवाएं देने और लोगों की समस्याओं का निवारण जल्द करने के लिए व्यवस्था बनाई जाएगी। प्रशासन तक आम जनता की पहुंच आसान हो, इस दिशा में काम किया जाएगा। इसके साथ ही गुरूग्राम जिला में सभी सरकारी कार्यालयों में पब्लिक डिलिंग को सरल व सुगम बनाने पर फोकस रहेगा। वे आज गुरूग्राम में उपायुक्त का पदभार संभालने उपरांत लघु सचिवालय स्थित सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ रूबरू हो रहे थे। श्री निशांत कुमार यादव 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और शैक्षिक योग्यता में उन्होंने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की है। इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने 2010-11 में गुरूग्राम में मल्टी नेशनल कंपनी में सेवाएं दी हैं। आईएएस में चयनित होने के बाद वे सोनीपत में एसडीएम, करनाल में एडीसी व म्युनिसीपल कमीशनर पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे हरियाणा लोकसेवा आयोग के सचिव भी रह चुके हैं। 31 वर्षीय निशांत कुमार यादव गुरूग्राम में आने से पहले करनाल के उपायुक्त के पद पर तैनात थे। गुरूग्राम में वीरवार को उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए श्री निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरूग्राम हरियाणा का ही नहीं देशभर का महत्वपूर्ण शहर है, यहां पर नियुक्ति होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम उनके लिए नया नहीं है, वे पहले भी गुरूग्राम में एमएनसी में काम कर चुके हैं और उस दौरान साधारण व्यक्ति के तौर पर जो उनका अनुभव रहा, जो समस्याएं देखी, अब हालांकि उनमें से कुछ समस्याएं हल हो चुकी हैं और जो रहती हैं उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम में टैफ्फिक जाम की समस्या को दूर किया जाएगा और क्नेक्टिविटी में सुधार करना उनकी प्राथमिकता रहेगी ताकि आम आदमी को एक जगह से दूसरी जगह जाने में कठिनाई ना हो। इसके अलावा, लोगों की समस्याएं समझकर उनकी ग्रीवेंस रिड्रैसल करना और पब्लिक सर्विस डिलिवरी में सुधार करने पर बल दिया जाएगा। सरकारी कार्यालयों में आम लोगों के कामों को सरल व सुगम बनाया जाएगा। गुरूग्राम शहर के अलग-अलग हिस्सों में खेल सुविधाएं सृजित की जाएंगी।

जलभराव के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में नवनियुक्त उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में गुरूग्राम में मुख्य मार्गों पर पानी भरने से समस्या खड़ी हो जाती है। यहां पर नगर निगम, जीएमडीए, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में आदि विभिन्न ऐजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल रहे, इस दिशा में काम किया जाएगा। पिछले वर्षों में जिन स्थानो पर जलभराव रहा है, उन जगहों पर यह समस्या इस बार ना हो, इसके लिए अभी से समय रहते काम किया जाएगा।

कोरोना काल में बिना एनओसी के रजिस्ट्री होने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में निशांत कुमार यादव ने कहा कि शहर का विकास योजनाबद्ध तरीके से हो और कहीं भी अनाधिकृत कॉलोनियां विकसित ना हों, इसीलिए सैक्शन-7 लागू किया गया है। यह नियम लागू होने के बाद नगर एवं ग्राम योजनाकार विभाग से एनओसी लेकर ही जमीन अथवा प्लॉट की रजिस्ट्री होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस नियम को लेकर गुरूग्राम और करनाल, दो मण्डलों की रिपोर्ट सरकार को मिल चुकी है। उसमें नियम की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तहसीलों में रजिस्ट्री नियमानुसार एनओसी लेकर ही की जाएं।

धारा 134ए के तहत गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलवाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि यह समस्या आज उनके संज्ञान में आई है। उन्हें कुछ परिवार ज्ञापन देकर गए हैं कि गुरूग्राम के कुछ स्कूल उनके बच्चों को दाखिला नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि तत्कालीन उपायुक्त डा. यश गर्ग ने इसके लिए एक कमेटी बनाई थी। उस कमेटी की रिपोर्ट देखने के बाद यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी स्कूल नियम का उल्लंघन ना करें।

गुरूग्राम में वायु प्रदूषण को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उपायुक्त ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए एनजीटी तथा अन्य सैंट्रल ऐजेंसियों व राज्य सरकार के दिशा निदेर्शों का पूर्णतः पालन करवाया जाएगा और प्रदूषण नियंत्रित करने के उपाय किए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

## पुरदिलनगर में दुकानदारों ने प्रत्याशी अवधेश सिंह का स्वागत



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ विधानसभा क्षेत्र के पुरदिलनगर में लोगों ने समाजसेवी एंव बसपा प्रत्याशी ठाकुर अवधेश सिंह का फूल माला पहनाकर जोशीला स्वागत किया गया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व चेयरमैन हर्षकांत कुशवाहा व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। बसपा प्रत्याशी अवधेश कुमार सिंह ने लोगों से वोट देने की अपील की और जनसंपर्क किया। ग्रामीणों के द्वारा घर-घर से बसपा प्रत्याशी का स्वागत किया गया वहीं दुकानदारों ने भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया।उन्होने जनसम्पर्क करते हुये कहा कि मुझे जनता का आशीर्वाद मिला तो मैं केवल ओर केवल विकास करूंगा। तमाम लोग विकास के नाम पर वादे करते है मगर मैं वायदे नहीं करने आया हूं। जनसम्पर्क के दौरान कुशल पाल सिंह, मुन्ना कुरैशी, भूदेव नेताजी, अमर सिंह पूर्व सभासद, नरेश गौतम, अनिल गौतम, दिनेश गौतम, अतर सिंह, पवन, राजू राणा, सतीश कुमार, रामवीर सिंह अदि मौजूद थे।

## जिला में कोरोना के 20 नए मरीज आए

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में गुरूवार को कोरोना के मरीजों की फिर से संख्या बढी है और 20 नए मामलें आने से कुल संख्या 5976 हो गई है , जिला में सक्रिय मरीजों की संख्या 39 है लेकिन 13 मरीजों ने कोरोना से जंग जीती हैं। आज नल्हड मेडिकल कॉलेज में 2, नूंह में 1, फिरोजपुर झिरका में 2, तावडू में 2, फिरोजपुर मेव में 1, सालाहेडी में 1, मुलथान में 1, झामुवास में 1, जौरासी में 3, सूंध में 1, नीमका में 1, सालाका में 1, सिंगार में 1, बीबीपुर में 1 व राजाका में 1 संक्रित मिले हैं। इस बारे में मांडीखेडा अस्पताल के डा0 विक्रम सिंह ने जानकारी दी कि आज 20 नए मामलें आए हैं और 13 मरीज ठीक हुए हैं।

## 109 विधानसभा क्षेत्र में तैनात प्रेक्षक ई. श्रवण वेलराज ने पुलिस प्रेक्षक अरविन्द ठाकुर के साथ किया भ्रमण

मैनपुरी। भारत निवार्चन आयोग द्वारा 109-विधान सभा निवार्चन क्षेत्र किशनी में तैनात प्रेक्षक ई. श्रवण वेलराज ने पुलिस प्रेक्षक अरविन्द ठाकुर के साथ विधान सभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्र, स्थल का निरीक्षण कर जिला प्रशासन द्वारा मतदान हेतु करायी गयी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने कम्पोजिट विद्यालय रम्पुरा के मतदेय स्थल संख्या-358, 359, प्राथमिक विद्यालय गदनपुर के मतदेय स्थल संख्या-335, 335, प्राथमिक विद्यालय मईखेड़ा के मतदेय स्थल संख्या-341, मुलायम सिंह यादव इंटर कॉलेज सौज के मतदेय स्थल संख्या-338, 339 का भ्रमण कर रैम्प, बिजली, पानी एवं शौचालय आदि की उपलब्धता की जानकारी की, उक्त सभी मतदेय स्थलों पर समस्त मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध पायीं गयी। विधान सभा किशनी के प्रेक्षक ट्रांजिस्ट हॉस्टल में प्रवास कर रहे हैं, यदि विधान सभा क्षेत्र किशनी के किसी भी व्यक्ति, मतदाता को निवार्चन संबंधी कोई शिकायत हो तो उनके मो.नं. 9456839852 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं या किसी भी दिन अपरान्ह 03 बजे से 04 बजे के मध्य सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते है।

## राजनीति के मैदान में युवाओं की रफ्तार तेज

मदरलैंड संवाददाता, एटा। विधान सभा चुनाव में इस बार राजनीति से शरुख न रखने वाले युवाओं में भी चुनाव को लेकर आकर्षण देखने को मिल रहा है। जीत-हार तो लगी रहती है, लेकिन इस चुनाव में तेज रफ्तार भर रहे हैं। चारों विधानसभाओं में इस बार कुल 54 प्रत्याशी हैं। जिनमें 32 प्रत्याशी युवा है। इनमें से 10 प्रत्याशी तो 30 साल से भी कम उम्र के हैं। सबसे कम उम्र के प्रत्याशी बसपा के आकाश सिंह (27) हैं। जो सुरक्षित सीट जलेसर से चुनाव लड़ रहे है। दिग्गजों से वह दो-दो हाथ करने के लिए चुनावी रण में उतरें हैं। विधान सभा चुनाव में इस बार पुराने राजनीतिज्ञों से ज्यादा युवा प्रत्याशियों की संख्या अधिक है। 45 वर्ष तक के सबसे ज्यादा 11 युवा जलेसर विधानसभा सीट पर ताल ठोंक रहे हैं। इनमें से चार प्रत्याशी 30 वर्ष से भी कम के हैं। युवाओं के मामले में एटा सदर में 6, अलीगंज में 7 और मारहरा में 8 प्रत्याशी चुनावी रण में हैं। चारों सीटों पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के सात प्रत्याशी हैं। इस बार आप ने सर्वाधिक तीन, बसपा और कांग्रेस ने दो-दो तथा भाजपा ने एक युवा को प्रत्याशी बनाया है। जबकि सपा का कोई भी उम्मीदवार युवा श्रेणी में नहीं है। सदर विधानसभा सीट पर केवल कांग्रेस ने गुंजन मिश्रा (40) को टिकट दिया है। भाजपा, सपा, बसपा और आप के उम्मीदवार 50 वर्ष से अधिक के हैं। अलीगंज विस सीट पर बसपा ने सऊद अली उर्फ जुनैद मियां (30) और आप ने राहुल पाठक (40) को उम्मीदवार बनाया है। अन्य दलों के प्रत्याशी 56 वर्ष से ऊपर के हैं। मारहरा विधानसभा सीट की बात करें तो आप ने अर्जुन यादव (29) और कांग्रेस ने तारा राजपूत (40) को टिकट दिया है। वहीं जलेसर सीट पर केवल कांग्रेस को छोड़ अन्य सभी दलों के प्रत्याशी युवा हैं।

## भाजपा नेता वकील कांड में नया मोड, 22 पुलिसकर्मियों सहित 49 लोगों पर मुकदमा दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, एटा। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में वर्ष दिसम्बर 2020 में करोड़ों की भूमि पर कब्जे को लेकर जमीनी विवाद को लेकर हुए दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर फायरिंग हुई थी। फायरिंग के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी अधिवक्ता सहित उसके परिवार के 7 सदस्यों को जेल भेज दिया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता काफी लम्बे समय से उक्त मकान में निवास कर रहे थे। सरकारी अधिवक्ता के निवास पर एक योजना के तहत भाजपा नेता के कब्जा करने एवं पुलिस द्वारा अधिवक्ता को मय परिवार के जेल भेज देने के बाद अधिवक्ता ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए न्यायालय की शरण ली और दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए स्पेशल जज डकैती कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जो काफी समय से कोर्ट में लम्बित था।

## संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर माइक्रो आब्जवर्र की तैनाती हो सुनिश्चित - जिला निर्वाचन अधिकारी

» **अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। जिला निवार्चन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने आज सूचना विज्ञान केन्द्र में प्रेक्षकगणों की मौजूदगी में माइक्रो ऑब्जवर्र का निवार्चन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर के माध्यम से द्वितीय रेण्डमाइजेशन कर उन्हें विधान सभावार आवंटित किया। उन्होने बताया कि निवार्चन आयोग ने विधान सभा सामान्य निवार्चन-2022 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रो पर माइक्रो आब्जवर्र तैनात किये जाने के आदेश दिये है, माइक्रो आब्जवर्र के रूप से केन्द्रीय कमिर्यो, बीमा कम्पनियो एवं बैंक शाखाओ के अधिकारियो, कमर्चारियो को तैनात किया गया है। जनपद के सभी केन्द्रीय कामिर्यों, बैंकस एवं बीमा कामिर्कों की डिटेल एनआईसी द्वारा तैयार कर ली गयी थी, जिसका द्वितीय रेण्डमाइजेशन कर उन्हें विधान सभावार कोड आंवटित किये गये।

श्री सिंह ने बताया कि जनपद की 04 विधान सभाओं हेतु 254 माइक्रो ऑब्जवर्र को सॉफ्टवेयर के आधार पर विधान सभावार कोड आवंटित किये गये हैं, जिनमे से 231 माइक्रो ऑब्जवर्र मतदान के दिन चिन्हित बूथों पर उपस्थित रहकर निधारिर्त 18 बिन्दुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, 10 प्रतिशत माइक्रो ऑब्जवर्र को रिजर्व रखा गया है। उन्होने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद 107- विधानसभा मैनपुरी में 26, 108- विधानसभा भोगांव में 84, 109- विधानसभा किशनी (अ.जा.) में 72 तथा 110- विधानसभा करहल में 49 माइक्रो ऑब्जवर्र को ड्यूटी हेतु रेण्डमाईजेशन के माध्यम से तैनात किया गया है।

इस दौरान भारत निवार्चन आयोग द्वारा तैनात विधान सभा मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल के प्रेक्षक अविनाश चम्पावत, उमिर्ला सुरेन्द्र शुक्ला, ई. श्रवण वेलराज, चन्द्रकुमार जमातिया, पुलिस ऑब्जवर्र अरविन्द ठाकुर, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, उप जिला निवार्चन अधिकारी राम जी मिश्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मयंक शमार्, जिला कृषि अधिकारी सूयर्प्रताप सिंह, उपायुक्त उद्योग मो. सऊद, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पवन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## साइकिल से राशन लेने जा रहे दो बच्चों को तेज रफ्तार हाइड्रा ने रौंदा, मौत से परिवार में मातम

» **मदरलैंड संवाददाता**



एटा। अलीगंज मार्ग पर गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार हाइड्रा ने साइकिल से जा रहे दो 15 वर्षीय बच्चों को रौंद डाला, जिससे एक बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और वहीं दूसरे बच्चे ने उपचार के लिए आगरा जाते समय दम तोड़ दिया। दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के एटा अलीगंज मार्ग पर गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार हाइड्रा ने साइकिल से जा रहे दो 15 वर्षीय बच्चों को रौंद डाला, जिससे एक बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दूसरे बच्चे ने उपचार के लिए आगरा जाते समय दम तोड़ दिया। दोनों बच्चे साइकिल से राशन लेने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार आज प्रातः 9 बजे लगभग 15 वर्षीय सुमित पुत्र पवन सिंह और 15 वर्षीय गौतम पुत्र स्वर्गीय सुखबीर सिंह निवासीगण शिव ओमपुरी अपने घर से अलीगंज रोड स्थित राशन की दुकान पर राशन लेने के लिए साइकिल से जा रहे थे, जैसे ही वह अलीगंज मोड़ के समीप पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से पीछे मोड़ रहे हाइड्रा चालक ने उन्हें साइकिल के साथ रौंद डाला जिससे एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। वहीं, दूसरे बच्चे को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां से उसे उपचार के लिए आगरा रैफर किया। रास्ते में जाते समय दूसरे बच्चे की मौत हो गई, पुलिस ने दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम कराया।

**अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज**

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर देवेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई आशीष ने हाइड्रा के अज्ञात चालक व हाइड्रा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

## सिकंदराराऊ में छात्राओं ने की लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित

### सदैव अपने गीतों के मधुर स्वरों में अमर हो गयी भारत की सुप्रसिद्ध गायका

» **फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता**



सिकंदराराऊ शहर में दि ग्लोबल इण्डिया शिक्षा समिति द्वारा संचालित कम्प्यूटर इंस्टीटयूट पर छात्राओं ने भारत रत्न से सम्मानित स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी विद्यार्थियों ने उनके गीतों को गाकर उनको याद किया। इंस्टीटयूट संचालक अवनीश यादव ने बताया की भारत की सुप्रसिद्ध स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी का ये निधन नहीं हुआ वल्कि उन्होंने अमरत्व को प्राप्त किया है। वो सदैव अपने गाये हुए तमाम गीतों में अमर हो गयी हैं, उन्होंने कहा की जब जब अपने देश में गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस मनाया जाएगा तब तब उनके गीतों के साथ पूरे भारत में उन्हें अवश्य याद किया जाएगा। लता जी के सभी गीतों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है उनका कोई भी गीत भारतीय संस्कृति से अलग नही है। इतनी मधुर स्वर वाली देवी कभी कभार ही जन्म लेती हैं लता जी के जाने की पूरी दुनिया कमी महसूस कर रही है। ऐसी स्वर कोकिला को उनके गीतों के साथ युगों युगों तक याद किया जाएगा।

कार्यक्रम में जीविका, स्वेच्छा, मानवी, काजल, शिवानी, खुशी, दीक्षा, राधा, शिवांगी जैन, मीनू, टीनू, प्रियांशी, कविता, पूजा, आरती, कोमल, पूनम, वंदना गोस्वामी, नीरू, सुमन आदि छात्राओं सहित इंस्टिट्यूट प्रबन्धक अर्चना यादव, मीना पुण्ढ़ीर उपस्थित रहीं।

## अजय कुमार ने संभाला जिला नूंह उपायुक्त का कार्य भार



» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिले के नए उपायुक्त अजय कुमार ने वीरवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है। लघु सचिवालय में पहुंचने पर कार्यालय के स्टाफ ने उनका स्वागत किया। अजय कुमार हिमाचल प्रदेश के मूल निवासी हैं। वर्ष 2013 बैच के आईएएस अजय कुमार इससे पहले महेंद्रगढ़(नारनौल) में उपायुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। इससे पहले उन्होंने राज्य में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जो भी विकास कार्य अब तक जिले में हुए हैं उन्हें आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों में जिला नूह को अव्वल लाने के लिए आकांक्षी जिलों के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर कार्य कर जिला को विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाना प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर सुभिता ढाका, एसडीएम सलोनी शर्मा नगराधीश अखिलेश कुमार , एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम फिरोजपुर झिरका रणवीर सिंह एसडीएम तावडू सुरेंद्र पाल , सीईओ गजेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## परिजनों ने पति पत्नी के साथ की मारपीट

मैनपुरी/किशनी। गांव भवानीगढ कैथोली निवासी पूनम पत्नी राजीब यादव ने पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया है कि गुरूवार को वह अपने घर पर काम कर रही थी। उसी समय उनके परिवार के प्रहलाद सिंह, उदलसिंह, संजू तथा प्रदीप पुत्रगण भगवानसिंह यादव, सुमित यादव पुत्र अमीरसिंह वहीं पर आगये और उनको गालियां देने लगे। जब उन्होंने रोका तो सभी ने लात घूंसों से उनके साथ मारपीट की।चीखपुकार सुनकर उनके पति राजीब उन्हें बचाने आये तो सभी ने मिलकर उनके साथ भी मारपीट की। दूसरी घटना में गांव बडापार चितायन निवासी निशा पत्नी संजू जाटव पे तहरीर दी कि गुरूवार की दोपहर उनके परिवार के अशोक पुत्र गंगाराम, मुकेस पुत्र अशोक, मीरा पत्नी मुकेस जाटव उनके घर पर आये और गालियां देते हुये मारपीट की।

## एटा कासगंज में चुनौवी वयार को पक्ष में करने को आज होगी मोदी योगी की संयुक्त रैली

### तृतीय चरण का मतदान होगा 20 फरवरी को

» **अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता**

एटा। जनपद एटा व कासगंज के मतदाताओं से सीधा संवाद करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 11: 30 बजे कासगंज जनपद की तहसील पटियाली के फायर बिग्रेड मैदान दरियावगंज में एक कार्यकर्ता तथा चुनावी रैली को संबोधित करेंगे यह जानकारी एटा सह प्रभारी उत्तर प्रदेश संजीव चौरसिया ने दी है।

उन्होंने फरुर्खाबाद धर्म शाला में बताया कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री की रैली को देखते हुए एटा कासगंज जनपद की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं बसों एवं चार पहिया वाहनों को चिन्हित कर कर रैली में शामिल होने के लिए लोगों को लाने व ले जाने की जिम्मेदारियां सौंपी गई है रैली में एटा, अलीगंज, मारहरा, विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता एवं जनता प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेगी।

**कोविड-19 का ध्यान रखते हुए प्रधानमंत्री की रैली में जलेसर विधानसभा की जनता नहीं हो सकेगी शामिल**

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी विक्रांत भदौरिया ने बताया कि कोविड-19 के प्रोटोकॉल को देखते हुए एटा जनपद की चौथी विधानसभा जलेसर की क्षेत्रीय जनता एवं पदाधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। उन्हें वर्चुअल रैली देखने को व्यवस्था की गयी है। रैली में कोविड-19 के प्रोटोकॉल को देखते हुए प्रत्येक विधानसभा में बसों और चार पहिया गाड़ियों में मास्क एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है साथ ही लोगों को रैली में भी सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क लगाने के लिए निर्देशित तथा अनिवार्य रूप से पालन करने का आग्रह किया गया है।

## सड़क न बनने से नाराज होकर रम्पुरा के ग्रामीणों ने नोटा में वोट डालने का किया एलान

### सपा भाजपा के नेताओं के मनाने पर नहीं माने रम्पुरा के ग्रामीण

» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी/किशनी। मुख्य मार्ग न होने से परेशानी झेल रहे रम्पुरा के ग्रामीणों को मनाने की कोशिशें नाकाम रहीं।सपा नेताओं व भाजपा प्रत्याशी के समझाने के बावजूद उन्होंने नोटा में वोट देने का एलान किया। समान ग्राम सभा के गांव रम्पुरा के ग्रामीण गांव का मुख्य मार्ग न होने के कारण भीषण परेशानी का सामना कर रहे हैं।बरसात के दिनों में गांव तक पहुंचने में भारी फिसलन व जलभराव का सामना करना पड़ता है।बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों को दो माह तक परेशान होना पड़ता है।गांव तक एम्बुलेंस न पहुंच पाने के कारण किसी मरीज या प्रसूता को अस्पताल ले जाने के लिये चारपाई का सहारा लेना पड़ता है।कई बार चुनाव बहिष्कार करने व धरना देने के बाद हर बार सड़क निर्माण का वायदा कोरा कागज साबित हुआ।निराश होकर उन्होंने इस बार विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया।गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी प्रियरंजन आशू दिवाकर अपनेसाथनीताबघेलधनगर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपचंद शाक्य, ग्राम प्रधान उमेश शर्मा, अनुरूप पांडे, ध्रुव मिश्रा, त्रिलोकी मिश्रा के साथ रम्पुरा पहुंचे।उन्होंने सरकार बनते ही सड़क का निर्माण कराने की बात कही पर ग्रामीणों ने कहाकि 5 वर्षों तक सरकार होने के बावजूद भी उनकी समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया।दो वर्ष पूर्व धरना देने पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उनको लखनऊ बुलाकर दो माह में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था पर कुछ नहीं हुआ।इसलिये इस बार वह लोग किसी दल को वोट न देकर नोटा में वोट देंगे।बाद में सपा नेता महाराज सिंह शाक्य, मातादीन यादव, प्रमोद यादव, संतोष यादव, सुरेंद्र शाक्य उन्हें मनाने के लिये गांव पहुंचे।उन्होंने चुनाव के बाद सड़क निर्माण का वायदा किया पर ग्रामीणों ने उनके आश्वासन को ठुकरा दिया।इस मौके पर अनुज शाक्य, रामचन्द्र शाक्य, कन्हैयालाल शाक्य, सुभाष शाक्य, प्रताप शाक्य, बालेश्वर दयाल शाक्य, रमेश चन्द्र शाक्य, ताराचंद शाक्य, शेर सिंह, रामनरेश शाक्य, संतोष शाक्य, हाकिम सिंह, सोबरनसिंह, प्रांशुशाक्य, विपिन शाक्य, सिंटू शाक्य, ब्रजमोहन शाक्य, उपेंद्र शाक्य, अंकित शाक्य, सुखवीर शाक्य, राजवीर शाक्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 12 से 15 तक

» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कामिर्क विनोद कुमार ने बताया कि विधान सभा सामान्य निवार्चन-2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु मतदान कामिर्कों का द्वितीय प्रशिक्षण दि. 12, 13, 14 एवं 15 फरवरी को 02 पालियों में सुदिति ग्लोबल एकेडेमी में सम्पन्न होगा, प्रथम पाली का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली का प्रशिक्षण अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक होगा, प्रशिक्षण लेने वाले कामिर्कों को सैद्धान्तिक एवं इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का व्यवहारिक प्रशिक्षण देने हेतु प्रत्येक कक्ष में मास्टर ट्रेनर सामान्य एवं ईवीएम मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगायी गयी है।

प्रभारी अधिकारी कामिर्क ने बताया कि 12 फरवरी को पाटीर् संख्या-01 से 315 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण प्रथम पाली में एवं पाटी संख्या-316 से 630 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण द्वितीय पाली में, 13 फरवरी को पाटीर् संख्या-631 से 945 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण प्रथम पाली में एवं पाटीर् संख्या-946 से 1260 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण द्वितीय पाली में, 14 फरवरी को पाटी संख्या-1261 से 1575 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण प्रथम पाली में एवं पाटी संख्या-1576 से 1890 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण द्वितीय पाली में तथा 15 फरवरी को पाटी संख्या-1891 से 1933 तक के कामिर्कों का प्रशिक्षण प्रथम पाली में आयोजित होगा। उन्होने प्रशिक्षण हेतु तैनात किये गये मास्टर ट्रेनर से कहा है कि वह प्रातः 09.30 बजे से सायं 05 बजे तक दोनो पालियों में निधारिर्त कक्षों में उपस्थित रहकर अपना काय सम्पादित करें, रिजव में लगे मास्टर ट्रेनर भी प्रशिक्षण समाप्त होने तक प्रशिक्षण स्थल के आरक्षित कक्ष में उपस्थित रहेंगे, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, लापरवाही बरतने वाले, ड्यूटी से अनुपस्थित पाये जाने वालों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-134 के अन्तगर्त नियुक्ति आदेशों का उल्लघंन करना, प्रशिक्षण ड्यूटी में उपस्थित एवं आवंटित काय में शिथिलता बरतने के कारण दंडनीय अपराध माना जायेगा।

## पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो नशा तस्कर दबौचे, लाखों की गांजा पत्ती बरामद

» **मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता**



नूंह/मेवात। जिला पुलिस को मिली बडी कामयाबी हाथ लगी है और दो अलग-अलग मामलों में नशा तस्करों को दबौचकर लाखों रुपये की गांजा पत्ती बरामद की हैं। पुलिस ने मामले दर्ज कर आगे छानबीन शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पुन्हाना के प्रबंधक निरीक्षक चन्द्रभान के मुताबिक गश्त के दौरान उनकी टीम जमालगढ़ मोड पुन्हाना रोड पर मौजूद थी कि गुप्त सूचना प्राप्त होने पर तय स्थान मौजूद था। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सैनी मोहल्ला, मालीबास वार्ड नं0 14 पुन्हाना निवासी सतपाल उर्फ पपली पुत्र नेमीचंद अपने मकान में दाहिनी तरफ बने तीसरे कमरे में नशीला पदार्थ बेचने के लिये रखा हुआ है । जिस सूचना पर टीम के द्वारा दबिश देकर मौका से आरोपी को दबौचकर भूरे रंग की टेप लिपटें 6 पैकेटों की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखा कुल 113 किलो 170 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुआ । पुलिस ने गांजा पत्ती कब्जे में कर मामला दर्ज किया है और आगे कार्रवाई शुरू कर दी। जबकि, अन्य मामलें में पिनगवा थाना पुलिस ने ट्रक (10 टायरा) में बिनौला के नीचे 20 प्लास्टिक कट्टों में छुपाकर मादक पदार्थ गांजा पत्ती भरकर ले जा रहे एक नशा तस्कर अनवर पुत्र फतेह मौहम्मद निवासी ईमामनगर थाना नगीना जिला नूंह को दबौचा है। आरोपी अपनी गाडी रजि0 नं-एचआर-74ए-9081 पर बतौर चालक है और गाडी से सामान पहुंचाकर वापसी पर उस गाडी में उडीसा से नशीला पदार्थ गांजा पत्ती लेकर बिनौला की बोरियों के नीचे छुपाकर होडल से बडकली चौक की तरफ आ रहा था कि पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को दबौच लिया। ट्रक में रखे 20 प्लास्टिक कट्टों में लाखों रूप्ये का कुल 631 किलो 09 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुआ । पुलिस ने मामला दर्ज आगे कार्रवाई शुरू कर दी।

इस बारे में पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है और नशा तस्करी का अवैध धंधा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जायेगा तथा आमजन से भी अपील की है कि नशा तस्करों व किसी भी प्रकार के अपराध करने वालों की सूचना पुलिस को दे । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### बेडपूर मे हुआ फरकान अहमद स्वागत, कई जगहों पर साथ आए लोग

मदरलैंड संवाददाता, पिरान कलियर। कांग्रेस प्रत्याशी हाजी फुरकान अहमद का ब्रहस्पतिवार को आधा दर्जन से अधिक गाव मे फूल मालाओं से स्वागत हुआ तो कही ढोल नगाडो से स्वागत हुआ, बूधवार बेडपूर गाव मे पत्रकार फरमान अली के दोनो बच्चों सहरान अली व सूफियान अली ने अपने आवास पर अपने हरदिल अजीज काग्रेस प्रतियाशी हाजी फूरकान अहमद का लिफाफा भेटकर जोरदार स्वागत किया दोनो बच्चों ने अपने पूरे परिवार की ओर से फूरकान असमद की होसला अंफजाई की और कहा की इस बार हाजी फूरकान अहमद के साथ यूवाओ की मेहनत व बच्चों और बुजुर्गों की दुआ भी हे इसलिए अबकी बार हाजी फूरकान अहमद भारी मतो से जीतकर विधानसभा जा रहे है वहा पर सैकडो की संख्या मे गणमान्य लोगे के कार्यकर्ता भी मोजूद थे समय की नजाकत को देखते हुए काग्रेस प्रतियाशी हाजी फूरकान अहमद ने कहा की पिछले पाच सालो मे कूछ कार्य भाजपा सरकार मे नही हो पाये अबकी बार काग्रेस की पूर्ण बहूमद की सरकार आ रही हे विकास की गंगा बहा देगे। काग्रेस पार्टी विकास के नाम पर समर्थन कर रही है। इस अवसर पर बसीर अहमद, तोहीद, तौकीर, खालिद, फरजान, इमरान, रियाजूल, सहानजर, सफक्कत, पप्पू, नूर असमद, नूर हसन, लाला, अनीस, भोटटू, इसरार त्यागी, काला त्यागी, इसराईल, रहीश, नूर मोहम्मद, आस मोहम्मद, उमर मोहम्मद, सावैज, जावेद, आरिफ, राकीब, सहजाद, रासीद, मूरसद, आबाद, अफजाल, आजाद, मूर्तजा त्यागी, इकराम, भूरा गोलडन, रोसन, फरीद अंसारी, जहीर अंसारी, पूर्व प्रधान अकरम, वरीस, इकराम पत्रकार, सादाब पत्रकार, धन्नू, मोहब्बत, इदरीस, तूफैल, सनव्वर आदि लोग मौजूद रहे।

### निर्दलीय प्रत्याशी नितिन का रामनगर में हुआ स्वागत

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। रुड़की सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नितिन शर्मा का ब्रहस्पतिवार को रामनगर क्षेत्र के लोगों ने लड्डुओं से तोलकर स्वागत किया। सभी ने उन्हे समर्थन की भी घोषणा की। इसके बाद नितिन शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। नितिन शर्मा ने कहा कि वह शहर के विकास और शहर की समस्याओ को लेकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। शहर विकास उनका मुख्य उद्देश्य है। जनप्रतिनिधि अभी तक सही तरह से इस दिशा में कदम नहीं उठा सके हैं। जिस कारण रुड़की पर्यटन, रोजगार और सुंदरता के क्षेत्र में आज भी पिछड़ा हुआ है। टूटी सड़कों की समस्या तक अभी तक दूर नहीं हो सकी है। इस अवसर पर राजकुमार शास्त्री, राकेश बंधु, चेतन शास्त्री, रोहित शास्त्री, ललित शर्मा, संजय धीमान, पंकज, मानवेंद्र, आदर्श कपानिया, चेतन भारद्वाज, दीपक शर्मा, प्रियंका शर्मा, राखी प्रधान, आशीष सैनी, नीतीश सैनी, दीपांशु शर्मा, राहुल अरोड़ा, वासु अरोड़ा, सौरभ अरोड़ा, शशांक गुप्ता, अंकित शर्मा, शुभम शर्मा, ब्रह्मानंद पांडे, अमित गुप्ता, केतन भारद्वाज, राजन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने भाजपा के दृष्टि पत्र को बताया दृष्टिविहीन घोषणापत्र

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने भाजपा के दृष्टि पत्र को दृष्टिविहीन घोषणापत्र करार देते हुए इसे मतदाताओं को बहलाने की नाकाम कोशिश ठहराया है। यहां जारी एक बयान में महर्षि ने कहा कि भाजपा के इस करतब से मतदाता अपना मत बदलने वाले नहीं हैं। इस दृष्टि पत्र में जनता को राहत देने का न तो कोई वचन है और न ही राज्य के विकास का कोई खाका ही नजर आता है। महर्षि ने कहा कि सच तो यह है कि केवल खानापूर्ति के लिए दृष्टि पत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे दृष्टि पत्र से दृष्टि पूरी तरह गायब है। उन्होंने कहा कि जुमलेबाजी के लिए प्रसिद्ध भाजपा अपने दृष्टि पत्र में जुमलेबाजी भी नहीं कर पाई, इससे साफ होता है कि कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए वह अपने जुमलेबाजी के हुनर को भी भूल गई है। महर्षि ने कहा कि अब जबकि मतदान के लिए मात्र पांच दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में भाजपा शब्दजाल बुनने की कला भी भूल गई है जबकि केवल इसी एक फन में उसे महारत हासिल है। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण और प्रदेश के विकास से उसका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि 2017 के चुनाव के मौके पर भाजपा ने लोकायुक्त की नियुक्ति का वादा किया था। उन्होंने कहा कि आज पांच साल बाद भी प्रदेश में लोकयुक्त नहीं है। यही भाजपा का असली चेहरा है जो कहती कुछ और है और करती कुछ और है। महर्षि ने कहा कि प्रदेश की माली हालत हो या नौजवानों, महिलाओं, बुजुर्गों के लिए भाजपा के दृष्टि पत्र में कोई विजन नहीं है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था भाजपा पहले ही चैपट कर चुकी है। वह इसके अतिरिक्त कुछ नहीं कर सकती है।

### बागेश्वर और कपकोट में कांग्रेस को समर्थन की बात पूरी तरह गलतः उक्रांद

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरीश पाठक ने कहा है कि समाचार पत्र से मुझे ज्ञात हुआ कि हमारी पार्टी के बागेश्वर जिलाध्यक्ष ने बागेश्वर और कपकोट में कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही है, जोकि पूर्णतया गलत है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि उक्रांद द्वारा कही भी कोई समर्थन कांग्रेस को नहीं दिया है।

## एसएसडी में सोशल मीड़िया विषय पर हुई प्रतियोगिता

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की समाज विज्ञान विषय परिषद की ओर से सोशल मीडियारू लाभदायक या हानिकारक विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय के पक्ष में बोलते हुए छात्रओं ने कहा कि सोशल मीडिया अपने हुनर कौशल को प्रदर्शित करने का तथा अधिकतम लोगों तक पहुंच बनाने का सशक्त माध्यम है यह तो हम पर निर्भर करता है कि हम सब विवेक का प्रयोग करके इसके सकारात्मक पक्षों का उपयोग करें। छात्राओं ने यह भी कहा कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन, निर्भया को न्याय दिलाना जैसेकुछ आंदोलनों को सफल बनाने में सोशल मीडिया वरदान साबित हुआ। विषय के विपक्ष में छात्राओं ने कहा कि साइबर बुलिंग, साइबर क्राइम, ब्लैक मेलिंग, फेक न्यूज के कारण युवा पथभ्रष्ट हो रहा है तथा अवसादएवं मेमोरी लॉस, आत्महत्या की बढ़तीप्रवृत्ति इत्यादि समस्याओं से ग्रसित हो रहा है। साथ ही छात्राओं ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोगकिसी व्यक्ति विशेष की छवि को बिगाड़ने के लिए भी किया जा रहा है। कई बार ऐसी खबरें भी वायरल हो जाती हैं जिनका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं होताहै। प्रतियोगिता में प्रथम-.वृन्तिका, बीए 3सेम. द्वितीय कु. ज्योतिका बीए सेम. तृतीय समरीन बीए5जी सेम. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ.अर्चना मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा किस्वविवेक से सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव से बचा जा सकता है और छात्राओं को इसका ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग अपनी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए करना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों में छात्राएं अधिक से अधिक भाग लें। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. किरनबाला, डॉ. सीमा राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती अंजलि प्रसाद में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कामना जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ अलका आर्य, डॉ शिखा शर्मा, कुमारी मेहनाज, डॉ रुचि आदि प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही। आयोजक समाज विज्ञान विषय परिषद रहे।

## कई संगठनो ने दिया विधायक प्रदीप बत्रा को समर्थन

» मदरलैंड संवाददाता




रूड़की। आल इंडिया कार डीलर्स एशोसिएशन शाखा रूड़की अध्यक्ष अजय भाटिया उपाध्यक्ष अशोक खन्ना, सदस्य अज्जू, उज्वल, राजन, सुनील शर्मा, सचिन चैधरी, नीरज चैधरी, नेत्रपाल सिंह राणा, जावेद, नईम अहमद, गुलाब गुप्ता, जहांगीर, आलम, नोमान, फहीम पेंटर आदि व मोबाइल एशोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार भूटानी व राष्ट्र सम्मान संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णदत धीमान व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट नवींन कुमार जैन, होटल एंड बार एशोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल अरोरा, विश्व हिंदुत्व परिषद उत्तराखंड प्रदेश के अध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज, पंजाबी कल्याण महासभा रुड़की की महिला अध्यक्ष पारुल भाटिया टूर एवं ट्रेवल्स से रवि चावला ने कार वर्ल्ड, निकट शिखा पेट्रोल पंप पर भाजपा प्रत्याशी का सम्मान समारोह आयोजित कर अपना पूर्ण समर्थन भारतीय जनता पार्टी व प्रत्यक्षी प्रदीप बत्रा को समर्थन दिया। समारोह में प्रत्यक्षी प्रदीप बत्रा को राष्ट्र सम्मान संघ प्रदेश अध्यक्ष नवींन कुमार जैन संघ पदाधिकारियों ने राष्ट्र सम्मान संघ प्रतीक चिन्ह घड़ी भेंट की विश्वकर्मा शंकराचार्य संत मोनीबाबा ओंघडनाथ व प्रदीप बत्रा के गुरु राठी जी ने भारी मतों से विजयश्री का आशीर्वाद दिया आल इंडिया कार एशोसिएशन की ओर से प्रत्यक्षी प्रदीप बत्रा को लड्डूओ से तोला गया डॉक्टर सुधीर चैधरी बाल रोग विशेषज्ञ, पार्षद सुरेंद्र कुमार गुप्ता, ठाकुर चंदन सिंह, चैधरी यशवीर सिंह, डॉ सुजीत शर्मा, ध्रुव गुप्ता, वीरेंद्र भटेजा, नंदकिशोर गुप्ता, विजेंद्र धीमान, अमित कुमार शर्मा, गौरव मेंदीरत्ता, शिवकुमार भारद्वाज, पंकज जैन सचिव स्टाम्प एशोसिएशन, सुधीर चैधरी, अनुज आत्रेय, नरेश नागयांन राजकुमार जैन एडवोकेट, पंकज जैन स्टाम्प एशोसिएशन रूड़की, राजेश वर्मा, एडवोकेट विपिन पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## मारवाड़ में पढ़ाया छात्राओं का स्वास्थ्य का पाठ




» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज लालकुर्ती में ब्रहस्पतिवार को सिविल अस्पताल रुड़की की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबधी जानकारी दी। अस्पताल के फिल्ड़ ऑफिसर संजय चैहान, यशपाल सिंह ने हिमोग्लोबिनौपैथी स्कूल स्क्रीनिंग राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11 व 12 की छात्राओं को खून के महत्व, खून का स्तर एवं खून की सफाई के विषय में बताया। मंच संचालन विद्यालय की प्रवक्ता अनु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। अस्पताल की टीम ने सभी छात्राओं को हमारे शरीर में कितनी मात्रा में खून होना चाहिए, शरीर में खून बनाने के लिए जूस का सेवन करना चाहिए तथा खून में हिमोग्लोबिन का महत्व क्या है आदि के विषय में समझाया। जिससे भविष्य में खून में होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। प्रधानाचार्या भारती अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बताई गई बातों को छात्राओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए। भविष्य में यह उनके लिए बेहद ही कारगर होगा। उन्होने सिविल अस्पताल से पहुंची टीम का भी धन्यवाद किया। कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम बार-बार कराए जाते रहेगें, जिससे छात्राओं में जागरूकता बनी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्या ने अनु शर्मा व बबीता त्यागी का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान छात्राओं को नोट बुक व जूस के पैकेट भी वितरित किए गए।

## मदद की बजाय थाली बजवाने का काम करते रहे प्रधानमंत्रीः राहुल

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलौर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। जहां पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि जिस तरह से मोदी सरकार ने तीन काले कानून किसानों पर थोपे थे वे उनको वापस लेने पड़े क्योंकि यह कानून किसानों के हित में बिल्कुल भी नहीं थे कानून बनाते समय किसानों की राय नहीं ली गई थी बाद में किसान लंबे समय तक धरने पर बैठे जिसके बाद मोदी सरकार को किसानों के सामने झुकना पड़ा और वह कानून वापस लेने पड़े उन्होंने कहा जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री लोगों पर अपनी मनमर्जी थोप रहे हैं जहां एक और करोना में वह थाली बजवाने का काम करते हैं तो मैं ही कभी ताली बजाने का काम करते हैं उन्होंने कहा जिस तरह से ही है डबल इंजन सरकार होने का फायदा बताते हैं लेकिन इस डबल इंजन की सरकार में सिर्फ देश की जनता को महंगाई की मार मिली है अब वक्त आ गया है कि इस सरकार को वोट की चोट देकर बदला जाए। उन्होंने मंगलौर से कांग्रेस उम्मीदवार काजी निजामुद्दीन के पक्ष में वोट करने की अपील की। कहा जिस तरह से काजी क्षेत्र के लिए दिन रात एक कर विकास कार्य कराने का काम करते हैं वह सिर्फ कांग्रेस सरकार में ही हो सकता है इस बार आपको कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से विजई बनाकर विधानसभा भेजना है और वह आपकी लड़ाई विधानसभा में लड़ने का काम करेंगे उन्होंने कहा इस बार प्रदेश में कांग्रेस की बहुमत की सरकार आ रही है। कांग्रेस युवाको रोजगार और महंगाई से निजात दिलाने का काम करेगी। विधायक काजी निजामुद्दीन ने सबका धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व मंत्री राम सिंह सैनी, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र चैधरी एड़वोकेट, अरविंद प्रधान, प्रदेश महामंत्री ऋषिपाल बालियान, प्रदेश सचिव जगदेव सिंह शेखो, सचिन गुप्ता, प्रोफेसर देवेंद्र प्रताप सिंह, श्रीगोपाल नारसन, हंसराज सचदेवा, प्रदेश सचिव हाजी नौशाद, उदय सिंह पुंडीर, देवेश शर्मा, मुनफैत अली, सुलेमान, चैधरी इस्लाम आदि मौजुद रहे।

## तीनों कृषि कानूनों को निरस्त कराने में मोर्चा सफल हुआ, यह मोर्चा की जीतः भोपाल सिंह

### किसान नेताओं पर लगाया आंदोलन की आड़ में राजनीति करने का आरोप



देहरादून, एजेंसी। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य भोपाल सिंह चैधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये गये तीन काले कृषि कानूनों को निरस्त कराने में मोर्चा सफल हुआ है यह मोर्चा की जीत है। यहां त्यागी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर के किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया, इस आंदोलन में उत्तराखंड के किसानों की अहम भूमिका रही है। राज्य के हर जिले से लोग लगातार दिल्ली के बॉडर पर जाकर आंदोलन में हिस्सेदारी की। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की स्थापना नवम्बर 2020 में हुई थी और देश भर के चालीस से ज्यादा किसान संगठन इसमें शामिल रहे। उन्होंने कहा कि हर राज्य को इसमें प्रतिनिधित्व दिया गया था। इस आंदोलन की वजह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों से माफी मांगते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेकर किसानों के त्याग का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कोई नई मांग या आंदोलन को आगे बढाने का औचित्य नहीं है, लेकिन मोर्चा के कुछ सदस्यों के मन में कुछ और ही योजना चल रही थी। किसान नेताओं ने इस आंदोलन की आड़ में राजनीति शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान नेताओं ने तो राजनीतिक दल भी बना दिया और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी किसान आंदोलन से जुडे. नेता राजनीति करने में जुट गये। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

## कांग्रेस, भाजपा ने उत्तराखण्ड के साथ छलावा कियाः मायावती

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ब्रहस्पतिवार को कोर कॉलेज में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन ने जनसभा की। इस दौरान उन्होने कांग्रेस, भाजपा पर हमला बोला। कहा कि दोनों दलों ने प्रदेश की जनता के साथ छलावा किया है। दोनों दलों से सभी को सावधान रहना है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा पुंजीपतियो की पार्टी है। दोनों दलों को आम जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नही है। उन्होने उत्तराखण्ड में बसपा को तीसरा विकल्प बताया। कहा कि बसपा सब वर्गो का सम्मान करती है।

सबको साथ लेकर चल रही है। बसपा ही प्रदेश को विकास दे सकती है और आम आदमी को उसके अधिकार प्रदान कर सकती है। कांग्रेस, भाजपा ने केवल महंगाई और बेरोजगारी परोसने का काम किया है, जिसे लेकर हर वर्ग परेशान है। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में बसपा मजबूत स्थिती में है।

हर वर्ग में बसपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। 2022 के चुनाव में जनता मिलकर कांग्रेस, भाजपा को सबक सिखाने जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी राईन, मेघराज सिंह जरावरे, नरेश गौतम, शीशपाल सिंह, झबरेड़ा विधानसभा प्रत्याशी आदित्य बृजवाल, मो. शहजाद, अनूप कुमार, योगराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, पप्पू मास्टर, सोमपाल सिंह, जनेश्वर प्रसाद सुनेहरा आदि मौजुद रहे।

## विस चुनावः राष्ट्रीय निषाद पार्टी ने कांग्रेस को दिया खुला समर्थन

देहरादून, एजेंसी। राष्ट्रीय निषाद पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी को अपना खुला समर्थन दिया है। कहा कि कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार व प्रसार किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं मीडिया सलाहकार सुरेन्द्र कुमार एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी को अपना खुला समर्थन पत्र सौंपा। यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उत्तराखंड निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश चैतन्य यादव ने खुला समर्थन कांग्रेस पार्टी को देते हुए कहा है कि कांग्रेस ही देश व प्रदेश का विकास कर सकती है। जिस प्रकार से आज महंगाई चरम पर है लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह से नाकाम है। गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं 400 रुपए वाला सिलेंडर लगभग एक हजार रुपए पहुंच गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि गैस सिलेंडर के दाम 500 रुपए के पार नहीं होने दिया जायेगा, इससे प्रभावित होकर कांग्रेस को अपना खुला समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से जनता का झुकाव भी कांग्रेस की ओर हो रहा है निश्चित रूप से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन होगी और राज्य का तीव्र गति से विकास होगा। उन्होंने कहा कि जनता आज महंगाई की मार से त्रस्त है जनता का मन बदलाव करने का बन चुका है। बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है पिछले पांच सालों में उत्तराखंड को भाजपा ने तीन मुख्यमंत्री देने के अलावा कोई भी विकास का कार्य नहीं किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज प्रदेश व देश में महंगाई चरम पर है केन्द्र व राज्य की सरकार ने महंगाई को नियंत्रित करने का कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का वायदा है कि वह प्रदेश के चहुंमुखी विकास आवाम की खुशहाली और अमन चैन के लक्ष्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए अपनी कसौटी पर खरी उतरेगी। उन्होने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते बड़ी संख्या में दूसरे दलों के लोगों का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के कुशासन से समाज का हर तबका विशेषकर ग्रामीण व गरीब आदमी त्रस्त हो चुका है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं मीडिया सलाहकार सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रतिज्ञा पत्र में चार लाख युवाओं को रोजगार देने, गैस सिलिण्डर 500 रुपए करने, प्रत्येक परिवार को 40 हजार रुपए देने, गन्ना किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य देने, पर्वतीय तथा मैदानी इलाके के किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लाने का वादा किया है।

## शराब के जखीरे मिलने पर फिर लगे मदन पर आरोप

- गोकर्ण धाम पार्किंग से मिली 26 पेटी अंग्रेजी शराब
- कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं का जमकर हंगामा
- आबकारी विभाग ने शराब खेप के साथ प्रबंधक पकड़ा



हरिद्वार, एजेंसी। विधानसभा चुनाव में उत्तरी हरिद्वार के एक आश्रम की पार्किंग में बुधवार की रात अंग्रेजी शराब का जखीरा मिलने से हंगामा मच गया। कांग्रेसी नेताओं व कार्यकत्ताओं ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा काटते हुए भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर आबकारी विभाग समेत पुलिस मौके पर पहुंची। आबकारी विभाग टीम ने मौके से 26 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद करते हुए आश्रम के प्रबंधक को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के दौरान प्रबंधक द्वारा भाजपा प्रत्याशी के करीबियों के नामों की जानकारी देने की बात कही जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात कांग्रेसी नेताओं को जानकारी लगी कि उत्तरी हरिद्वार स्थित गोकर्ण धाम आश्रम भूपतवाला हरिद्वार में भारी मात्र में शराब की खेप उतारी गयी है। जिसकी के बाद कांग्रेसियों का जमावड़ा आश्रम के बाहर लग गया। कांग्रेसी कार्यकत्ताओं ने मामले की जानकारी कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी समेत अन्य नेताओं को दी गयी। सूचना पर कांग्रेसी नेताओं ने मौके पर पहुंचकर कार्यकत्ताओं से मामले की जानकारी ली। जिसके बाद कांग्रेसी नेताओं ने फोन कर आबकारी विभाग, पुलिस और मीडियों को मौके पर बुला लिया। कांग्रेसियों ने आश्रम की पार्किंग में रखा शराब का जखीरा पकड लिया। इसी दौरान पुलिस और आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। कांग्रेसियों ने भाजपा प्रत्याशी मदन कौशिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने नाराज कांग्रेसियों को बामुश्किल शांत कराया। आबकारी विभाग ने अपनी कार्यवाही करते हुए आश्रम की पार्क्रिंग से 26 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की। बताया जा रहा हैं कि आबकारी विभाग टीम ने आश्रम के प्रबंधक यशपाल को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान प्रबंधक द्वारा भाजपा प्रत्याशी के नजदीकियों के नामों का खुलासा करने की बात कही जा रही है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान वैसे तो आबकारी विभाग व पुलिस द्वारा लगातार चैकिंग व सूचनाओं पर चुनाव में बांटने के लिए लायी गयी अंग्रेजी व देशी शराब के जखीरों को बरामद किया जा रहा है। लेकिन 04 फरवरी की रात को गुलाब बाग कनखल स्थित भाजपा नेता के फ्रलैट से 27 पेटी अंग्रेजी शराब की पकड़े जाने वाली खेप और बीती रात गोकर्ण धाम आश्रम भूपतवाला में पकड़ी गयी 26 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप को लेकर सीधे तौर पर भाजपा पर आरोप लग रहे है। आबकारी उपायुक्त रमाशंकर मिश्रा ने बताया कि गोकर्णधाम आश्रम की पार्किंग से 26 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए प्रबंधक यशपाल को हिरासत में लिया गया है। जिससे जानकारी जुटाई जा रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

## सभी पार्टियों को छोड़ कर इस बार आत्म नगर हल्के की जनता आजाद उम्मीदवार रिंकू को डालेगी वोट



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। आत्म नगर हल्के के लोग झूठे वादों से तक गए हैं हर कोई अपनी पार्टियों के लिए वोट मांग कर झूठे वादे कर पांच साल गायब हो जाते हैं और जनता को दे जाते हैं सिर्फ लाली पॉप चूसने को आत्म नगर का विकास किसी भी सरकार ने नही किया न अकाली दल और ना कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ झूठे वादे ही किए हैं आज वार्ड नं 43 सी आर पी एफ कॉलोनी के लोगो ने तजिंदर सिंह रिंकू आजाद उम्मीदवार को भरोसा दिलाया कि हम सब सभी रिंकू को वोट डाल कर जिताएंगे और आत्म नगर हल्के का एम एल ए बनाएंग जो इस हल्के को सुधार सके इस अवसर पर तजिंदर सिंह रिंकू ने वादा किया कि सड़को, पार्कों और लाइट के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को भी को भी सुधरेंगे और इस हल्के में एक सरकारी हस्पताल और स्मार्ट स्कूल साथ में लड़कियों का सरकारी कॉलेज भी बनवाएंगे जो वादा किया है उस को पूरा करके ही दम लेंगे।

## 5100 पेंशन का सपना दिखाने वाले , पेंशन खत्म करने की नीति पर अग्रसर : राव नरेंद्र सिंह

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। हरियाणा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने वीरवार को प्रेस नोट के माध्यम से बताते हुए कहा कि हरियाणा में 5100 रुपये पेंशन देने का वादा कर बुजुर्गों को वोट लेने वाले आज बुजुर्गों का ही शोषन करने लगे हैं ।प्रदेश में पिछले 2 महीने से बुजुर्गों को पेंशन नही मिली है जिससे अनेकों बुजुर्गों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है । राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र व प्रदेश में ऐसे हजारो परिवार हैं जिनका चूल्हा बुढापा पेंशन के सहारे जलता है ।विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे बुजुर्ग दवाइयां लाने के लिए भी इस पेंशन पर ही निर्भर रहते हैं ।उसके बावजूद आज हजारो बुजुर्गों की पेंशन कुछ समय पहले काट दी गयी थी और अब फिर से हजारो बुजुर्गों की पेंशन रोक दी गयी है । राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 5100 रुपये पेंशन का वादा करके सत्ता में आई पार्टियां लगातार पेंशन कटौती कर रही है। पेंशन को फैमली आईडी से जोड़ कर हजारो बुजुर्गों की पेंशन काट चुकी है ।पूर्व मंत्री ने कहा कि यह बुजुर्ग सम्मान भत्ता उनके बुढापे का सहारा है , इस पर परिवार पहचान पत्र व अन्य बेवजह के आर्थिक मापदंडों को थोपना बुजुर्गों का अनादर है ।सरकार को पेंशन कटौती और भुगतान में लेटलतीफी की नीति को बंद करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि यदि मौजूदा सरकार ऐसा नही करती है तो भविष्य में कांग्रेस सरकार बनने पर जिन बुजुर्गों की पेंशन काटी गई है उसको वापस बहाल किया जाएगा और वादे के मुताबिक उसमे बढ़ोतरी भी की जाएगी ।

## सड़क पर लड़ाई झगड़ा कर, पेशाब करने पर पुलिस ने दो के विरुद्ध मामला किया दर्ज

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। कनीना उपमंडल के गांव मोहनपुर के पास सड़क पर दो व्यक्ति सरेआम गुत्थम गुथा हो रहे थे तथा सड़क पर पेशाब कर अशखेल हरकत कर रहे थे। पुलिस द्वारा समझाने बूझाने पर भी बाज नहीं आ रहे थे। कनीना पुलिस ने दोनों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इनमें से एक मनोज मातनहेल है वहीं दूसरा शेर सिंह जमालपुर है। दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रेरणा बनी दूसरों के लिए प्रेरणा

अधिकार संवाददाता,कनीना। कनीना की रहने वाली विजयपाल प्राध्यापक की पुत्री प्रेरणा दूसरों के लिए प्रेरणा बन गई है। हाल ही में उनका चयन एमबीबीएस कोर्स के लिए लेडी हार्डिंग कॉलेज दिल्ली में हुआ है। प्रारंभ से ही प्रखर बुद्धि की प्रेरणा सदा अच्छे अंक लेकर कक्षा में नाम कमाती ही है। प्रेरणा जहां दिल्ली से कोचिंग लेकर अपने पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये जिसके बल पर उन्हें हाल ही में एमबीबीएस के लिए लेडी हार्डिंग कॉलेज मिला है। उनके पिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में प्राध्यापक है। उनकी मां अनीता यादव भी कालेज की सहायक प्रोफेसर है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में सुनील कुमार हसला के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नेताजी, प्राचार्य कृष्ण सिंह, प्राध्यापक सतेंद्र शास्त्री, मा मनीलाल,जयपाल प्राध्यापक, मनोज कुमार शिक्षक, दीपक शर्मा, सुमेर सिंह प्रवक्ता, दिनेश कुमार, कैलाश आदि के गणमान्य जनों ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की है।

# देबी ने स्वस्थ विधानसभा सैंट्रल के निर्माण के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की कि अपील

### कहा, लड़कियो व महिलाओ के लिए जिम स्थापित कर बनाएंगे खेलों के लिए टीमें

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। विधानसभा सैंट्रल से भाजपा उम्मीदवार गुरदेव शर्मा देबी ने धर्मपुरा, सुभानी बिलडिंग, मोचपुरा बाजार, नौलखा गार्डन,अहाता शेर गंज में में डोर-टू डोर वोटरों के साथ संपर्क किया। सुन्दर नगर के किंग पैलेस, प्रेम नगर, केसर गंज, ढोका मोहल्ला, हरि करतार कालोनी, नरिन्द्र नगर, महाराजा रणजीत सिंह पार्क, न्यू माधोपुरी, शिवाजी नगर, बैंजिमन रोड, खुड्ड मुहल्ला, इंकबाल चौंक सहित विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ बैठकों को संबोधित किया। वहीं दरेसी ग्रांउड में प्रहलाद जी की अध्यक्षता में आयोजित जनसभा में गुजराती समाज के भारी हजूम ने भाजपा प्रत्याशी देबी के पक्ष में मतदान करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान गुरदेव शर्मा देबी ने स्वस्थ विधानसभा सैंट्रल के निर्माण के अपने सपनो को साकार करने के लिए वोट मांगते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर कांग्रेसी विधायक की तरफ से करवाए बिना योजना के विकास कार्यो को सुधार कर पूरे क्षेत्र को स्वस्थ बनाकर विकासशील क्षेत्र बनाया जाएगा। हर वार्ड में लड़कियों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षित कर टीमों का गठन कर अंडर विधानसभा मुकाबले करवाए जाएंगे। तीन-तीन वार्डो में महिलाओ के लिए संयुक्त रुप से जिम स्थापित होंगे। स्वतंत्रता से पूर्व आजादी के लिए कुर्बानियां देने वाले व आजादी के बाद देश की एकता व अंखडता के लिए शहीद होने वाले शहीदों के इतिहास से युवा वर्ग को प्रेरित करने के लिए विधानसभा के बीचोडबीच लायब्रेरी स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरकेश मितल, सुनील मेहरा, सुरिन्द्र भाटिया बिट्टू, पार्षद ओम प्रकाश रतड़ा, जैन समाज से कमल नवलखा, रमेश जैन बिट्टा, सतनाम सिंह सेठी, हिमांशु कालड़ा, राजू ओबराय, पवन मल्होत्रा, हरीश, संत राम, बंसी, संखला,सर्व प्रकाश सूद, भरत मिलाप, कपिल कत्याल, कुंज विहारी, परमजीत सिंह पम्मा, हर्ष जी,गौरव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## अकाली दल और भाजपा के उम्मीदवार आत्म नगर हल्के में तीसरे और चौथे नंबर की दौड़ पर





» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। लुधियाना में आत्म नगर हल्के की सबसे हॉट सीट है जहां पर वोटो से ज्यादा बोर्ड और पोस्टरो की दौड़ लगी हुई है एक दूसरे से जायदा होडिंग लगाने में लगे हुए हैं उम्मीदवार इस बार मुकाबला बड़ा कठिन है एक तरफ कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अपनी पकड़ मजबूत करने में लगे हुए हैं तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जनता देख रही है कि कौन सा उम्मीदवार आतम नगर हल्के का विकास कर सकेगा क्योंकि पिछले 10 सालों से लोक इंसाफ पार्टी ने इस हलके में कब्जा किया हुआ था मगर विकास के नाम पर सबसे पीछे रहे इस बार भाजपा ने भी अपना उम्मीदवार उतार दिया है मगर अभी तक वह आतम नगर के लोगों के दिलों में नहीं उतर पाए हैं सिर्फ कुछ वार्डो तक ही सीमित रह गए हैं दूसरी तरफ अकाली दल के उम्मीदवार भी तीसरे नंबर पर नजर आ रहे हैं बाहरी होने के साथ-साथ एक वकील होने की वजह से भी लोग पसंद नहीं कर रहे हैं क्योंकि काम कराने के लिए एक वकील के पास जाना जैसे कोर्ट में चक्कर काटने पड़ते हैं वैसे ही वकील के भी काम कराने के लिए चक्कर काटने पड़ेंगे इसलिए आतम नगर हल्के में भाजपा और अकाली दल तीसरे और चौथे नंबर पर ही नजर आ रहे हैं आतम नगर के लोग सिख चेहरे को ज्यादा पसंद करते हैं वह भी आत्म नगर हल्के का ही हो भाजपा और अकाली दल का मुकाबला तीसरे और चौथे नंबर का है अब देखना यह है कि कौन तीसरे पर रहेगा और कौन चौथे पर अकाली दल पिछले 10 सालों से तीसरे नंबर पर आ रहा है इस बार भाजपा ने भी अपना उम्मीदवार उतार दिया है

## पूर्व मुख्याध्यापक बनवा रहे हैं धनौंदा स्कूल में बड़ा हाल



» मदरलैंड संवाददाता


कनीना। कनीना उपमंडल के गांव धनौंदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूर्व शिक्षक रहे महावीर सिंह अपने ही स्कूल प्रांगण में एक बड़ा हाल बनवा रहे हैं। भडफ के राजकीय उच्च विद्यालय से बतौर मुख्याध्यापक वे 2004 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनकी तमन्ना है कि जिस विद्यालय में उन्होंने लंबे समय तक सेवा की उस विद्यालय में कम से कम उनके नाम पर एक कमरा जरूर हो। यही कारण है कि उन्होंने हाल ही में बड़ा कमरा निर्माण कार्य निजी कोष से शुरू करवा दिया है। आशा है कि जल्द ही यह हाल निर्मित हो जाएगा तथा विद्यार्थी इस हाल में बैठकर बेहतर शिक्षा पा सकेंगे।

महावीर सिंह ने बताया कि वह इस गांव में पले तथा बढ़े हुए तथा शिक्षा प्राप्त करके यही अध्यापक रहे। इसलिए उनका कर्तव्य बनता है कि वह भी देश एवं स्कूल के लिए कुछ करें। इसलिए अपने निजी को से उन्होंने इस कमरे का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है जो दूसरों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। उनकी इस सराहनीय कार्य पर राजेश कनीनवाल, संजय कुमार,, सूबे सिंह, प्राचार्य कृष्ण सिंह ने महावीर सिंह का स्वागत किया तथा नेक काम के लिए बधाई दी।

अहंकारी मंत्री का इस बार टूटेगा अहंकार वोटों में जनता देगी जवाब

## बलात्कारियों का साथ देने वाले मंत्री को महिलाएं देगी वोट ना डाल कर जवाब... रेणुका

» मदरलैंड संवाददाता







लुधियाना। विधान सभा चुनाव में इस बार जनता वोटो से उम्मीदवार को हरा कर जवाब देगी जिसने पूरे पांच साल धक्का किया जनता के साथ अब वो दिन आ गया है रेणुका आहूजा ने बताया कि एक महिला के साथ रेप होता है और उसको इंसाफ अभी तक नहीं मिला अब वो वक्त आ गया है जिसने उस आरोपी को सजा देने का जिसने बलात्कारी आरोपी की मदद की रेणुका ने सभी महिलाओं से अपील की कि भारत भूषण आशू को वोट ना डालें उसने खुल के एक बलात्कारी की मदद की है वेस्ट हल्के की सभी महिलाएं अपनी ताकत दिखा दे और कांग्रेस सरकार को इस बार बाहर का रास्ता दिखा दे और उस मंत्री के अहंकार को चकनाचूर करके ईमानदार और समझदार उम्मीदवार को ही वोट डाले रीतू टंडन ने कहा कि कांग्रेस सरकार के नेताओ ने बहुत धक्का किया पूरे पांच साल अब वो घड़ी आ गई है जब रावण राज खत्म होगा अपना सही उम्मीदवार चुन कर ईमानदार इंसान को वोट डाल कर जीताने का हर जगह बोर्ड लगा रखे हैं आशू प्रोमिस मैन सिर्फ अपने साथियों की ही जेबों भरने का प्रोमिस करने वाले मैन को बाय बाय करने का समय आ गया है सभी महिलाएं मिल कर भाजपा सरकार बनाए ताकि पंजाब तरक्की की ओर जाए केंद्र सरकार पंजाब में फंड दे और यूथ को नौकरी दे जिससे पंजाब में नशा दूर हो सके पिछले कई सालों से अकाली दल और कांग्रेस पार्टी ने मिलकर पंजाब की जनता को लूटा है अब वक्त है सही उम्मीदवार चुनने का मोनिका ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ पंजाब में रेत माफिया, शराब माफिया, भू माफिया, और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के इलावा कुछ नहीं किया अपनी प्रॉपर्टी का विकास किया है न कि इलाके का शहर में सिर्फ होर्डिंग लगा कर विकास नहीं होते कांग्रेस पार्टी के एम एल ए न तो कभी फोन उठाते हैं और न ही उनके पी ए सिर्फ वोटो के दिनों में लोगो के हाथ पैर जोड़ते नजर आते हैं एम पी रवनीत सिंह बिट्टू का सभी कांग्रेस के नेता स्टंट करते नजर आते हैं बुजर्ग हो या जवान उसके पैर पकड़ कर फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं हम सभी महिलाओ को ऐसे नेताओ से बचना चाहिए और ईमानदार को वोट डाल कर हल्के का विकास और अपने बच्चो का भविष्य सुरक्षित करना चाहिए

## नगर परिषद के चुनावों को लेकर हुई भाजपा कार्यकताओं की बैठक

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। नगर परिषद के चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। बैठक में नगर परिषद के होने वाले चुनाव के बारे में जानकारी लेने विस्तारक योगेश तवर पहुंचे। उनका यहां पहुंचने पर नारनौल मंडल अध्यक्ष मनीष संघी ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। योगेश तवर ने मौजूद पार्टी के कार्यकताओं से विस्तार पूर्वक चर्चा की। उपस्थित सभी कार्यकताओं ने विस्तारक से अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर योगेश तवर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है और यहा हर कार्यकर्ता का पार्टी में उतना ही सम्मान है। जितना कि पदाधिकारियों का और पार्टी छोटे से छोटे कार्यकताओं की कार्यशैली पर पूरी निगरानी रखती है। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख से लेकर बूथ स्तर तक का कार्यकर्ता हमारा सैनिक है। उनके कंधों पर पार्टी व संगठन को आगे बढ़ाने की अहम जिम्मेदारी है ! छोटे से बड़ा कार्यकर्ता पार्टी की जिम्मेवारी को समझे व इमानदारी से जिम्मेवारी निभाए और समय आने पर कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान देती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि विस्तारक योगेश तवर जब तक नगर परिषद के चुनाव नहीं होते तब तक यही प्रवास करेंगे और वार्ड वार्ड जाकर कौन प्रत्याशी ठीक रहेगा इनके बारे में जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा जो भी नगर परिषद के लिए जिसको भी टिकट दे आप लोगों को उसके साथ जुड़कर वार्ड वार्ड जाकर कमल के फूल का प्रचार कर उन्हें विजई बनाना है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। कार्यकताओं से अपील है की ग्रास रूट पर अपने स्तर पर जुट जाएं। बूथ लेवल की अहम जिम्मेदारी भी कार्यकताओं को निश्चित की गई है और भाजपा का जो भी चेयरमैन बनेगा वह पूरी ईमानदारी से लोगों की सेवा करेगा। इस मौके पर नारनौल मंडल अध्यक्ष मनीष संघी ने नगर परिषद के होने वाले चुनाव संबंधित जानकारियां भी सांझा कि। इस मौके पर सुदर्शन बंसल, किशन लाल बोहरा, महावीर शर्मा, विकास अग्रवाल, नारनौल मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, भगवान दास अग्रवाल, रमेश जांगड़ा, सतीश बाल्मीकि, महामंत्री हेमंत चौबे, मनीष तायल, मंजू सोनी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुशील चौटाला, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष चौधरी, व्यापार प्रकोष्ठ बजरंगलाल अग्रवाल, अमित जैन, दीपेश सैनी, ललित बाल्मीकि, सिकंदर सैनी आदि मौजूद रहे।

## सभ्यता और मूल्यों के रख रखाव के लिए सदा काम करते रहना चाहिए: निखार

» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। हम सबके जीवन में गाय के महत्व को सभी जानते है, तभी तो गौ को गऊ माता कह कर पुकारते है। एन. ए. कल्चरल सोसायटी के मैंबरस कई बार चडीगढ़ में गऊशाला में जाकर वहां सेवा कार्य करते रहते है। वहां के कर्मचारी सोसायटी के कामों और रख रखाव को देखकर बहुत प्रसन्न हुए और सेवादारों को बहुत धन्यवाद दिया। सोसायटी प्रैजीडेंट निखार ने अपनी सस्कृंति पर गर्व महसूस करते हुए कहा कि हमें अपनी सभ्यता और मूल्यों के रख रखाव के लिए सदा काम करते रहना चाहिए। इस मौके पर वहां रिया और अनिता मिढ्ढा भी मौजूद थी।

महिला कांग्रेस प्रत्याशी कमलजीत सिंह करवाल का चुनाव प्रचार

## महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देकर कांग्रेस सरकार ने पेश की मिसाल : कमलजीत सिंह कडवल

### पंजाब विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी महिला कांग्रेस : बलवीर कौर सोढ़ी


» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। विधानसभा क्षेत्र आत्मनगर से कांग्रेस प्रत्याशी कमलजीत सिंह कडवल के चुनाव प्रचार पर महिला कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है. वही चुनाव प्रचार का नेतृत्व कमलजीत सिंह कडवल, महिला कांग्रेस आत्मनगर प्रखंड-1 अध्यक्ष सीमा सचदेवा व प्रखंड-2 अध्यक्ष रानी जी के पक्ष में वार्ड क्रमांक. 42 बजे पूरी बैठक हुई। इस मौके पर वार्ड नं. 42 की बैठक ने रैली का रूप ले लिया। बैठक में महिला कांग्रेस पंजाब की अध्यक्ष बलवीर कौर सोढ़ी, उपाध्यक्ष लीना टापरिया सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए श्री कमलजीत सिंह कडवल ने क्षेत्र के निवासियों को कांग्रेस पार्टियों की नीतियों से अवगत कराया और कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण लाकर एक मिसाल कायम की और 50 को टिकट दिया. नगर निगम चुनावों में महिलाओं का प्रतिशत और बाद में नगर निगम में उपमहापौर के पद पर महिलाओं को सेवा देने का अवसर दिया। कड़वल कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से एक साथ, सर्वांगीण विकास के विश्वास के साथ काम करती रही है, जिसके तहत कांग्रेस पंजाब में सभी वर्गों की भागीदारी के साथ अपनी नीतियां बनाती और लागू करती है। इस मौके पर महिला कांग्रेस पंजाब की अध्यक्ष बलवीर कौर सोढ़ी, उपाध्यक्ष लीना टापरिया, महासचिव नीरू शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों से 20 फरवरी को कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाने की अपील की. कांग्रेस प्रत्याशी कमलजीत को भेजने के लिए सिंह कडवल नगर से विधानसभा तक भूस्खलन से, क्योंकि करवाल की दृष्टि हलका आत्म नगर का चेहरा बदलने के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर, बुनियादी सुविधाएं और सरकारी सुविधाएं पैदा करना है। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं प्रदान करें।

## कवि आशीष शर्मा को मातृ शोक

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। मेदान, इंडोनेशिया में रह रहे प्रसिद्ध भारतीय कवि, साहित्यिक संस्था एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन के संस्थापक एवं ग्लोबल चेयरमैन और आई. ई.ए.एम. प्रेसिडेंट आशीष शर्मा की माँ उत्तरा शर्मा का उनके पटियाला स्थित निवास स्थान में निधन हो गया। वे 79 वर्ष की थीं। इस समाचार से समस्त शर्मा परिवार और साहित्यिक जगत में शोक की लहर है। एल.पी.जी.आई.एस.ए. की संस्थापिका योगिता शर्मा ने अपनी सास की मृत्यु को अपने लिए और समाज के लिए एक बहुत बड़ी क्षति बताया। दिवंगत उत्तरा शर्मा एल.पी.जी.आई.एस.ए. की ग्लोबल वाईस चेयर पर्सन एडवाइजरी थीं। उन्होंने लगभग ४२ साल आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटियाला में बतौर अंग्रेजी के प्राध्यापिका के रूप में सेवाएँ दीं। वे दस साल से ज्यादा इस स्कूल की प्रिंसिपल भी रहीं और प्रिंसिपल के तौर पर सेवानिवृत्त भी हुईं। उनके पति और आशीष के पिता प्रो. हरिंदर कुमार एल.पी.जी.आई.एस.ए. के ग्लोबल चेयरमैन एडवाइजरी हैं। आशीष और उनका परिवार इंडोनेशिया से और आशीष के भाई अक्षय शर्मा ऑस्ट्रेलिया से भारत पहुँच गए हैं। रस्म क्रिया 20 फरवरी रविवार को पटियाला में होगी। सविता भट्टी, भारतीय दूतावास - जकारता इंडोनेशिया के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन बशीर अहमद, मृगांका अचल - डिप्टी सेक्रेटरी सी.ओ.पी.यू. लोक सभा सेक्रेट्रिएट नई दिल्ली, बबली सिंह - शीमैरू, चंडीगढ़ से प्रसिद्ध कवि और संवाद साहित्य मंच के संस्थापक प्रेम विज, नारनौल से प्रसिद्ध कवि और मनुमक्त मानव ट्रस्ट के चीफ ट्रस्टी डॉ.राम निवास मानव, राजपुरा से प्रसिद्ध पंजाबी कवि दम्पति डॉ.हरजीत सिंह ह्यसधरह्ल एवं डॉ. हरजिंदर कौर ह्यसधरह्ल, पटियाला से प्रसिद्ध कवि और महिला काव्य मंच के संस्थापक नरेश ह्यनाजह्ल, पंचकूला से प्रसिद्ध कवि डॉ. विनोद शर्मा, डॉ.कॉफी फाऊंडेशन इंडोनेशिया की एलिस विजाया, विन्नी, डॉ. जौनी, मेदान इंडोनेशिया की प्रसिद्ध पत्रकार रंगिनी ट्रियोनो कृष्णा, कवर मैगजीन मेदान इंडोनेशिया की एडीटर-इन-चीफ एल्सा मैलोना, रवि मखीजा-संस्थापक, टाई यू.पी. एस. इंटरनेशनल और अन्य कई जानी मानी हस्तियों, एल.पी.जी.आई.एस.ए. और आई. ई.ए.एम के सदस्यों और कई मित्रों एवं परिचितों ने अपने शोक संदेश भेज कर शोकाकुल परिवार की हिम्मत बढ़ाई।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# दीनदयालजी, भाजपा सरकारों की प्रेरणा में सदैव हैं, रहेंगे



विष्णुदत्त शर्मा

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन सेवा की जिम्मेदारी राजनैतिक दलों के कंधों पर है। इसके लिए हर राजनैतिक दल ने अपने रीति-नीति और सिद्धांत बनाए हैं, पर जब उन पर अमल करने का समय आता है तो दल प्रमुखों को स्मृतिविश्राम हो जाता है और रीति नीति सिद्धातों के जनक भी विस्मृत कर दिए जाते हैं। देश में एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनैतिक दल है, जिसने पार्टी के रीति नीति सिद्धांतों को न कभी ताक में रखा और न कभी पार्टी के चिंतक विचारकों को विस्मृत किया, बल्कि पार्टी के विचार और सिद्धांतों के जनक महापुरुषों को प्रत्येक कार्यकर्ता ने ह्दय से लगाए रखा और उनके दिए विचार और सिद्धातों को मस्तिष्क में। तथा जब भी जहां भी जिस कार्यकर्ता को जहां सत्ता के माध्यम से सेवा करने का अवसर मिला, उन विचार और सिद्धांतों से जन सेवा के संकल्प को साकार किया।

भाजपा के लिए 11 फरवरी सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि उस महापुरुष का महाप्रयाण दिवस है, जिसके दिए विचार और सिद्धांत पर पग-पग चलकर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना है और जिसके रीति नीति और विचारों से प्रेरित योजनाओं और कार्यक्रमों से देश मे और कई राज्यों में पार्टी की सरकारें लगातार जनता की सेवा में अथक परिश्रम कर रही हैं। आज पंडित जी का अवसान दिवस है, हमें आत्मअवलोकन करना चाहिए कि उस दिव्यआत्मा के द्विस्वप्न को कितना साकार कर पाए। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं बल्कि सुखद अनुभूति हो रही है कि देश के प्रधान सेवक ने पार्टी के प्रथम पूज्य पंडितजी के सिद्धांतों और विचारों को अपनी योजनाओं और कार्यप्रणाली में गंगा सा प्रवाह दिया है, जो बिना किसी जाति धर्म के भेदभाव के सभी का कल्याण कर रही है।

राजनेता से इतर पंडितजी उच्च कोटि के चिंतक, विचारक और लेखक भी थे। इस रूप में उन्होंने श्रेष्ठ, शक्तिशाली और संतुलित रूप में विकसित राष्ट्र की कल्पना की थी। उन्होंने निजी हित व सुख सुविधाओं का त्याग कर दिया था। व्यक्तिगत जीवन में उनकी कोई महत्वाकांक्षा भी नहीं थी। उन्होंने अपना जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। यही बात उन्हें महान बनाती है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री युगपुरुष श्री नरेंद्र मोदी जी के कृतित्व और व्यक्तित्व में पंडितजी का ही प्रतिरूप दिखाई देता है। उनमें भी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं है और अपनी जीवन भी समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है।



पंडित दीनदयाल जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के एक छोटे से ग्राम चन्द्रभान नगला में हुआ। अपने जीवन की विसंगतियों से संघर्ष करते हुए अपूर्व मेधा के धनी पं. दीनदयाल उपाध्याय जी मूल्यआधारित राजनीति करते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजनीति में विपक्ष के सबसे बड़े नेता के रूप में प्रतिष्ठित हुए। भारतीय राजनीति में उन्हें एक राष्ट्रवादी विचारक, कुशल संगठनकर्ता, प्रखर वक्ता, दार्शनिक, चिंतक अर्थवेत्ता निपुण राजनेता, संवेदनशील व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है। उन्हें एक ऐसे प्रभावशाली राजनेता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने राष्ट्रहित और राष्ट्रविकास को सर्वोपरि मानते हुए समस्त भौतिक सुख सुविधाओँ, पद, परिवार एवं निजता का परित्याग कर दिया एवं अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया।

भाजपा की सरकारों की नीतियां और फैसलों को जब पार्टी के पितृ पुरुष पंडितजी के चिंतन, दर्शन की कसौटी पर कसेंगे तो यह पाएंगे कि भाजपा की सरकार लेशमात्र भी पंडितजी के चिंतन और दर्शन से विमुख नहीं हुई, बल्कि हर फैसलें और नीति में अंत्दोदय के उत्थान का भाव दिखाई देता है। भारतीय जनसंघ और फिर भाजपा ने कभी भी पार्टी के आराध्य पंडितजी के दर्शन विस्मृत नहीं किया, बल्कि भाजपा की सभी सरकारों ने दीनदयालजी के बताए मार्ग से ही देश, प्रदेश और समाज के विकास की आधारशिला रखी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने अपनी सरकार में पंडितजी के विचार अंत्योदय से राष्ट्र उदय को केंद्र में रखा और योजनाएं बनाई। और वर्तमान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व अंत्योदय के उदय के स्वप्न को साकार कर रहा है। उपाध्याय जी, धारा 370 के प्रबल विरोधी थे। वे एक विधान, एक निशान के हामी थे। उनकी इस मान्यता को मोदी सरकार ने तमाम अवरोधों के बावजूद पूरा किया और धारा 370 को हटा दिया। देश के सांस्कृतिक स्वरूप को बचाये रखने और उसे पुष्ट करने की दिशा में भी सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। अयोध्या राम मन्दिर निर्माण इसकी प्रत्यक्ष मिसाल है। लोगों में राष्ट्रवाद को जाग्रत करने केलिए सरकार कई तरह के कार्यक्रम चला रही है। पिछले 7 सालों में मोदी के सशक्त और सर्वसमावेशी नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ कई आयाम स्थापित किए हैं। मोदी जी की योजनाओं में अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति सर्वप्रथम है। तभी आजादी के 70 साल बाद भी करोड़ों परिवार चूल्हे के धुएं के दंश को झेलने को मजबूर उस वर्ग की चिंता सरकार ने सबसे पहले की। मोदी सरकार ने उज्जवला योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को रसोई गैस और चूल्हा देकर महिलाओं के जीवन को धुआं मुक्त कर नई रोशनी दी। अंत्योदय के उत्थान के संकल्प विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना में भी दिखाई दिया। 12 करोड़ परिवारों को इस योजना से 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा मुफ्त दिया गया। किसानों के खाते में 6 हजार रुपए की सम्मान निधि भी अंत्योदयी किसान के प्रति सरकार की सोच को दशार्ता है।इसके अलावा शौचालय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में उनके सम्मान के साथ जीने के अधिकार को मोदी सरकार ने साकार किया है। 18 से 40 साल के लोगों को पेंशन लाभ के दायरे में लाना निराश्रितो को पेंशन के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी। मोदी सरकार ने व्यवसाय के लिए अंत्योदयी परिवारों को मुद्रा लोन के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया है। कोरोना के दुष्काल में मोदी सरकार का 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का फैसला भी पंडितजी के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक राहत से प्रेरित है।

मैं आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अवसान दिवस पर उन्हें नमन करता हूं और देश के प्रधान सेवक का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके पुष्प प्रयासों से सरकार की योजनाएं पार्टी के महापुरुष के विचारों की लौ को प्रज्वलित कर अंत्योदय के उदय का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

लेखक - मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद है।

## संपादकीय



# इन चुनावों का दूरगामी अर्थ

देश के पांच राज्यों में मतदान की शुरूआत हो गई है। इस बार लगभग सभी पार्टियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए बड़ी-बड़ी चूसनियां लटका दी हैं। फर्क इतना ही है कि इस बार ये चूसनियां बहुत देर से लटकाई गई हैं। हर पार्टी इंतजार करती रही कि देखें दूसरी पार्टी कौनसी और कौनसी चूसनियां लटकाती हैं। हम उससे अधिक मीठी और सुंदर चूसनी लटकाएंगे। इन सभी राजनीतिक दलों से कोई पूछे कि आपकी राज्य सरकारें इन चूसनियों के लिए पैसा कहां से लाएंगी? जो वायदे पांच साल पहले किए गए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए तो इन नए वायदों का एतबार क्या है? जो भी हो ये पांच राज्यों के चुनाव अगले आम चुनाव की भूमिका लिखेंगे। जो पार्टी भी, खास तौर से उत्तरप्रदेश में जीतेगी, वह 2024 में दनदनाएगी, इसमें जरा भी शक नहीं है। वहां कांग्रेस और बसपा की तो दाल काफी पतली होनेवाली है लेकिन यदि भाजपा जीत गई तो राष्ट्रीय स्तर पर योगी आदित्यनाथ का सिक्का दनदनाने लगेगा और उस जीत का सेहरा नरेंद्र मोदी के माथे बंध जाएगा। और यदि समाजवादी पार्टी जीत गई तो अखिलेश यादव के नेतृत्व या पहल पर देश के सारे विरोधी दल एक होने की कोशिश करेंगे और 2024 के आम चुनाव में मोदी-विरोधी मोर्चा खड़ा कर लेंगे। यह असंभव नहीं कि भाजपा-गठबंधन की छोटी-मोटी पार्टियां भी टूटकर विपक्ष की इस बारात में शामिल हो जाएं। उ.प्र. का यह प्रांतीय चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश के सबसे ज्यादा सांसद (80) इसी प्रदेश से आते हैं। इन चुनावों की एक अन्य विचित्रता यह भी है कि ये किंही राजनीतिक सिद्धांतों के आधार पर नहीं लड़े जा रहे हैं। जातिवाद और सांप्रदायिकता का जितना ढोल इन चुनावों में पिटा है, शायद किसी अन्य चुनाव में नहीं पिटा। योगी और मोदी हिंदू वोट बैंक पर लार टपका रहे हैं और सपा की कोशिश है कि पिछड़े, मुसलमान और दलित वोटों पर वह कब्जा कर ले। इन दोनों पार्टियों में से जो भी सरकार बनाएगी, अब अगले पांच साल उसका राज चलाना मुश्किल हो जाएगा। गठबंधन में घुसे नेता और दल अपनी सरकारों को बीच मझदार में डुबाकर चले जा सकते हैं। जहां तक किसानों का सवाल है, उनके वोट तो विपक्ष को मिलने ही है। सत्ता में जो भी आए, पंजाब और उत्तरप्रदेश के किसान उसका जीना हराम कर देंगे। दूसरे शब्दों में इन पांच राज्यों के चुनाव 2024 के आम-चुनाव के प्रतिबिंब तो बनेंगे ही लेकिन वे जिस तरह से हो रहे हैं, वह भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। अगर ये शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होते हैं तो हम कम से कम यह संतोष कर सकेंगे कि हमारे ये चुनाव हिंसा और फर्जी मतदान से मुक्त रहे हैं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय - एकात्म मानववाद के प्रतिपादक

» डॉ अशोक कुमार भार्गव

**जीवन मैं अनेकता और विविधता होते हुए भी मूलभूत एकता है। वट वृक्ष विराट है। बीज सूक्ष्म हैं। बीज में वृक्ष अपनी संपूर्ण विशालता सहित समाया हुआ है। बीज की एकता ही पेड़ के मूल, तना, शाखाएं, पत्ते और फल के विविध रूपों में प्रकट होती हैं। अर्थात जो सूक्ष्म है वहीं विराट है। जो विराट है वही सूक्ष्म है। अत: सूक्ष्म और विराट में, व्यष्टि एवं समष्टि में तथा मनुष्य एवं समाज में द्वंद नहीं एकात्म भाव है जो जीवन को टुकड़ों में नहीं देखता। वह खंडित दृष्टि नहीं अपितु समग्र दृष्टि प्रदत्त करता है। आत्मीयता और सहानुभूति मानव की आध्यात्मिक चेतना है जो व्यक्ति और समाज के संबंधों में संतुलन स्थापित करती है। यही भारतीयता की उत्तरजीविता का प्राण है। विविधता में एकता अथवा एकता का विविध रूपों में व्यक्तिकरण ही हमारी संस्कृति का केंद्रीय भाव है, विचार है। इसीलिए वह एकात्मवादी है।**

भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय की पवित्र भावना से ओतप्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दार्शनिक चिंतन वैश्विक कल्याण की विशुद्ध भारतीय परिकल्पना के शाश्वत विचार प्रवाह का वो अमृत कलश है जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े शोषित, पीड़ित, निर्धन, निरीह और निराश व्यक्ति के समग्र उत्थान अर्थात अंत्योदय के प्रति समर्पित है। यह महज एक नारा नहीं वरन सर्वत्र मानव समाज का एकात्म रूप में दर्शन का जीवंत विचार है। यह यूरोपीय पुनर्जागरण के मानववाद से परे नए संस्करण में समग्र समाज को एक भिन्न दृष्टि से देखने के कारण नई समाज रचना का गतिशील प्रतिमान प्रस्तुत करता है।

पंडित उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को धनकिया, राजस्थान में हुआ था। बाल्यावस्था में ही माता पिता के स्नेह से वंचित, अनाथ दीनदयाल का लालन-पालन मामा की देखरेख में हुआ। विषम परिस्थितियों में भी वे प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा अर्जन तक सदैव प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कानपुर में अध्ययन के दौरान 1937 में उनकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति रुचि जागृत हुई और संघ के संपर्क ने उनके जीवन की दिशा को बदल दिया। 1942 में उन्हें लखीमपुर का जिला प्रचारक नियुक्त किया गया। मामा जी के आग्रह पर वे प्रशासनिक सेवा परीक्षा में बैठे और उनका चयन भी हुआ लेकिन समाज में अंत्यजनों की दुरावस्था से आहत पंडित दीनदयाल ने सरकारी नौकरी को गुलामी मानकर उसका परित्याग कर दिया। जीवन में संघ की विचारधारा को पूर्णताः आत्मसात कर देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना खिलता हुआ जीवन पुष्प, भारत माता के श्री चरणों में अर्पित करने का संकल्प धारण कर चल पड़े राष्ट्रभक्ति का अलख जगाने व राष्ट्र के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए। उन्हें उत्तर प्रदेश के सह प्रांत प्रचारक का दायित्व मिला। 21 सितंबर 1951 को लखनऊ में विशाल सम्मेलन बुलाकर उत्तर प्रदेश प्रादेशिक जनसंघ की स्थापना की। इसी सम्मेलन में आपने जनसंघ को अखिल भारतीय रूप देने का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से पारित हुआ और 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में दिल्ली में भारतीय जनसंघ ने अखिल भारतीय स्वरूप प्राप्त किया। दीनदयाल जी को जनसंघ का महामंत्री घोषित किया गया। आप 15 वर्षों तक भारतीय जन संघ के राजनीतिक रथ का संचालन करते रहे। 1963 में जौनपुर से लोकसभा का उपचुनाव भी लड़ा किंतु पराजित हुए उसके बाद आजीवन लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा। राजनीति में विरोध के लिए विरोध के सख्त विरोधी दीनदयाल जी ने कहा कि सिद्धांत की बलि चढ़ा कर मिलने वाली विजय सच पूछो तो पराजय से भी बुरी है। ऐसी विजय हमें नहीं चाहिए। इस प्रकार राजनीति में रहकर भी उन्होंने सिद्धांत और व्यवहार तथा कथनी और करनी में संतुलित समन्वय की मिसाल कायम की।

राष्ट्र सेवा, समाज सेवा और व्यक्ति सेवा की भीष्म प्रतिज्ञा लेने वाले आजीवन ब्रह्मचारी पंडित दीनदयाल उच्च कोटि के विचारक, पत्रकार, दार्शनिक, प्रतिभा संपन्न लेखक, सजग राजनीतिज्ञ, निपुण संघटक, प्रभावी वक्ता और सफल आंदोलन कर्ता थे जिनका साहित्यिक जीवन भी अत्यंत गौरवशाली रहा। राष्ट्र धर्म (मासिक), स्वदेश (दैनिक) तथा पांचजन्य (साप्ताहिक) का प्रकाशन उनके मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। वस्तुतः रचनात्मक लेखनी के धनी पंडित दीनदयाल के लेखन का एकमात्र लक्ष्य भारत की प्रतिष्ठा वृद्धि अर्थात राजनीतिक दृष्टि से सुदृढता, सामाजिक दृष्टि से उन्नति और आर्थिक दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र निर्माण रहा।

साधन और साध्य की पवित्रता में अटूट आस्था रखने वाले पंडित जी की सहजता सरलता और सादगी उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान थी। उनके व्यक्तित्व के अनेक ऐसे प्रसंग, संस्मरण हैं जो वर्तमान परिपेक्ष में हमें प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं। एक बार की बात है किसी विश्वविद्यालय में चर्चा सत्र के दौरान पंडित दीनदयाल जी ने विदेशों में प्रकाशित नए ग्रंथों के संदर्भ दिए जो उस विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में पहुंचे ही नहीं थे या विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी नहीं जानते थे। उनके विद्वता पूर्ण प्रामाणिक और सारगर्भित भाषण से अभिभूत होकर एक प्रोफेसर ने कहा इस व्यक्ति की केवल वेशभूषा ही साधारण है वरना ये तो यह विद्वानों का विद्वान हैं। इनमें मुझे कहीं शरीर नजर नहीं आता। ऊपर से नीचे तक केवल बुद्धि ही बुद्धि के अलावा और कुछ है ही नहीं। वहीं एक प्रसंग में डॉक्टर मुखर्जी ने कहा कि जैसा मैं चाहता था वैसा ही साथी मुझे मिल गया और मुझे ऐसे दो दीनदयाल और दे दीजिए तो मैं सारे देश का नक्शा बदल दूंगा।

राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान के लिए संकल्पित दीनदयाल जी का विश्वास था कि यह कार्य हमारे पुरुषार्थ से धर्म का संरक्षण करते हुए संपूर्ण राष्ट्र की संगठित कार्य शक्ति द्वारा ही किया जा सकता है। हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है केवल भारत नहीं। माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा मात्र रह जाएगा। मानव समाज को समग्रता में देखने का उनका अभिनव चिंतन बौद्धिक दृष्टि से प्रगल्भ, वैचारिक निष्ठा और नैतिक मूल्यों का पक्षधर था। संसार में एकता का दर्शन कर उसके विविध रूपों के बीच परस्पर पूरकता को पहचान कर उनमें परस्पर अनुकूलता का विकास करना तथा उसका संस्कार करना ही संस्कृति है। प्रकृति को ध्येय की सिद्धि के अनुकूल बनाना संस्कृति तथा उसके प्रतिकूल बनाना विकृति है। संस्कृति प्रकृति की अवहेलना नहीं करती। हमारी संस्कृति संपूर्ण जीवन का, संपूर्ण सृष्टि का संकलित विचार करती है। वह समाज जीवन के मूल आधारों के एक्य की बात करती है। इसके विपरीत पश्चिम विश्वास करता है कि जीवन में प्रगति का आधार राज्य और व्यक्ति के मध्य सदैव चलने वाला वर्ग संघर्ष है। पश्चिम के संघर्ष की यह अवधारणा संस्कृति अथवा प्रकृति का नहीं विकृति का द्योतक है। विकृति, प्रकृति एवं संस्कृति को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि छीन कर खाने को विकृति, भूख लगने को प्रकृति और मिल बांट कर खाने को संस्कृति कहते है। आर्थिक चिंतन में वह अथार्याम शब्द का प्रयोग करते हुए उसे योग के प्राणायाम के संदर्भ में परिभाषित करते हैं। वे कहते हैं जैसे प्राणायाम में हम सांस अंदर खींचते हैं और बाहर निकालते हैं उसी तरह से हमें अथार्याम में धन प्राप्त करना चाहिए परंतु कर के रूप में एक हिस्सा राष्ट्र को भी देना चाहिए तभी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से उन्नति कर सकेगा। वे उदाहरण देकर स्पष्ट करते हैं कि जैस रक्त एक स्थान पर एकत्र हो जाए तो थक्का बनकर स्वास्थ्य के लिए घातक बन जाता है ऐसे ही अर्थ भी एक ही व्यक्ति के पास बहुत अधिक मात्रा में इकट्ठा हो जाए तो वह सामाजिक स्वास्थ्य को प्रदूषित कर देता है। हमारी सांस्कृतिक चेतना राज्य और व्यक्ति को एक दूसरे का पूरक ही नहीं वरन सर्वांग का एक भाग मानती है। अतः यह नाता संघर्ष का नहीं वरन भाईचारे का है, समन्वय का है, आपसी सद्भाव और मैत्री का है। जैसे ऑक्सीजन हमें वनस्पतियों से मिलती है तथा वनस्पतियों के लिए आवश्यक कार्बन डाइऑक्साइड प्राणी जगत से प्राप्त होती है। इसी परस्पर पूरकता अथवा सहयोग के कारण ही संसार चलता है।

जीवन मैं अनेकता और विविधता होते हुए भी मूलभूत एकता है। वट वृक्ष विराट है। बीज सूक्ष्म हैं। बीज में वृक्ष अपनी संपूर्ण विशालता सहित समाया हुआ है। बीज की एकता ही पेड़ के मूल, तना, शाखाएं, पत्ते और फल के विविध रूपों में प्रकट होती हैं। अर्थात जो सूक्ष्म है वहीं विराट है। जो विराट है वही सूक्ष्म है। अतः सूक्ष्म और विराट में, व्यष्टि एवं समष्टि में तथा मनुष्य एवं समाज में द्वंद नहीं एकात्म भाव है जो जीवन को टुकड़ों में नहीं देखता। वह खंडित दृष्टि नहीं अपितु समग्र दृष्टि प्रदत्त करता है। आत्मीयता और सहानुभूति मानव की आध्यात्मिक चेतना है जो व्यक्ति और समाज के संबंधों में संतुलन स्थापित करती है। यही भारतीयता की उत्तरजीविता का प्राण है। विविधता में एकता अथवा एकता का विविध रूपों में व्यक्तिकरण ही हमारी संस्कृति का केंद्रीय भाव है, विचार है। इसीलिए वह एकात्मवादी है।

दीनदयाल जी ने भारतीय संस्कृति को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समुच्चय निरूपित किया और मनुष्य के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि और परमेष्टी की कल्पना में धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष के चार पुरुषार्थ का प्रतिपादन किया। धर्म से अर्थ की सिद्धि होती है और अर्थ से काम की पूर्ति होती है। अर्थ, काम, धर्म आधारित होता है तब अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस प्रकार यह सभी परस्पर विविध होते हुए भी एक दूसरे के पूरक हैं। यही अंतरभूत एकता ही एकात्म मानववाद का प्रकटीकरण है।दीनदयाल जी मानते हैं कि राष्ट्र की भी एक आत्मा होती है जिसे चिति कहा गया है। चिति किसी समाज की वह प्रकृति है जो जन्मजात है। चिति समाज की संस्कृति की दिशा निर्धारित करती है। अर्थात जो चीज चिति के अनुकूल होती है वह संस्कृति में सम्मिलित कर ली जाती। चिति वह मापदंड है जिससे हर वस्तु को मान्य अथवा अमान्य किया जाता है। यही राष्ट्र की आत्मा है। इसी आत्मा के आधार पर राष्ट्र खड़ा होता है और यही आत्मा राष्ट्र के प्रत्येक श्रेष्ठ व्यक्ति के आचरण द्वारा प्रकट होती है।

इस प्रकार पंडित दीनदयाल जी के समग्र चिंतन का फलक बहुआयामी है जिसे शब्दों की परिधि में बांधना बहुत कठिन है। भौतिक सुख-सुविधाओं की चकाचौंध से कोसों दूर समस्त प्रकार की महामाया को तिलांजलि देने वाले निष्काम कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का चिर प्रासंगिक दर्शन ही हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है जिसकी रोशनी में हमें सच्चे वैभव युक्त नए भारत की कल्पना को साकार करना है।

# वादों की झड़ी



सिद्धार्थ शंकर

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने ह्यसंकल्प पत्र 2022ह्व जारी कर दिया। इस संकल्प पत्र में कुल 130 वादे किए गए हैं। वहीं, सपा ने अपने घोषणा पत्र के साथ 22 के लिए 22 संकल्प भी जारी किए हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में कांग्रेस के वादे की तरह स्कूटी स्कीम से लेकर समाजवादी पार्टी की तरह किसानों को मुफ्त बिजली का वादा तक शामिल है। समाजवादी पार्टी ने सभी फसलों पर एमएसपी देने का वादा किया है। भाजपा ने भी इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कर लिया है। समाजवादी पार्टी ने गन्ना किसानों को 15 दिन के अंदर भुगतान करने की बात कही है। भाजपा ने कहा कि 14 दिन के अंदर गन्ना किसानों का भुगतान कराया जाएगा। देरी होने पर चीनी मील की तरफ से किसानों को ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। भाजपा ने भी इसे अपने संकल्प पत्र में शामिल कर लिया है। इसके अलावा भाजपा ने 25,000 करोड़ की लागत के साथ मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू करने का वादा किया है। कांग्रेस ने कॉलेज जाने वाली छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का वादा किया है। भाजपा ने भी इसे अपने संकल्प पत्र में शामिल कर लिया है। समाजवादी पार्टी ने वृद्धा और विधवा पेंशन को तीन गुना बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने हर विधवा और निराश्रित महिला को 1500 रुपये प्रति माह का पेंशन देने का वादा किया। कांग्रेस ने हर साल तीन गैस सिलेंडर महिलाओं को मुफ्त देने का वादा किया है। भाजपा ने होली और दीपावली में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने का एलान किया। सपा ने भी साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है। कांग्रेस ने पुलिस में महिलाओं की भर्ती बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने तीन नई महिला बटालियन शुरू करने का एलान किया। इसके अलावा तीन हजार पिंक पुलिस बूथ बनाने का भी एलान किया। कांग्रेस ने सरकारी भर्तियों में महिलाओं की भागीदारी 25प्रतिशत करने का वादा किया है। भाजपा ने यूपीपीएससी समेत सभी भर्तियों में महिलाओं की संख्या दोगुना करने का एलान कर दिया। सपा ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आराक्षण का वादा किया है। कांग्रेस ने महिलाओं को मुफ्त लोन देने का वादा किया। भाजपा ने एक करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपये तक का लोन न्यूनतम दर पर देने का एलान कर दिया। भाजपा ने कन्या सुमंगला योजना की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने का एलान कर दिया है। भाजपा ने गरीब बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का एलान किया। पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से स्वयं सहायता मिशन की शुरूआत का एलान भाजपा ने किया है। कांग्रेस ने 20 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। सपा ने सभी सरकारी पदों को भरने का वादा किया है। भाजपा ने कहा कि हर परिवार में कम से कम एक एक को रोजगार या फिर स्वरोजगार का अवसर देंगे। इसके अलावा सभी सरकारी रिक्तियों को भरा जाएगा। सपा और कांग्रेस ने युवाओं को टैबलेट और लैपटॉप देने का वादा किया है। भाजपा ने पिछली बार भी युवाओं को टैबलेट और लैपटॉप दिया था और इस बार भी अपने वादे को शामिल किया है। कांग्रेस ने प्रतियोगी छात्रों से फॉर्म की फीस न लेने का वादा किया है। भाजपा ने प्रतियोगी छात्रों को मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था कराने का वादा किया है। सपा ने हर जिले में खेल सुविधाओं को बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिम व खेल मैदान खोलने का वादा किया है। भाजपा ने एमबीबीएस की सीटों को दोगुना करने का वादा किया है। भाजपा ने छह हजार डॉक्टर और 10 हजार पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ति करने का एलान किया है। कुछ वादे आम हैं, जैसे मुफ्त बिजली, कोविड-19 से राहत और स्मार्टफोन। समाजवादी पार्टी के वादे तो बहुत दिलचस्प माने जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो इस चुनाव में सांडों को भी उतार दिया है। उन्होंने वादा किया है कि सांड से लड़कर दुर्घटना में मौत होने पर सपा सरकार पांच लाख का मुआवजा देगी। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी काफी समय है। लेकिन इस बीच सियासी दल के नेता बड़े-बड़े वादे करने से नहीं चूक रहे हैं। आने वाले समय में भी कई नए-नए वादे सामने आएंगे। इन वादों का जनता पर क्या असर पड़ेगा यह तो विधानसभा के चुनाव परिणाम ही बतायेंगे। लेकिन राजनीति के जानकारों का मानना है कि इन वादों में आने वाले खर्च का बोझ कहीं न कहीं उत्तर प्रदेश की जनता को ही उठाना पड़ेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### योजनाओं के मोनेटरिंग में होगी सहूलियतः उपायुक्त



मदरलैण्ड संवाददाता, देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा समाहरणालय परिसर में डीएमएफटी (पीएमयू) सेल कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को सबोधित करते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि डीएमएफटी (पीएमयू) सेल के माध्यम से जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्लानिंग, मोनेटरिंग, उनका क्रियान्वयन व सफल संचालन में काफी सहयोग मिलेगा। ऐसे में कार्यों के निष्पादन और कार्यालय की आवश्यकता को देखते हुए डीएमएफटी (पीएमयू) सेल को समाहरणालय परिसर में ही कार्यालय दिया गया है। साथ ही उक्त कार्यालय के माध्यम से सेल के उच्च शिक्षा प्राप्त अधिकारियों की प्रतिनियुक्त है, जिनके द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कार्यो का संपादन किया जाता हैं। इस दौरान मौके पर उपरोक्त के अलावे* उपविकास आयुक्त संजय सिन्हा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राजीव कुमार, डीएमएफटी (पीएमयू) के अधिकारी अमृता सिंह, आस्था जोशी, चिन्मय पाटिल, छप्पा किरण, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी व अन्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कृमि दिवस पर स्कूली बच्चों को खिलायी गयी कृमिनाशक दवा



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। राष्ट्रीय कृमि दिवस के मौके पर गुरुवार को स्कूली बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलायी गयी.उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर नवटोलिया में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विद्यालय के सभी बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल दवा खिलाया गया.इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार एवं बीसीएम दयाशंकर पासवान ने बच्चों को कोविड-19 के बारे में जानकारी दी.सभी बच्चों को मास्क पहनने, शारीरीक दूरी का पालन करने एवं साबुन से हाथ धोने को कहा गया.उन्होंने बताया कि साल में दो बार एल्बेंडाजोल की दवा दी जाती है.इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका मोती कुमारी, रकीबा शहनाज, शिक्षक नाफे कोनैन सहित अन्य मौजूद थे।

### आईसीडीएस के पूर्व लिपिक का निधन लोगों ने जताया शोक

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। आईसीडीएस कार्यालय गढ़पुरा के पूर्व लिपिक खोदावंदपुर पंचायत के मुसहरी गांव निवासी 64 वर्षीय रामबालक साहू का निधन मंगलवार की शाम उनके पैतृक आवास पर हो गया.उनके निधन पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम पदारथ महतो, उपमुखिया कामेश्वर महतो, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार, पूर्व उपमुखिया ध्रुव दास, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन कुमार धर्मा, युगेश्वर महतो, हरेराम महतो, अशोक महतो, शिक्षक राजेश कुमार, कुमार रजनीश रमन, शांति देवी, कुमारी पूनम भारती आदि ने उनके निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया है.

### कार्गो मालवाहक जहाज 250 किलोमीटर की दूरी तय कर भागलपुर के रास्ते कहलगांव पहुंचा!



मदरलैण्ड संवाददाता, भागलपुर। भागलपुर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जलमार्ग परियोजना कार्गो मालवाहक जहाज 250 किलोमीटर की दूरी तय कर पांचवें दिन भागलपुर के रास्ते कहलगांव पहुंच गया। कार्गो मालवाहक जहाज को 2 दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने पटना में हरी झंडी दिखाई थी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बांग्लादेश के मंत्री समेत दर्जनों लोग शामिल थे। जहाज के भागलपुर आने पर विक्रमशिला पुल पर उसे देखने वालों की भीड़ लग गई। गंगा की धारा मुख्य रूप से नवगछिया की ओर चले जाने के कारण जहाज उसी रूट से गुजरी। बताते चलें कि कार्गो जहाज के साथ दो अन्य जहाज एस्कॉर्ट कर रहे हैं। जहाज पर 200 टन चावल लदा है। भागलपुर विक्रमशिला पुल के पास से यह मालवाहक जहाज गुजरी। यह जहाज भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट के अनुसार डायमंड हर्बल से सुंदरवन मार्ग में प्रवेश करेगा जो हल्दिया से कुछ पहले हैं ,इसके बाद यह जहाज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो के ब्रह्मपुत्र नदी में प्रवेश कर जाएगा। चावल लदे लाल बहादुर शास्त्री जहाज को मार्च के प्रथम सप्ताह में ग्वाहाटी के पांडू बंदरगाह पहुंचना है। आपको बता दें की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जलमार्ग परियोजना के तहत पटना भागलपुर पहली बार अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग से जुड़ गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से मकान पूरा नही करने वाले के विरुद्ध नीलम पत्र वाद दायर

» मदरलैण्ड संवाददाता






अररिया। फारबिसगंज प्रखण्ड के अंतर्गत 16 पंचायतों से कुल 208 लाभुकों को चिन्हित किया गया है। लाभुकों के द्वारा प्रथम किस्त प्राप्त करने के 12(बारह)माह बीत जाने के बाद भी मकान निर्माण का कार्य को प्रारंभ नही करवाया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण आवास सहायक के द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान इन लाभुकों को मकान निर्माण प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया गया किंतु उनके द्वारा मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। जिसके आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज के द्वारा उजला और लाल नोटिस भी निर्गत किया गया। किंतु लाभुकों के द्वारा इसे भी गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज के द्वारा अंचल पदाधिकारी फारबिसगंज को कुल 208 लाभुकों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करने प्रतिवेदित किया गया हैं। नीलम पत्र वाद में नामित लाभुकों में उमा देवी, मनोरमा देवी, इसराफेल, नैना देवी, प्रवीण कुमार ऋषि देव, कलावती देवी, लीला देवी, सुरेशन राम,संगीता देवी, मनीषा देवी, रामजी देवी,माला देवी, फूलचंद ऋषि, कृष्णा देवी, हीरामणि देवी,शर्मिला देवी, करुणा देवी, फसन नादिर, मोहम्मद तैसुफ, सुकरा ऋषि देव,विनोद ऋषि देव, योगानंद ऋषि देव, अहिल्यादेवी,इंदिरा देवी प्रियंका देवी,आनंदी पैक,मुन्नी देवी, माधुरी देवी, रीना देवी, संजय तात्मा, ललिता देवी, रूणा देवी,साबिर तत्व,संतोष यादव,रूबी देवी,रिंकी देवी, गीता देवी जीवन शाह, बीना देवी, मनोज शर्मा,यशोदा देवी लुकमान, खैरुन्निस, शकुंतला देवी,उर्मिला देवी, सरिता देवी, रेखा देवी, अरविंद ऋषि देव, प्रमिला देवी, बीना देवी ,मालती देवी ,कमली देवी, नीलम देवी, रेखा देवी नूतन देवी, सोनी देवी ,चंदन देवी, आमना खातून, गुलाबी देवी, मोती देवी, दुखनी देवी ,सुमित्रा देवी, कमली देवी ,उर्मिला देवी ,अमेरिका देवी ,सुरजी देवी, आदि जो अमहारा, पिपरा, वोकरा, झिरूवा पुरवारी, अड़रहा, कीर्किचिया, सैफगंज, झिरूवा पछियारी, मुशहरी, मझुवा, औराही पश्चिम, हरिपुर, ढोलबज्जा, खेरखा, परवहा एवं मिजार्पुर पंचायतो के हैं।

### वित्तीय वर्ष 2016-2017 से लेकर 2020-21 तक का मामला

**क्या कहते हैं बीडीओ फारबिसगंज, राज किशोर शर्मा**

ये वैसे लाभुक है जो प्रथम किस्त मिलने के बाद भी अब तक मकान निर्माण का कार्य को प्रारंभ नहीं किए इसीलिए इन लाभुकों पूर्व में नोटिस देकर कार्रवाई की गई है। ग्रामीण आवास सहायक जो कार्य अपने क्षेत्र में ठीक से नहीं कर रहे थे उन पर पहले ही कार्रवाई के लिए भेजा जा चुका है।

**क्या कहते हैं आवास पर्यवेक्षक, निशांत नीरज**

लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान आवास सहायकों के द्वारा इन लाभुकों मकान निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया गया लेकिन लाभुकों के द्वारा इसे भी गंभीरता से नहीं लिया गया। तत्पश्चात नोटिस निर्गत कर कार्रवाई की गई है।

## कटिया में चल रहे तीन दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन मंत्रोच्चार से गुंजायन हुआ माहौल

### शुक्रवार को होगा अनुष्ठान का समापन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बांका। बांका के रजौन प्रखंड के ओडहरा पंचायत के कटिया गांव में चल रहे तीन दिवसीय अनुष्ठान में गुरुवार को दूसरे दिन पांच विद्वान पंडितों की टोली द्वारा मंत्रोचार के साथ कई विधिवत पूजा करवाया गया। तो दूसरे दिन लोग बाग में हर्षोल्लास का माहौल है ।और पूरा माहौल भक्ति रंग में रंग गया है। जबकि गुरुवार को भी पंचायत के मुखिया प्रवीण कुमार सिंह ने स्थल पर पहुंचकर अपनी हाजिरी लगवाई। जिसके बाद उन्होंने कहा कि यहां के सामुदायिक भवन का भी उद्घाटन नहीं हो पाया था। इस पावन मौके के अवसर पर उसका भी उद्घाटन करवाया गया। जिससे पंचायत के लाभुकों तक सीधे फायदा पहुंच सके। जबकि दिन भर गुरुवार को कीर्तन भजन का सिलसिला चलता रहा तो महिलाओं की लंबी कतार भी प्रतिमा स्थापित होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यह अनुष्ठान समापन होगा। जिसके बाद ग्रामीणों के तरफ से भंडारा का भी आयोजन किया गया है। इधर महादेवपुर, मालती, मोहना, ओडहरा, जगदीशपुर गांव समेत कई पंचायत के लोगों ने भी यहां पहुंचकर भक्ति कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई। वही आयोजन समिति ने बताया कि जगह-जगह वालंटियर तैनात किया गया है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत ना हो।

## वार्ड सचिव चयन में गड़बड़ी का मामला,बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई का किया अनुरोध



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। भरगामा प्रखंड के रघुनाथपुर उत्तर पंचायत के वार्ड नंबर 5 में वार्ड सचिव चयन में धांधली का मामला उजागर करते हुए संजय यादव,लल्लन यादव,युवराज यादव,निरंजन कुमार,दिनेश यादव,कृत्यानंद यादव,अरुण यादव,रुपेश यादव आदि ने बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई का अनुरोध किया है। दिए गए आवेदन में उक्त वार्ड के 20 से अधिक लोगों ने कहा है कि वार्ड सचिव चयन को लेकर वार्ड सदस्य चंदन यादव ने वार्ड के लोगों के सहमति से वार्ड सचिव का चयन करने में सहमत नहीं हुए और वह अपने पक्षधर लोगों को सचिव बनाना चाह रहे थे जिस पर लोगों ने आपत्ति की। आवेदन में लोगों ने कहा है कि वार्ड सदस्य द्वारा गोपनीय तरीके से अपने पक्षधर व्यक्ति को सचिव बनाना चाह रहा है जो सरासर गलत है। लोगों का कहना है कि सचिव का चयन पारदर्शी तरीके से होना चाहिए ताकि विकास कार्य के संचालन में परेशानी नहीं हो। लेकिन वार्ड सदस्य द्वारा ऐसा नहीं होने दिया जा रहा है। लोगों ने बीडीओ को आवेदन देकर अनुरोध किया है कि वार्ड नंबर 5 में वार्ड सचिव का चयन निष्पक्ष रूप से कराया जाए। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी ममता कुमारी ने आवेदन पर जांच करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वार्ड सचिव चयन के दौरान विभिन्न जगहों से लोगों द्वारा शिकायतें मिली है। सभी आवेदनों के संबंधित पर्यवेक्षक के समक्ष जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## लालू प्रसाद अभी बने रहेंगे फखऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### अक्टूबर में होगा दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। लालू प्रसाद यादव राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे. तमाम अटकलों को खारिज करते हुए पार्टी नेता अब्दुलबारी सिद्दीकी ने कहा है कि अभी पार्टी में किसी प्रकार का सांगठनिक फेरबदल नहीं होने जा रहा है. अक्टूबर में पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा, उसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा.इससे पूर्व गुरुवार को राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना के होटल मौर्य में हुई. पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कार्यकारिणी का उद्घाटन किया है. इस मौके पर उनके साथ छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अलावा बड़ी बेटी मीसा भारती और बड़े बेटे तेज प्रताप यादव भी मौजूद रहे हैं.इस दौरान एलान किया गया कि पूरे बिहार में राजद का 26 फरवरी से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा. सदस्यता अभियान 20 जून 2022 तक चलेगा. वहीं राज्य कार्यकारिणी का चुनाव 22 सितंबर को होगा. वहीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अक्टूबर में होगी. पंचायत, प्रखण्ड, जिला संगठन चुनावों की तिथि भी तय कर दी गयी है. आज के कार्यकारिणी की बैठक में अगले राष्ट्रीय परिषद के कार्यक्रम का निर्धारण किया गया.

राजद महासचिव अब्दुल बारी सिद्धिकी ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन 1 अक्टूबर को राजद के नये अध्यक्ष का चुनाव होगा. अब्दुल बारी सिद्दकी ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद हमेशा स्वास्थ रहे. ताकि गरीबो और जरूरतमंदों को न्याय मिलता रहे. साथ ही सिद्दकी ने कहा वो दिन आएगा जब सारी राजनीति आरजेड़ी के इर्द-गिर्द घूमेगी.

इससे पहले राष्ट्रीय कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए अशफाक करीम ने कहा कि तेजस्वी लालू दोनों वैचारिक रास्ते पर मजबूती से चल रहे हैं, वो वक्त जल्द आएगा, जब तेजस्वी बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे. पिछले सभी गलतियों को भूलकर आगे बढ़ने की जरूरत है. सरकार बनाने के लिए पिछले बातों से सबक लेना होगा.

वहीं शिवानंद तिवारी ने संबोधन करते हुए कहा कि नीतीश कुमार महात्माकी बात करते है. आज गांधी को गाली दी जा रही है पर वो चुप है. यह राजनीति की नपुंसकता है. साथ ही कहा कि तेजस्वी ने चुनाव में जो मुद्दा उठाया वो सराहनीय है. सभी दलों को चुनाव में इसी मुद्दे पर आना पड़ा. आज बेरोजगारी की समस्या ज्वालामुखी की तरह है. इस विषय को बढ़ाकर ही राजनीति की जानी चाहिए. तेजस्वी को आगे बढ़कर बिहार में आंदोलन चलाना चाहिए.

## हाल रजौन प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र का बिल्कुल ऐसा हर शाख पर उल्लू बैठा अंजामे गुलिस्तां क्या होगा?



» मदरलैण्ड संवाददाता

बांका। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुपोषित अति कुपोषित बच्चें एवं गर्भवती धात्री महिलाओं को टेक होम राशन देने के विभागीय निर्देश देने के बावजूद इस कार्य में आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। और यकीन नहीं आए तो इसको लेकर रजौन प्रखंड के कुल 206 आंगनवाड़ी केंद्रो को अगर आप घूम कर देखेंगे। कमोबेश आपको सरकारी सिस्टम के खिलाफ आक्रोश जरूर दिख जाएगा। दरअसल सूत्र बताते हैं कि रजौन प्रखंड में कुल 206 आंगनबाड़ी केंद्र कागज पर संचालित हो रही है। जिनमें कई के पास अपना भवन भी नहीं है। तो रजौन प्रखंड के 18 पंचायत के कोई भी ऐसा गांव अछूता नहीं है। जहां सरकार द्वारा संचालित की जा रही इस योजना के प्रति लोगों का विश्वास हो। दरअसल सूत्र यह भी बताते हैं कि कई आपको ऐसे आंगनवाड़ी केंद्र सिर्फ कागजों पर ही संचालित मिलेंगे। जबकि सेविका कहीं की और ड्यूटी उसकी यहां बनाई जा रही है। और यदा-कदा जब इन लोगों पर गाज गिरने की बारी आती है तो, राजनीतिक आकाओं के पास। या प्रखंड पहुंच कर अच्छी खासी चढ़ावा चढ़ा कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है।

हालांकि पोशाक योजना के तहत कई ऐसे आंगनवाड़ी केंद्र के लाभुक आपको मिल जाएंगे। जो सबसे पहले आपको यही बताएंगे। पैरवी वाला को मिल रहे हो बाबू। अब ऐसे में जब हमने पड़ताल शुरू की तो यकीन मानिए इस सरकारी योजना के खिलाफ लगभग आपको हर गांव में हर लोग मिल जाएंगे। अब ऐसे में सरकार की इन योजनाओं को गर्त में धकेलने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उन पर त्वरित कार्यवाही किया जाना चाहिए। जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे धरातल पर उतर सके और आम जनमानस को इसका फायदा पहुंच सके। इधर कई आंगनवाड़ी केंद्रों के सहायिका का भी वेतन भुगतान अब तक नहीं हो पाया है कई कई महीनों से, अब ऐसे में जनता खुद समझ रही है। हालांकि इस संदर्भ में जब सीडीपीओ से संपर्क साधना चाहा। तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। हालांकि लोग यह भी बताते हैं कि कई बार टी एच आर के चक्कर में कई केंद्रों पर अच्छी खासी लड़ाई भी हो चुकी है। अब ऐसे में कहना लाजमी होगा कि, हर शाख पर उल्लू बैठा अंजामे गुलिस्तां क्या होगा।

इधर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर भी सूत्र बताते हैं कि बिना चढ़ावे का नहीं होता है।हालांकि इस संदर्भ में जब दो-तीन नवनिर्वाचित मुखिया जी से पूछा गया, साहब ने बड़े प्यार से जवाब दिया अभी तो पूरा डाटा मंगवाया हूं। तो साहब यहां पर कहना लाजमी है कि यहआपका भी फर्ज बनता है। क्योंकि आम जनमानस ने आपको विश्वास सौंपा है।

## बिहार में 14 बाइपास के निर्माण का रास्ता साफ बोले नितिन नवीन- गांव के करीब पहुंच रहा हाइवे

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार भर में सुलभ संपर्कता के तहत 14 बाइपास निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. बहुत जल्द 509 करोड़ की लागत से बनने वाले इन बाइपासों की जल्द मंजूरी ली जायेगी. राज्य में सड़कों का नेटवर्क बढ़े. किसी गांव से 40 किलो मीटर के बाद कम से कम एक हाइवे मिले. इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर 2035 के लिए एक मास्टर प्लान तैयार हो रहा है. जिसके बाद सड़कों की निगरानी आसान हो पायेगा. मंत्री बनने के एक साल पूरा होने पर बृहस्पतिवार को पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने अपनी उपलब्धियों को साझा करते हुए यह जानकारी दी.

**बिहार हो रहा चहुमुखी विकास**

मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार चहुमुखी विकास कर रहा है. सड़कों को मेंटेन करने के लिए ओपीआरमीएस लागू है. मरम्मत में कहीं भी किसी भी स्तर पर कोताही न हो, इसके लिए विशेष एप और मुख्यालय में वार रूम मार्च से काम करने लगेगा. बजट सत्र के दौरान ही बिहार की ब्रिज मेंटेन पॉलिसी पारित हो जाएगी. इससे पुलों का रखरखाव और बेहतर हो सकेगा.

**गांव से अधिकतम 40 किमी पर हाइवे**

विभाग का लक्ष्य है कि जिला मुख्यालय कम से कम चार लेन सड़क से जुड़ा हो और किसी भी गांव से चार लेन सड़क की दूरी 40 किलोमीटर से अधिक न हो. एक साल में तीन एनएच आमस-दरभंगा, पटना-आरा-सासाराम और पटना-मानिकपुर-साहेबगंज-अरेराज की मंजूरी मिली. 5585 करोड़ की 22 राष्ट्रीय उच्च पथ परियोजनाओं की मंजूरी प्रदान की गई जिसमें तीन आरओबी है. 13 हजार 37 करोड़ की लागत से 12 एनएच पर काम शुरू हुआ. 7684 करोड़ की लागत वाली नौ एनएच के लिए निविदा जारी कर दी गई.

**आठ पुल निर्माण योजना की मंजूरी**

राज्य बजट के पूर्ण उपयोग का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि एक साल में 130 किलोमीटर एसएच का उन्नयन हुआ. 2727 करोड़ की लागत से 271 किमी लंबे सात एसएच का उन्नयन एडीबी से कर्ज लेकर शुरू किया गया. 1096 किमी लंबी वृहद जिला पथों (एमडीआर) का नवीकरण हुआ. एक साल में 176 किमी लंबी 46 योजनाओं को पूरा किया गया. औरंगाबाद, बांका, गया के लिए विशेष योजना से 189 किमी सड़कों पर काम शुरू हुआ. एक साल में 716 करोड़ की लागत से 59 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हुआ. 920 करोड़ की लागत से आठ पुल निर्माण योजना की मंजूरी दी गई.

**इस साल पूरी होने वाली सड़कें**

127.22 किमी लंबी पटना-गया डोभी

115.33 किमी लंबी आरा-परिया-मोहनिया

91.75 किमी लंबी भोजपुर-कोईलवर-बक्सर

44.60 किमी लंबी बख्तियारपुर-मोकामा

60.23 किमी लंबी सिमरिया-खगड़िया

04 लेन पुल सुल्तानगंज से अगुआनी घाट के बीच

एनएच 82 गया-हिसुआ-राजगीर-नालंदा-बिहारशरीफ

60 करोड़ की लागत से बन रहा लोहिया पथ चक्र

**रिपोर्ट कार्ड जारी**

वहीं, इसी सत्र में ब्रिज पॉलिसी को लागू किया जायेगा, ताकि बिहार के पुल -पुलियों व सड़क का मेंटेनेंस को देखा जा सकता है. ये बातें गुरुवार को पथ निर्माण विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने अपने एक साल के काम - काज के संबंध में पटना के एक निजी होटल में रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहीं. उन्होंने कहा कि केंद्र-राज्य सरकार की सहभागिता के कारण राज्य में सड़कों का नेटवर्क बढाया जायेगा.भारत माला प्रोजेक्ट से बिहार को लाभ होगा और बिहार पहुंचने में किसी भी राज्य में कम से कम समय लगेगा.

# 23-24 फरवरी को पीएससी का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। बारसोई अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जूही महबूबा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बलरामपुर के विधायक महबूब आलम रहे। बैठक में आशा संयुक्त संघ मोर्चा के आह्वान पर 17 फरवरी को सभी आशा कर्मी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। जूही महबूबा ने कहा कि सरकार द्वारा आशा कर्मी से सारी योजनाओं में कार्य कराया जाता है।इतना ही नहीं कोविड-19 जैसे महत्वपूर्ण कार्य आशा कर्मी से करवाया गया। लेकिन नीतीश सरकार में आशा कर्मियों की अनदेखी हो रही है। श्रीमती जूही ने कहा कि 23-24 फरवरी को पीएससी का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा। वही मुख्य अतिथि विधायक महबूब आलम ने उपस्थित आशाओं को संबोधित23-24 फरवरी को पीएससी का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा करते हुए कहा कि सरकार आशा कर्मी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य कार्य करवाने के सरकार को इन्ही से काम लेती है तो सरकार के सारे सुख सुविधा से ये वंचित क्यों रहें। आशा कर्मियों का मांग पूरी तरह से जायज है। जैसे कि सरकारी सेवा का दर्जा, न्यूनतम 21000 वैधानिक वेतन, प्रोत्साहन पारितोषिक राशि भुगतान में एकरूपता एवं भ्रष्टाचार कमीशन खोरी पर रोक दे राशि का ससमय अध्ययन भुगतान कोरोना ड्यूटी हेतु 10,000 कोरोना भुगतान पारितोषिक शब्द को मानदेय करते हुए 10,000 करना फैंसीलेटटरो को पोशाक एवं 20 दिन की जगह पूरे माह का भ्रमण भत्ता जनवरी 19 के समझौता के लंबित बिंदुओं का क्रियान्वयन सहित मांगे शामिल हैं। विधायक श्री आलम ने कहा कि आशा के मामले को विधानसभा में भी उठाया जाएगा। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित आसमा खातून, मोहम्मद यासीन, आदि दर्जनों आशा कर्मी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नर्सिंग होम की लापरवाही से डिलीवरी मरीज की मौत परिजनों ने किया हंगामा



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। शहर के निजी नर्सिंग होम में संचालक एवं डॉक्टरों की लापरवाही के कारण डिलीवरी मरीज की मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के परिजनों ने नर्सिंग होम में घुसकर जमकर बवाल काटा। स्थिति की भयावहता को देखते हुए संचालक अपने कर्मियों के साथ फरार हो गया। महमूद चौक निवासी मोहम्मद एखलाक ने बताया कि आज सुबह 10:00 बजे अपनी खलीरी बहन 22 वर्षीय तमन्ना खातून को ए टू जेड नर्सिंग होम भर्ती कराया था। लेकिन ऑपरेशन थिएटर में इंजेक्ट करने के 15 मिनट बाद ही पेसेंट की मौत हो गई। पहली डिलीवरी होनी थी। तमन्ना खातून को नर्सिंग होम में भर्ती कराने से पूर्व सदर अस्पताल कटिहार लाया गया। वहां डॉक्टर के द्वारा जांच उपरांत बेहतर डिलीवरी के लिए निजी नर्सिंग होम ए टू जेड आशा के माध्यम से भेज दिया गया। लेकिन भर्ती कराने के बाद अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण तमन्ना खातून की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने नर्सिंग होम की लापरवाही के बाद जमकर बवाल करते हुए तोड़फोड़ मचाना शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नर्सिंग होम के सभी कर्मी व्यवस्थापक समेत फरार हो गए। वही घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बुझाकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### मौका मिला तो पंचायत प्रतिनिधियों के हक की होगी बात- सुनील कुमार यादव



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव ने कदवा प्रखंड के जाजा, तेतलिया, सिकोरना सहित कई पंचायतों में जाकर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया साथ ही उन्हें माला पहनाकर बधाई दी। वहीं आगामी एमएलसी चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव ने कहा कि आगामी एमएलसी चुनाव में अगर मौका मिला तो जनप्रतिनिधियों के हक- हुकूक की बात होगी और आवाज बुलंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनप्रतिनिधियों के साथ बहुत सारी परेशानी है। जिसकी आवाज बुलंद करने वाला या हक की बात करने वाला कोई नहीं है। मौके पर पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर, आवेदीन, मोहम्मद नूरुल, नजमुल,अहमद, वीरेन, नैयर, सहित अरुण सिंह,किशोर यादव, चांद खान एवं कई कांग्रेस के नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार युवक को भेजा गया जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर थाना क्षेत्र के रोशना ओपी पुलिस ने विदेशी शराब के साथ मद्य निषेध अभियान के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए रोशना ओपी प्रभारी प्रेम कुमार भारती ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली दीवानगंज हॉल्ट स्टेशन के समीप बाबूपुर गांव निवासी मुकेश यादव उम्र-24 वर्ष पिता शिव दयाल यादव को 34 लीटर आठ सौ एमएल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए एक बिना नंबर प्लेट के हीरो कंपनी बाइक को जब्त किया गया था। उक्त गिरफ्तार युवक के विरुद्ध मद्य निषेध अभियान के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उक्त गिरफ्तार युवक को पूर्व में उत्पाद विभाग कटिहार के द्वारा शराब कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### प्रखंड स्तरीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर प्रखंड मुख्यालय के मैदान में नेहरू युवा केंद्र कटिहार एवं युवा विकास संगठन प्राणपुर के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रमुख रोशनी खातून बीडीओ कुमार सौरभ एवं पूर्व उप प्रमुख प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। वही युवा विकास संगठन के अध्यक्ष आतिश कुमार ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चार टीम एवं कबड्डी चार टीम एवं दो सौ मीटर दौड़ में बीस प्रतिभागी भाग लेंगे।पहला वॉलीबॉल खेल सिरंडा बनाम केहुनियाँ के बीच खेला गया।जिसमें केहुनियाँ टीम ने 7-3 से जीत हासिल किया।वहीं दूसरी ओर कब्ड्डी प्राणपुर बनाम केहुनियाँ बी.टीम के साथ खेला गया।जिसमें केहुनियाँ के बी.टीम ने जीत हासिल की। कार्यक्रम का मंच संचालन युवा विकास संगठन के अध्यक्ष आशीष कुमार दिपांकर एवं सचिव मिथिलेश कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रणजीत सिंह,तारणी रजक, रंजन सिंह नजीमुल हक सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बकाये बिजली बिल धारकों का भुगतान नहीं होने पर कटेगा कनेक्शनः जेई



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार।विद्युत विभाग प्रशाखा सालमारी के कनीय अभियंता अमित कुमार ने टीम गठित कर माह अप्रैल2021से जनवरी2022तक बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के मीटर की जांच कर फरवरी तक बकाया बिल भुगतान करने का निर्देश देते हुए कहा बिल जमा नहीं होने की स्थिति में बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा। उन्होंने बताया इस प्रशाखा के अंतर्गत10889उपभोक्ताओं ने पिछले एक वर्ष से एक बार भी बिलजी बिल जमा नहीं किया है।ऐसे में सालमारी प्रशाखा अन्तर्गत करोड़ों का बिजली बिल बकाया है।जो चिंताजनक बात है।अब तक 203उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है।बावजूद इसके उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल जमा करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा राजस्व संग्रह के लिए टीम गठित किया गया है।इस के लिए विशेष अभियान चला कर बिजली बिल वसूली के लिए आरआरएफ कर्मी घर पर जा कर बिजली बिल निकाल कर दे रहा है।लोगों से आग्रह पूर्व बिल जमा करने की बात कही जा रही।इस के बाद भी बिल जमा नहीं होने पर इस माह के बाद कनेक्शन काट दिया जायेग।उन्होंने बताया जीरो से दस युनिट बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के परिसर एवंमीटरकीजांचकीजाएगी।बिजली मीटर या मेन तार से किसी तरह की छेड़खनी प्रतीत होने पर या बिजली चोरी करते पकडे जाने पर उस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

## पिस्टल व गोली के साथ एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। नगर एवं सहायक थाना पुलिस के संयुक्त प्रयास से गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात नगर थाना क्षेत्र के बड़ी बाजार इलाके से एक युवक को एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक अन्य युवक भागने में सफल रहा। गुरुवार को एसडीपीओ ओमप्रकाश ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजन कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गुरु सूचना नगर और सहायक थाना को मिली थी की नगर थाना क्षेत्र के बरा बाजार स्थित चालीसा हाट में दो युवक पिस्टल के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद सहायक व नगर थाना पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें आकाश पांडे को पिस्टल और एक गोली के साथ बरामद किया गया। जबकि एक और युवक हर्ष कुमार पुलिस को देखते ही भाग निकला। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों थाना के संयुक्त प्रयास से यह सफलता हासिल हुई। गिरफ्तार युवक आकाश को जेल भेज दिया गया है। जबकि भागने वाले हर्ष कुमार की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। पकड़े गए युवक आकाश का अपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है।

## लाभुकों को प्रदान की गई स्वीकृत्यादेश की प्रति

» मदरलैण्ड संवाददाता

मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लाभुकों को गुरुवार को स्वीकृत्यादेश की प्रति दी गई।इस योजना के 122 लाभुकों को श्रम अधीक्षक राकेश रंजन ने समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में इसकी प्रति प्रदान की।122 लाभुकों में 81 स्वाभाविक मृत्यु,39 सड़क दुर्घटना तथा दो स्थायी निःशक्तता को अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्वी चंपारण धीरज कुमार,श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी मोतिहारी सदर जुली कुमारी,रवींद्र भूषण,विकास कुमार,अनिल कुमार सिन्हा,अनुभव कुमार,पुरुषोत्तम कुमार,राम प्यारेलाल,जिला कौशल प्रबंधक सुधीर कुमार,राजीव नयन,अतुल कुमार श्रीवास्तव,राकेश कुमार चौधरी,सुनील कुमार,सगीर अहमद आदि उपस्थित थे।ज्ञात हो कि इस योजना अंतर्गत असंगठित कामगारों के मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को मुआवजा राशि दी जाती है।इसमें



स्वाभाविक मौत होने पर तीस हजार जबकि दुर्घटना मृत्यु में एक लाख की अनुदान राशि दी जाती है।स्थायी पूर्ण निःशक्तता की दशा में दुर्घटना या बीमारी की वजह से शिल्पकार या कामगार को 75 हजार की अनुदान राशि का भुगतान किया जाता है।वहीं आंशिक निःशक्तता की स्थिति में 37 हजार पांच सौ का अनुदान दिया जाता है।

## ग्रामीणों ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बारसोई अनुमंडल के कदवा प्रखंड अन्तर्गत बेनीझजलालपुर से दर्जनों ग्रामीण ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बारसोई पहुंच कर अपनी आपबीती रखी। ग्रामीण ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में योग्य लोगों का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना सूची में नाम नहीं जोड़ा गया जो बहुत धांधली और गड़बड़ी का शिकायत परिवाद दायर किया था। जिसके आलोक में लोक निवारण पदाधिकारी सुनवाई करते हुए प्रखंड के आवास सहायक से जवाब तलब किया। वही परिवाद दायर कर्ता रोशन अग्रवाल ने बताया कि बेनी जलालपुर के दर्जनों लोगों का प्रधानमंत्री आवास के सूची से नाम तो गायब है। बीपीएल सूची में दर्जनों लोगों का नाम अंकित है। राशन भी ले रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।जिसको लेकर लोक निवारण पदाधिकारी के समक्ष परिवाद दायर किया गया था।जिसे आज सभी लोग उपस्थित होकर अपनी आपबीती सुनाई सभी का कहना था कि प्रधानमंत्री आवास सहायक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कदवा ने हम सब गरीबों का नाम सूची में नहीं रखा तथा दूसरे लोगों का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में जोड़ दिया गया है। जो उसका लाभ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का सूची का जांच उच्च स्तरीय कराया जाए तथा जो योग्य है उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जल्द से जल्द दिया जाए वही लोक निवारण पदाधिकारी दिनेश राम ने विस्तृत रूप से सभी लोगों का सुना।

## पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच क्रम में दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।मिली जानकारी के मुताबिक बीते9फरवरी बुधवार की देर शाम आजमनगर पुलिस को सूचना मिली कि शराब की तस्करी को एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग उनके क्षेत्र से गुजर रहे हैं।

प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस ने उक्त मार्ग पर वाहन जांच शुरू किया इस दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर सवार हो आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया।जो पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया।जिसकी जांच किये जाने पर

उसके पास से12.6लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।जिसे पकड़ थानें लाया गया जहां दोनों ने पूछ ताछ में अपना नाम क्रमशःविनोद कुमार तांती28वर्ष पिता शंभू प्रसाद तांती छीटाबाड़ी निस मुर्मु26वर्ष पिता जित्तन मुर्मु दीगही मिशन टोला दोनो मुफस्सिल थाना जिला कटिहार का निवासी होना बताया है।बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बाद पुलिस लगातार शराब तस्करों और पियक्कड़ों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।बावजूद इसके न तो पियक्कड़ और ना हीं तस्कर सुधरने का नाम ले रहे हैं।आजमनगर थाना सालमारी ओपी की पुलिस क्षेत्र में इन दिनों शराब तस्करी को लेकर काफी सजग और शक्रिय है।किसी को नहीं छोड़ रही शराब के साथ तस्करों को जहां गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा वहीं पियक्कड़ों की भी शामत आयी हुई है।उसे भी नहीं बख्शा जा रहा बावजूद इसके शराब तस्कर और पियक्कड़ सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।वहीं आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई थाना क्षेत्र के पाल टोला पीसीसी मुख्य सड़क पर की गई है।शराब तस्करी मामले में मोटरसाइकिल जब्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 201 कन्याओं के द्वारा निकाली गई कलश शोभायात्रा

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी लालगंज पंचायत अंतर्गत महादेवपुर नवनिर्मित मंदिर के प्रागंण में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को 201 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।



कलश शोभायात्रा में पुरूष महिलाएं व बच्चे श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।गाजेबाजे के साथ कलश शोभायात्रा में शामिल कन्याएं ने काकेदह के विषहरी स्थान जल भरकर महादेवपुर गांव के भ्रमण करते मंदिर प्रागंण में पहुचे।वहीं पंडित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश को स्थापित किया गया। शोभायात्रा के दौरान जयकारा से क्षेत्र भक्तिमय माहौल में महादेवपुर गूंज हो गया।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करवाया गया।आयोजक कमेटी के अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि छः मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 10 फरवरी रोज गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई।11फरवरी कर्मकुटिर जलाधिवास अन्नाधिवास 12 फरवरी को स्नपन 13 फरवरी नगर भ्रमण एवं सैयाधिवास 14 फरवरी प्राण प्रतिष्ठा पुजन श्रृंगार महा आरती अष्टजाम शुरू 15 फरवरी समापन होगा।उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु महादेवपुर सेवा समिति सचिव प्रहलात राय शर्मा एवं सदस्यों ने तनमन धन से लगें हुए हैं।

## सात निश्चय योजना में निर्मित व क्रियान्वित योजनाओं की जांच के लिए कमेटी गठित

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार।लगातार सात निश्चय योजना के क्रियान्वयन में प्राक्कलन घोटाला सहित सड़क निर्माण में अनियमितता की खबरों को जिला प्रशासन के जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी कटिहार ने एक पत्र जारी कर जिले के 16 प्रखंड के 236 पंचायतों में सात निश्चय योजना के तहत बनने वाली पीसीसी सड़क के निर्मित व क्रियान्वित योजनाओं के जांच के आदेश जारी किये हैं।जिलाधिकारी ने आदेश देते हुए उक्त योजनाओं के जांच के लिए कमेटी गठित की है।जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने दिए आदेश में बताया है की विभिन्न माध्यमों प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रायः सात निश्चय योजना के तहत सड़क निर्माण हेतु तैयार की गई प्राक्कलन,एवं उसके अनुरूप सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है तथा कुछ ही समय में निर्मित सड़क टूट जाता है।अथवा उसकी स्थिति जर्जर हो जाती है जो गुणवत्ता विहीन व निम्न स्तर के सड़क निर्माण के कारण होता है।गत दिनों कदवा प्रखंड अंतर्गत अलग-अलग योजनाओं में से एक ही सड़क का निर्माण होने तथा प्राक्कलन निर्माण सहित सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ झाला तथा अनियमितता संबंधी शिकायतों का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्रों में किया गया है ऐसी खबरों से जहां एक ओर जिले की छवि धूमिल हो रही है वहीं दूसरी ओर कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा पंचायत या वार्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों का जिला एवं प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण सही ढंग से नहीं किए जाने की ओर इंगित करता है।उक्त के आलोक में कटिहार जिले के सभी 16 प्रखंडों में 236 ग्राम पंचायतों में वर्तमान नवगठित नगर पंचायत सहित में सात निश्चय योजना अंतर्गत निर्मित या क्रियान्वित योजनाओं की जांच हेतु जिला स्तर से टीम को गठित करते हुए मनरेगा कार्यपालक अभियंता कटिहार अजहर परवेज,सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, कटिहार, शशिकांत, कनिय अभियंता पीडब्ल्यूडी मुरली गौतम, कनिय अभियंता बलवंत कुमार को जांच टीम में लगाया गया है।गठित टीम के सभी सदस्यों को आदेश दिया गया है कि कार्य योजना बनाकर कटिहार जिले के सभी 16 प्रखंडों के 236 ग्राम पंचायतों में वर्तमान कार्यान्वित नवगठित नगर पंचायत सहित सात निश्चय योजना अंतर्गत निर्मित योजनाओं की स्थलीय जांच करते हुए मापी पुस्तिका के अनुरूप योजना का निर्माण होने तथा प्राक्कलन निर्माण योजना के अनुरूप होने संबंधी संयुक्त हस्ताक्षरित प्रतिवेदन स्पष्ट मंतव्य के साथ जिला विकास प्रशाखा कटिहार को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

**असर**

जिलाधिकारी द्वारा सात निश्चय योजना के जांच के आदेश जारी किए जाने के कारण कई संवेदक व कनीय अभियंता,टी ए के हाथ पांव फूलने लगे है।वही दबी जुबान से गलती किये गए जगहों पर जांच में गलत पाए जाने पर फंसने के भय से शिकायतकर्ताओ को रिझाने बुझाने का दौर पदाधिकारी व कई प्रतिनिधियों द्वारा जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ मानपुर थाना क्षेत्र से 10 लीटर चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मानपुर थाना अध्यक्ष विकास कुमार तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कमला नगर गांव में एक व्यक्ति दूध रखने वाला स्टील कैन में शराब छुपा कर ले जा रहा है। दल बल के साथ सूचनार्थ पर त्वरित छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान स्टील कैन में रखे 10 लीटर शराब के साथ सोनू मांक्षी को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर बता दे कि थाना अध्यक्ष ने बताया कि बिहार सरकार के मधनिषेध अधिनियम को उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर है। शराब बेचने या शराब पीने वाले व्यक्तियों को बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस को एक-एक पल की खबर मिलती रहती है, इसलिए आप लोग सावधान हो जाएं।

### पंचायतों में आमसभा की तिथि का हुआ निर्धारण

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आगामी 17 फरवरी से 19 फरवरी के बीच आमसभा की जायेगी. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति ने इस आशय का पत्र जारी किया है.जारी पत्र के अनुसार सागी, बाड़ा एवं मेघौल पंचायतों में 17 फरवरी, खोदावन्दपुर, दौलतपुर, फफौत पपंचायतों में 18 फरवरी एवं बरियारपुर पश्चिमी व बरियारपुर पूर्वी पंचायतों में 19 फरवरी को आमसभा का आयोजन किया जायेगा. सबकी योजना सबका विकास तथा ग्राम पंचायत विकास योजना से जुड़ें मुद्दों पर आमसभा में विचार विमर्श किया जायेगा.आमसभा के आयोजन की सूचना मुखिया, पंचायत सचिव एवं विभाग से जुड़ें सभी अधिकारियों को दे दी गयी है.

### लपंचायत समिति की बैठक 28 फरवरी को

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पहली बार खोदावन्दपुर पंचायत समिति की बैठक आगामी 28 फरवरी को होगी.प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति ने इस आशय का पत्र जारी किया है.बैठक की सूचना सांसद, विधायक, जिला पार्षद, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया के अलावे प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारियों को भेजी गयी है.

### आपसी रंजिश में काट दी मक्के की लहलहाती फसल



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। बरियारपुर पूर्वी पंचायत के मसुराज गांव में आपसी विवाद में विनाशक रुप ले लिया.आपसी रंजिश में मक्का की लहलहाती फसल को काट दिया गया.घटना की जानकारी पीड़ित द्वारा खोदावन्दपुर पुलिस को दे दी गयी है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है.मसुराज गांव निवासी राजेश कुमार साह एवं प्रमोद साह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ग्रामीण चन्द्रदेव साह के साथ विवाद हुआ था.उसे शंका है कि चन्द्रदेव साह ने ही अपने सहयोगियों के साथ बुधवार की बीती रात उन दोनों के मक्के की लहलहाती फसल को काट दिया है.इतना ही नहीं उसके खेत में लगें बोडिंग एवं मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया.

### पुलिस ने दलित बस्ती में छापेमारी कर देशी शराब किया बरामद

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर तरैया पुलिस ने छापेमारी कर 7 लीटर देशी शराब बरामद किया है। इस संबंध में पीएसआई रवि रंजन कुमार ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर नंदनपुर नट बस्ती में छापेमारी किया गया तो संजय नट के घर के बगल में झोपड़ी से 5 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। इसके बाद डेवढ़ी पूरब टोला दलित बस्ती में छापेमारी किया गया तो ज्ञान्ति देवी के घर के बगल से 2 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद किया गया। छापेमारी की सूचना पर धंधेबाज पूर्व से ही फरार हो चुके थे। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फरार धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### डीएम ने मंझौल अवर निबंधन कार्यालय का किया उद्घाटन, दस फरवरी से रजिस्ट्री हुआ शुरू



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने गुरुवार को मंझौल अवर निबंधन कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया.इस मौके पर अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि मंझौल अवर निबंधन कार्यालय के खुलने से अब चेरिया बरियारपुर, खोदावंदपुर एवं छौड़ाही प्रखंड क्षेत्र के लोगों को अब निबंधन कराने में काफी सुविधा होगी. इससे पूर्व डीएम ने मंझौल निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया.जमीन रजिस्ट्री कराने आये लोगों को डीएम ने प्रमाण पत्र भी दिया.मौके पर पूर्व मंत्री रामजीवन सिंह, कुमारी मंजू वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता चितरंजन सिंह के अलावे मुंगेर प्रमंडल के निबंधन सहायक निरीक्षक डॉ संजय कुमार, बेगूसराय अवर निबंधन कार्यालय के रजिस्टार ऋषि सिन्हा, मंझौल अवर निबंधन कार्यालय के प्रथम अवर निबंधन पदाधिकारी अभिषेक कुमार, मंझौल एसडीएम ई. मुकेश कुमार, मंझौल एसडीपीओ सत्येन्द्र कुमार सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे.बताते चले कि बेगूसराय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के द्वारा 01 अप्रैल 1991 ईस्वी को मंझौल अनुमंडल का दर्जा दिया गया था.

---

इनरवा बाजार ईदगाह मामले में जिला प्रशासन से जगी आस

## भाकपा माले और इंसाफ मंच ने किया जिला पदाधिकारी के समक्ष किया विशाल प्रदर्शन

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेतिया। भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इनरवा बाजार में 60 फीट सड़क चौड़ी है। मगर ईदगाह के सामने 100 फीट सड़क को चौड़ा करने का जिला प्रशासन और सरकार द्वारा मानक तय किया गया है, मगर इसके बावजूद ईदगाह के सामने 128 फीट जबरन गैरकानूनी तरीका से 11- 12 जनवरी को स्थानीय प्रशासन की देखरेख में इनरवा बाजार स्थित ईदगाह और आवासीय घर को तोड़ दिया गया है। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार से इनरवा बाजार में पुरानी सड़क को ही एलाइनमेंट का हिस्सा बनाने की मांग किया, और इण्डो नेपाल सीमा सड़क की चौडाई इनरवा बाजार में 60 फीट की तरह ईदगाह के सामने भी 60 फीट ही सड़क निर्माण कराने की सरकार से मांग की। वही जिला प्रशासन ने वादा किया एलाइनमेंट में बदलाव तक विवादित जगह पर अभी नहीं होगा।विधायक ने कहा कि इसके पुर्व में भी इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री बिहार सरकार और पथ निर्माण मंत्री को पत्र सौप चुके हैं। सरकार हमारी मांग को अबतक नहीं सुनीं है। अगर सरकार हमारी मांग पर विचार नहीं करेगी तो आगे विधानसभा के अंदर और बाहर बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होगें। वहीं मैनाटाड़ अंचल कार्यालय को अनिश्चित कालीन तालाबंदी करने की घोषणा किया।

**भाकपा के वरीय नेता गंगा प्रसाद वर्मा ने ईदगाह निमार्ण में आवाज किया बुलंद**

भाकपा जिला कमेटी के वरीय नेता सुनील कुमार वर्मा उर्फ गंगा वर्मा सदस्य ने कहा कि बिना जांच-पड़ताल के गलत मंशा से तोड़फोड़ करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही किया जाए तथा उजाडे गए गरीबों को तत्काल पुनर्वास कराया जाए।

इनके अलावा इनौस जिलाध्यक्ष फरहान राजा, सुरेन्द्र चौधरी,महमद राजा,भाकपा माले नेता सुनिल कुमार वर्मा उर्फ गंगा वर्मा, मुखतार मियां, अच्छे लाल राम इन्द्र देव कुशवाहा, संजय राम,अरसिया नाज आदि लोगों ने सभा को सम्बोधित किया।

## हेडमास्टर व मास्टर के बीच नोकझोंक ड्रामाबाजी का वीडियो वायरल

» मदरलैण्ड संवाददाता

- शिक्षण संस्थानों में इस तरह की हरकत होना शिक्षा के नाम पर कलंक



बेतिया। मैनाटांड़ जेपी संतोष प्रखंड क्षेत्र में स्तिथ लक्ष्मीपुर हाई स्कूल जहां हेडमास्टर और मास्टर अपने में ही भिड़ गए,हेडमास्टर और मास्टर घंटो करते रहे बकझक ग्रामीणों और छात्र के हुजूम लगा रहा मिली जानकारी अनुसार आपको बता दें की ऐसे पूर्व में 2 बार हो चुका हैं,जिसका वीडियो उपलब्ध नहीं हो सका,ऐसा हाई स्कूल में हर बार देखने को मिलता हैं,जब ऐसे हेडमास्टर और मास्टर स्कूल में करेंगे तो छात्र के ऊपर क्या परभाव जायेगा,क्या छात्र को शिक्षा प्राप्त हो पाएगी? मिली जानकारी सूत्रों से की हेडमास्टर जावेद आलम और मास्टर मो॰ आलम के द्वारा ऐसा मामला तीसरी बार हो चुकी हैं हाई स्कूल में आखिर अब तक मामला के जांच कर उचित करवाई क्यों नहीं?

जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा गहन जांच के विषय है,ऐसे वायरल वीडियो को मदरलैंड वॉयस पुष्टि नहीं करता हैं,यह मामला जांच का विषय है।

## जब विधायक जी बन गए शिक्षक तो लगी बच्चों की क्लास



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। जब विधायक जी बन गए शिक्षक ये पल और क्षण कदवा विधायक डॉ. शकील अहमद खान ने प्रखंड के सालमारी मुख्य बाजार स्थित एक शिक्षण संस्थान में विधायक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यशाला पर अभिभाषण देने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।जहां विधायक खान ने शैक्षणिक कार्यशाला में उपस्थित बच्चों की क्लास लगा दी।खान ने छात्रों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा विषय पर आयोजित कार्यक्रम के संबोधन में कहा बच्चे देश का भविष्य हैं।इस मासूम बच्चों का भविष्य स्कूल के शिक्षा व्यवस्था पर टिकी हुई है।पढाई के मामले में शिक्षकों को जरा भी गैर जिम्मेदार नहीं होना चाहिए।इन बच्चों के लिए एक-एक दिन खाश है।वहीं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को खुब मन लगा कर पढने की ताकीद की और कहा आज के दौर में छात्रों के बीच कडा संघर्ष है।इस में मेहनत करने वाला छात्र सफल होता है।सभी बच्चों को खुब मेहनत करने की सलाह दी।दौरान बच्चों से वार्ता करते हुए ज्ञान,विज्ञान विषयों पर सवालों का सही जवाब देने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।साथ हीं उक्त शिक्षण संस्थान को सीबीएसई पैटर्न पर चलाने के लिए डायरेक्टर जाकीर हुसैन के प्रयास की सराहना की क्षेत्र के छात्रों को इस का लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर डायरेक्टर जाकीर हुसैन,पेशकार अली, शहबाज आलम उर्फ बादल,नफीस हैदर,शाहनवाज,जेपी सिंह,सीमा राय,मीनू मुखर्जी,शबा अख्तर,निशात अंजुम, जीशान अली,मुसतहसन,दीपा कुमारी,सब्बीर अहमद, इमराना खातुन, चिराग आलम,शिबू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## जैतीया पंचायत में अनियमितता हुई उजागर, पूर्व मुखिया पति ने की जांच की मांग

### पंद्रहवां वित्त आयोग और मनरेगा योजना की राशि की जैतिया पंचायत में मची लुट

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। बेतिया/चनपटिया चनपटिया प्रखंड मुख्यालय से सटे जैतियां पंचायत अचानक सुर्खियों में आ गया है।विकास कार्यों को लेकर पंचायत प्रतिनिधि विकास कार्य में लग चुके है।मनरेगा और पंद्रहवी वित्त आयोग की राशी के तहत पंचायत में कुछ कार्यों को किया जा रहा है।सूक्ष्म सिंचाई योजना कार्य के तहत जैतियाँ पंचायत में दो जगहों में नहर और पाइन का सफाई कार्य कराया जा रहा है,लेकिन पंचायत के पीआरएस बाली चौधरी को इस कार्य के बारे में मालूम नही है।उनसे दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया योजना हो रहा है लेकिन योजना का नाम नहीं पता है। जैतीया के वार्ड नंबर 10 में जिस नहर की सफाई कार्य कराई जा रही है पीआरएस को जानकारी नही है।ऐसे में सवाल उठता है की बिना प्रशासनिक स्वीकृति के ही नहर सफाई का कार्य क्यो कराया जा रहा है।मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी शीलभूषण कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच करेंगे।वही पंचायत के वार्ड संख्या 10 में ही एक आगनवाड़ी केंद्र संख्या 80 का मरम्मती का कार्य हुआ है।जिसका प्राक्कलित राशि 129492 रुपया है।रिपेयरिंग कार्य के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने बताया की जहां तहां मरम्मती के साथ रंगरोगन का कार्य हुआ जबकि प्राक्कलित राशि के हिसाब से ढलाई करके फर्श बनाना और पूरे दीवाल का नए सिरे से सफाई कर पलास्टर का कार्य करना था।पंचायत के वार्ड संख्या 01,02 और 16 समेत 5 जगहों में जल जीवन हरियाली के तहत पंद्रहवी वित योजना से कुआं की मरम्मती कार्य हुआ है जिसका न योजना संख्या है और न ही कार्या देश है।फिर भी कार्य हो रहा है ऐसे पंचायत सेवक बेचू हाजरा से पूछने पर उन्होंने बताया की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं हुई है इसलिए योजना पंजी में योजना नही लिखा गया है प्राक्कलन राशि के आधार पर काम हो रहा है।पूर्व मुखिया पति कुदुश कुरैशी ने आरोप लगाया की पंचायत में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार शुरू है और अधिकारी मौन है पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को योजना का पता नही है और मुखिया पति और उसके कुछ साथी नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए पंचायत की राशि का लूटने की कोशिश कर रहे है।पूर्व मुखिया पति कुदुश कुरैशी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच की मांग की है। वहीं इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चनपटिया द्वारा दूरभाष पर बताया गया की मामले की जांच कर दोषियों के उपर सख्त कार्रवाई किया जाइएगा प्राक्कलन के साथ काम नही करना करना सरकारी नियमों से खिलवाड़ करने जैसा है।

## हॉस्टल एवं वर्कशॉप निर्माण को लेकर भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव शीघ्र भेजें-सचिव

» मदरलैण्ड संवाददाता




मोतिहारी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं वित्त विभाग के सचिव लोकेश कुमार तथा जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक गुरुवार को मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय व राजकीय पॉलिटेकनिक का निरीक्षण करने पहुंचे।इस दौरान सचिव ने अभियंत्रण महाविद्यालय में प्रशासनिक सह शैक्षणिक भवन एवं आवासीय भवनों (बिजली,पानी,स्वच्छता अधिष्ठापन सहित )निर्माण कार्य प्रगति का जायजा लिया।भवन निर्माण विभाग द्वारा लगभग 31करोड़ की लागत से शैक्षणिक एवं आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को बेहतर शिक्षा एवं आवास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।इस संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रों के लिए अत्याधुनिक शिक्षण,खेल,सुरक्षा,साफ-सफाई,रखरखाव, स्वस्थ आदि की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है।वहीं राजकीय पॉलिटेकनिक में एफएम लैब,थर्मल लैब,हाइड्रोलिक लैब,टेक्नोलॉजी लैब,इलेक्ट्रॉनिक लैब का निरीक्षण किया।उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राजकीय पॉलिटेकनिक मोतिहारी में हॉस्टल एवं वर्कशॉप निर्माण को लेकर तीन एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव शीघ्र भेजें।इस अवसर पर अपर समाहर्ता,पुलिस उपाधीक्षक, प्राचार्य,अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## मामी और भांजे में था प्रेम प्रसंग, करना चाहते थे शादी, रोड़ा बने मामा की कर दी थी हत्या

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। दीदारगंज थाने के फतेहपुर गांव के आम के बागीचे में मंगलवार को गला रेत कर की गयी सूरज कुमार की हत्या का खुलासा पटना पुलिस ने बुधवार को कर दिया. सूरज की हत्या उसके ही भांजे आकाश कुमार व उसके दोस्त अजीत कुमार ने की थी. हत्या की योजना में मुख्य साजिशकर्ता के रूप में सूरज की पत्नी काजल देवी भी शामिल थी. पुलिस ने आकाश, अजीत व काजल देवी को गिरफ्तार करने के साथ ही उस चाकू को भी बरामद कर लिया है, जिससे सूरज का गला रेता गया था. आकाश मूल रूप से दीदारगंज के खानपुर गांव का रहने वाला था, जबकि अजीत कुमार अगमकुआं थाने के नया गांव चेरिटा का है.

**दोस्त के साथ मिलकर की हत्या की प्लानिंग**

सूरज कुमार गौरीचक थाने के लक्ष्मीपुर गांव में अपनी ससुराल में ही पत्नी काजल देवी के साथ रहता था. जबकि वह मूल रूप से फतुहा के मिजार्पुर नोहटा इलाके के रहने वाला था. भांजा आकाश बराबर लक्ष्मीपुर आता था और इसी दौरान मामी काजल से प्रेम हो गया. इसके बाद दोनों एक-दूसरे के प्रेम में इतने पागल हुए कि शादी करने का निर्णय ले लिया. इस बात की जानकारी आकाश के मामा सूरज कुमार को हुई तो उसने विरोध किया. आकाश ने मामी काजल देवी के साथ मिल कर मामा सूरज की हत्या की प्लानिंग कर ली. प्लानिंग के तहत सूरज की हत्या के लिए चाकू बनवाया और अपने दोस्त अजीत को इस प्लान में शामिल किया.

**शराब पिलायी और फिर रेत दिया गला**

भांजा आकाश कुमार सात फरवरी की शाम गौरीचक इलाके में पहुंचा और मामा सूरज को शराब पीने के लिए फतेहपुर के आम के बागीचे में बुलाया. उन लोगों के साथ बैठ कर शराब पी. इसके बाद आकाश और अजीत ने सूरज को पीछे पकड़ लिया फिर गला रेत कर हत्या कर दी वे शव को वहीं छोड़ कर फरार हो गये. सूरज का शव अगले दिन आठ जनवरी की सुबह लोगों को मिला और फिर पुलिस ने शव को बरामद किया. एसएसपी डॉ मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि हत्या मामले में गिरफ्तार तीनों को जेल भेज दिया गया है.

## सत्ता के लिए हमने कभी समझौता नहीं किया:-लालू

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा है कि देश में राजद से बड़ी औकात किसी पार्टी की नहीं है. राजद का इतिहास संघर्ष का है. हमने कभी समझौता नहीं किया.उन्होंने यह बात राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की गुरुवार को एक होटल में हुई बैठक में कही. लालू प्रसाद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी का खुला अधिवेशन 11 अक्तूबर को दिल्ली में होगा. इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन किया जायेगा.

**उदय नारायण चौधरी बने राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी**

बैठक में देश की आर्थिक,राजनीतिक और विदेश नीति में एनडीए सरकार की विफलता पर चिंता व्यक्त करते हुए इस संदर्भ में प्रस्ताव पारित किया. प्रस्ताव में जनता से अपील की गयी कि देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर वह हस्तक्षेप करे. बैठक में राजद के वर्ष 2022-25 के सत्र के लिए संगठनात्मक चुनाव कराने के लिए उदय नारायण चौधरी को राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी और चित्तरंजन गगन को सहायक राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है.

**बिहार में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह चौपट**

राजद नेता लालू प्रसाद ने कहा कि इन दिनों बिहार में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह चौपट है. उन्होंने कहा कि मैं किसानों के हालिया आंदोलन को सैल्यूट करता हूं. उन्होंने सरकार को झुका दिया. कहा कि ऐसा पीएम पहले कभी नहीं देखा. यूपी में भाजपा हारेगी. बिहार विधान परिषद चुनाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय में 80 फीसदी हमारे लोग चुने गये हैं. इसलिए सभी 24 सीटों पर हमारे लोग जीत कर आयेंगे. यह चुनाव बड़ी समझदारी से लड़ना है. उन्होंने कहा कि सदन में सब आना चाहते हैं,लेकिन सदन में बैठते कोई नहीं.

**नीतीश पर साधा निशाना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में जातीय जनगणना कराने के मामले में मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आप समाजवादी चोला पहनकर समाजवादी नहीं हो सकते हैं. वहीं उन्होंने कहा कि राजद पहले राष्ट्रीय पार्टी थी. गठबंधन के दौर के दौरान हमने धर्मनिरपेक्ष पार्टियों के साथ कई राज्यों में चुनाव लड़ा.




**कांग्रेस के बिना देश मे विपक्ष संभव नहीं**

तेजस्वी ने कहा कि कांग्रेस के बिना देश मे विपक्ष संभव नहीं है,लेकिन राज्यों में ड्राइविंग सीट पर क्षेत्रीय दल ही रहेंगे. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजद के राष्ट्रीय प्रधान सचिव अब्दुल बारी सिद्धीकी, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह , सांसद मीसा भारती , तेज प्रताप यादव समेत सभी कार्यकारिणी के सदस्य,विधायक, विधान पार्षद ,पूर्व विधायक और सांसद इत्यादि संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे.

**राजद का घोषित संगठनात्मक चुनाव कार्यक्रम**

- राजद का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रारंभ- 11 फरवरी 2022 से
- प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों की भर्ती की अंतिम तिथि - 30 जून
- सदस्यों की सूची के प्रकाशन की तिथि- 13 अगस्त
-प्राथमिक और पंचायत इकाई के सदस्यों की चुनाव तिथि- 16 से 21 अगस्त
-प्रखंड इकाइयों के सदस्यों की चुनाव तिथि- 23 से 26 अगस्त
-प्रखंड एवं प्रखंडों से जिला परिषद के सदस्यों के चुनाव की तिथि- 29 अगस्त से दो सितंबर
- जिला इकाइयों एवं जिलों से राज्य परिषद के सदस्यों के चुनाव की तिथि- छह से 12 सितंबर
- प्रदेश अध्यक्ष, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव की तिथि- 21 सितंबर
-राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का अंतिम प्रकाशन- 24 सितंबर
-राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक - 10 अक्तूबर
-राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय परिषद की बैठक और खुला अधिवेशन -11 अक्तूबर

# सैमसंग ने लॉन्च किया एस सीरीज में अपनासर्वश्रेष्ठ और सबसे प्रीमियम स्मार्टफोनगैलेक्सी एस22अल्ट्रा

चंडीगढ़ : सैमसंग ने आज गैलेक्सी एस22 अल्ट्रा लॉन्च किया, जो दरअसल स्मार्टफोन में उसकी दो सर्वश्रेष्ठ विरासतों झ नोट सीरीज की बेजोड़ ताकत और एस सीरीजके प्रो ग्रेड कैमरा तथा प्रदर्शन झ को एक साथ लाकर प्रीमियम स्मार्टफोन के लिए एक नया मानक तय करेगा। एक बिल्ट-इन एस पेन, उन्नत नाइटोग्राफी (कैमरे को बेहद कम रोशनी में तस्वीरें खींचने लायक बनाने की अत्याधुनिक तकनीक) और वीडियो क्षमता, और पूरे दिन चलने वाली बैटरी के साथ गैलेक्सी एस22अल्ट्रा सैमसंग द्वारा विकसित किया गया अब तक का सबसे शक्तिशाली अल्ट्रा डिवाइस है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के एमएक्स (मोबाइल एक्सपीरियंस) बिजनेस हेड और प्रेसिडेंट टी एम रो ने कहा, सैमसंग में हम अपने सबसे ज्यादा प्रीमियम उपकरणों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने का प्रयास करते रहते हैं ।ह्व उन्होंने कहा, गैलेक्सी एस 22 अल्ट्रा में गैलेक्सी नोट की हरदिल अजीज फंक्शनैलिटी है और साथ




ही एस सीरीज की सबसे ज्यादा प्रशंसित विशेषताएं भी हैं, जिन्हें एक अद्भुत मोबाइल अनुभव प्रदान करने के लिए एक साथ मिला दिया गया है। यह मोबाइल टेक्नोलॉजी के लिहाज से एक बड़ी छलांग है, जिसने एक स्मार्टफोन क्या हो सकता है, इसके लिए एक नया मानक गढ़ दिया है ।सैमसंग ने गैलेक्सी एस 22 और एस 22+ भी पेश किया। ये दोनों फ्लैगशिप डिवाइस रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देने के लिहाज से अद्वितीय हैं। गैलेक्सी एस 22 और एस 22+ में उन्नत इंटेलीजेंस इमेज प्रोसेसिंग के साथ डायनेमिक कैमरे दिए गये हैं ताकि हर एक क्षण का पूरा चित्रण किया जा सके। गैलेक्सी एस 22 और एस 22+ को खूबसूरती और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, दोनों के लिहाज से डिजाइन किया गया है।

इसे पसंद करेंगे। हम अपने उपभोक्ताओं को नई लॉन्ग बुक्स का स्वागत करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं ।ह्व

# टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स का 11वां संस्करण जारी किया

चंडीगढ़ : जियोलोकेशन टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ टॉमटॉम (टीओएम2) ने आज अपने वार्षिक टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स का 11वां संस्करण जारी किया, जो 2021 की पूरी अवधि के दौरान 58 देशों के 404 शहरों में देखे गए ट्रैफिक ट्रेंड्स का विवरण देता है। इंडेक्स में भारतीय शहर मुंबई, बेंगलुरु , नई दिल्ली और पुणे क्रमशः 5वें, 10वें, 11वें और 21वें स्थान पर रहे। टॉमटॉम, कंपनी है ।2020 में एक अभूतपूर्व स्थिति का सामना करने के बाद पिछले वर्ष की यात्रा अभी भी स्वास्थ्य संकट के असर से काफी प्रभावित रही। 2021 वह वर्ष था जब हमारे काम करने की आदतों में बदलाव ने ठोस रूप ले लिया। होम ऑफिस (घरों से काम करना) कई कंपनियों के लिए एक मानक बन रहा है; टेलीकॉन्फ्रेंस ने आमने-सामने होने वाली बैठकों की जगह ले ली है और लचीले काम के घंटे कई यात्रियों को अपने भीड़ के घंटों से बचने की अनुमति देते हैं। नतीजतन, दुनिया भर के लगभग 40% शहरों में पीक आवर्स में बदलाव आया है ।2021 में ट्रैफिक 2019 की तुलना में कम था, जिसे प्री-कोविड समय की बेसलाइन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत के 4 शहरों (जिनकी निगरानी की गई) में, 2019 के मुकाबले भीड़भाड़ औसतन 23% कम थी, जिसमें विशेष रूप से पीक आवर्स में 31% की गिरावट शामिल है ।इस रिपोर्ट के बारे में, टॉमटॉम के स्ट्रैटेजिक ऑटोमोटिव बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर सचिन त्यागी ने कहा, हमारे लोकेशन इंटेलिजेंस की बुनियाद नक्शा है। हम बड़े डेटा के साथ काम करते हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के साथ अपने मैप्स को संचालित करते हैं। भीड़भाड़ के पैटर्न को समझने के लिए हम जो वास्तविक समय की ट्रैफि क जानकारी एकत्र करते हैं। यह बताता है

## संक्षिप्त समाचार

### वीराम सिक्योरटीज का स्टॉक सारी सीमाएं पार करके एक माह में 76 प्रतिशत उछला

चंडीगढ़/ अमृतसर: वीराम सिक्योरटीज लिमिटेड जो कि ब्रांडेड ज्वेलरी और आभूषणों में प्रमुखता से व्यापार करते हैं, ने हाल ही में आयोजित अपनी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में इक्विटी शेयर पर विचार किया और इसे जारी करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य 50 लाख अतिरिक्त इक्विटी शेयर रुपये 10 प्रति शेयर के मान से रुपये 5 करोड़ की पूंजी बढ़ाना है। बोर्ड ने यह भी अनुशंसा की है कि कंपनी का नाम बदलकर वीराम रियलिटीज लिमिटेड किया जाए। वर्तमान में कंपनी ज्वेलरी क्षेत्र में कार्यरत है और अपनी ज्वेलरी और आभूषणों का निर्माण विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की मांग के अनुसार तैयार करते हैं, जो कि विविध प्रकार की संस्कृतियों और आयु वर्ग से आते हैं। इसके उत्पादों की आपूर्ति विभिन्न मूल्य वर्गों में की जाती है और इसके ग्राहक उच्च तथा मध्यम से आते हैं, ह्यवीरामह्न कस्टमाइज्ड ज्वेलरी भी बनाते हैं। इसके सोने, चांदी के पारम्परिक ज्वेलरी और आभूषण या तो कुंदन, जेम स्टोन आदि के साथ बनाये जाते हैं या सादे सोने या चांदी में बनाये जाते हैं। साथ ही रियलटी क्षेत्र की ओर भी कदम बढ़ाए। अप्रतिम डिजाइन को ध्यान में रखते हुए भी आधुनिक समय और आवश्यकताओं के अनुरूप बनाये जाते हैं, जिनकी मांग लम्बे समय तक बनी रहती है। उच्च स्तरीय गुणवत्ता और क्राफ्ट को ध्यान में रखकर प्रत्येक आभूषण को इस प्रकार गढ़ा जाता है कि वह निश्चित ही दीर्घकाल तक संजोया जा सके। कंपनी द्वारा तैयार किए जा रहे आभूषणों में अंगूठियां, कंगन, नेकलेसेस, कर्ण चेन, इयररिंग्स, पेन्डेन्ट्स आदि प्रमुख हैं। कंपनी के शेयर की कीमत पिछले छह माह में 132 प्रतिशत बढ़ी है तथा एक माह के समय में 76 प्रतिशत बढ़ी और हाल में 174 रूपए पर है।

### भारत में इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों की दिलचस्पी बढ़ी: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में अब उपभोक्ता इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। एक वैश्विक ऑटोमोटिव उपभोक्ता अध्ययन रिपोर्ट, 2022 कहती है कि एक-तिहाई से अधिक भारतीय उपभोक्ताओं ने इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों के प्रति दिलचस्पी दिखाई है। इसके मुताबिक भारत में पर्यावरण-अनुकूल और महामारी की वजह से टिकाऊ परिवहन साधनों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 59 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ता जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण स्तर और पेट्रोल एवं डीजल वाहनों के उत्सर्जन को लेकर फिक्रमंद हैं। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों में भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि का पता चलता है क्योंकि वे उत्सर्जन एवं प्रदूषण में कमी लाने में मददगार होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक हरित प्रौद्योगिकी वाले वाहनों को बढ़ावा देने की घोषणा बजट 2022-23 में भी की गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों की अदला-बदली की सुविधा चार्जिंग स्टेशनों पर देने से इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ेगा।

### रिलायंस ने स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर में 40 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी




नई दिल्ली, एजेंसी। प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने गुरुवार को कहा कि उसने 2,845 करोड़ रुपए में शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह की स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एसडब्ल्यूआरईएल) में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। रिलायंस ने अक्टूबर 2021 में स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए समझौता किया था। इससे पहले एसपी समूह ने अमेरिकी निजी इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल के साथ यूरेका फोर्ब्स के लिए 4,400 करोड़ रुपए का सौदा किया था। रिलायंस अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड (आरएनईएल) के जरिए ये सौदा कर रही है। कंपनी ने प्राथमिक निवेश, द्वितीयक खरीद और खुली पेशकश के मेलजोल से स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी की है। यह सौदा रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर, शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी, खुर्शीद दारुवाला और स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर के बीच है। आरआईएल ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी सहायक कंपनी आरएनईएल ने बुधवार को 1.96 करोड़ शेयर या एसडब्ल्यूआरईएल की 10.37 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहित की। यह सौदा 275 रुपये प्रति शेयर की दर से हुआ। बयान के मुताबिक इस अधिग्रहण के साथ एसडब्ल्यूआरईएल में आरएनईएल की कुल 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हो गई है।

# निजी क्रिप्टोकरेंसी वृहत आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा : रिजर्व बैंक गवर्नर



मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को निजी क्रिप्टोकरेंसी को लेकर चेताया और कहा कि वृहत आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा है और इन मोर्चों पर चुनौतियों से निपटने की उसकी क्षमता इससे कमजोर होती है। साथ ही गवर्नर ने निवेशकों को आगाह करते कहा कि ऐसे एसेट्स में कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं है, यहां तक कि एक 'ट्यूलिप' के बराबर भी नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक पहले भी ऐसे एसेट्स पर अपनी चिंता जता चुका है। लेकिन इस बार यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल में आम बजट में ऐसे एसेट्स पर हुए लाभ पर 30 प्रतिशत कर लगाने की बात कही गई है। क्रिप्टो हितधारकों ने इस कदम का स्वागत किया था, क्योंकि इससे उनके व्यापार को ह्यवैधताह्न मिलती है।

दास ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'निजी क्रिप्टोकरेंसी या आप इसे जिस नाम से पुकारते हैं, यह हमारी वृहत आर्थिक स्थिरता और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा है। वे वित्तीय स्थिरता और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े मुद्दों से निपटने की आरबीआई की क्षमता को कमजोर करेंगे।' उन्होंने कहा कि निवेशकों को सावधान करना उनका कर्तव्य है और उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने जोखिम पर निवेश कर रहे हैं। दास ने आगे कहा, 'उन्हें यह भी ध्यान रखना होगा कि क्रिप्टोकरेंसी में कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं है, यहां तक कि एक ट्यूलिप के बराबर भी नहीं।' गौरतलब है कि 17वीं शताब्दी के 'ट्यूलिप उन्माद' को अक्सर असामान्य रूप से वित्तीय तेजी के एक उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है, जहां किसी चीज की कीमत सट्टेबाजी के कारण बहुत बढ़ जाती है, न कि अंतर्निहित मूल्य के कारण।

# दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल रोहतक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा

रोहतक : रोहतक के निवासियों की स्वास्थ्यसेवा की जरूरतों को पूरा करने के लिए, दिल्ली-स्थित मणिपाल हॉस्पिटल रोहतक में बी.पी. जैन स्किल डेवलपमेंट-।। में एलपीएस बोसार्ड के सहयोग से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है। यह शिविर एक माह तक चलेगा और 11 फरवरी से हर शुक्रवार को सुबह 10:30 से 3 बजे तक आयोजित होगा। दिल्ली के डॉक्टर रोहतक का दौरा करके स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करेंगे। इस स्वास्थ्य शिविर के बाद 18 फरवरी को एक हृदयरोग शिविर और 25 फरवरी को ऑर्थोपीडिक शिविर का आयोजन होगा। शिविर में दी जाने वाली अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में बीपी, ब्लड शुगर (आरबीएस), ईसीजी, और शारीरिक स्वास्थ्य का परामर्श है ।इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराए जाने का प्रोत्साहन देना और समय पर इलाज शुरू कराने के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। यह स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाईयां उपलब्ध कराएगा तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें प्रोफेशनल केयर या सर्जरी का सुझाव दिया जाएगा। ये शिविर सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को जरूरत के वक्त चिकित्सा सहायता मिल सके और स्वास्थ्य की छोटी सी समस्या बड़ी बन जाने से पहले ही उन्हें डॉक्टर का परामर्श मिल जाए। मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका स्वास्थ्य सेवा के लिए विभिन्न इलाज, सर्जरी व ऑपरेशन की सेवाएं प्रदान करता है। हॉस्पिटल ने सभी स्पेशियल्टीज में सबसे जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। हृदयरोग शिविर का स्थानःबी.पी. जैन स्किल डेवलपमेंट-।।, हिसार बायपास चौक, हिसार रोड, रोहतक . दिनांकः 11 फरवरी, 2022 . समयः सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे-फोनः 9355555593, 9996784620, 8630639069.

# सौम्याद्री शेखर बोस क्रेसांडा सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक बने

## हेवलेट पैकार्ड, डसॉल्ट सिस्टम्स और सीमेंस के पूर्व एमडी/निदेशक रह चुके है

मुंबई/इन्दौर, एजेंसी। सौम्याद्री शेखर बोस, सीमेंस, डसॉल्ट सिस्टम्स और हेवलेट पैकार्ड के पूर्व एमडी/निदेशक को बीएसई में सूचीबद्ध क्रेसांडा सॉल्यूशंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। सौम्याद्री शेखर बोस लोगों के जीवन को सार्थक रूप से बेहतर बनाने के मिशन को लेकर काम करने वाले एक टेक्नोलॉजिस्ट और बिजनेस एक्जीक्यूटिव हैं। भारत और अफ्रीका सहित 4 महाद्वीप में 30 साल के कॉर्पोरेट अनुभव के साथ सौम्याद्री शेखर बोस वैश्विक स्तर पर लोगों के जीवन के जीवन में अर्थपूर्ण परिवर्तन लाने के लिए हेल्थकेयर, शिक्षा, पर्यावरण और नवीकरणीय, खाद्य और कृषि तथा आजीविका के क्षेत्र में इनोवेटिव और किफायती समाधान खोजने के लिए काम कर रहे हैं। वे सच्ची वैश्विक सोच और स्थानीय कार्यान्वयन के आदर्शों के प्रतीक हैं। सतत विकास लक्ष्यों पर ध्यान देने के साथ ही वे दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया, यूरोप और अफ्रीका में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य सुरक्षा और नई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी परियोजनाओं का हिस्सा रहे हैं। बोर्ड के सदस्य के रूप में, वे संस्थाओं को उनकी वृद्धि और संचालन रणनीतियों, वैश्वीकरण, बाजार-प्रवेश, पोर्टफोलियो युक्तिकरण और महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी के उपयोग पर सलाह देते हैं। सॉफ्टवेयर सेवाएं, डिजिटल मीडिया सेवाएं और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली बीएसई में सूचीबद्ध क्रेसांडा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सौम्याद्री शेखर बोस को अपना प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। इसकी सॉफ्टवेयर सेवाओं में विभिन्न व्यावसायिक उपयोग के ऑनसाइट-ऑफशोर डेवलपमेंट, आईटी परामर्श, और ऑफशोर एप्लीकेशन डेवलपमेंट, मेंटेनेंस, टेस्टिंग, और माइग्रेशन सर्विसेज शामिल हैं। सौम्याद्री शेखर बोस की विशेषज्ञता और मार्गदर्शन के साथ, क्रेसांडा सुपरसोनिक गति से आगे बढ़ते हुए कई नए हाई टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स और सेवाओं को पेश करने के लिए तैयार है।

# फैंस को स्टेबिन बेन का वैलेंटाईन डे गिफ्ट

## अर्जुन बिजलानी और सना मकबूल द्वारा अभिनीत एक तू ही तो है

चंडीगढ़, 10 फरवरी, 2022: क्या आप एक बार फिर अपने साथी के प्यार में डूब गए हैं? तो वैलेंटाईन डे का अवसर आ गया है और यह समय है, स्टेबिन बेन द्वारा ह्यएक तू ही तो है गाने के साथ असीम प्यार का अहसास करने का। यह लोकप्रिय गायक अपनी मधुर आवाज और रोमांटिक गीतों के लिए मशहूर है और सोनी म्यूजिक इंडिया के साथ उनकी यह नई रिलीज सुरीला आनंद प्रस्तुत करेगी।

आकर्षक अभिनेता एवं टेलीविजन होस्ट, अर्जुन बिजलानी और खूबसूरत सना मकबूल द्वारा अभिनीत इस आकर्षक म्यूजिक वीडियो का निर्देशन रवि जैन ने किया है। कश्मीर की बर्फीली वादियों में फिल्माया गया यह गाना कबीर (अर्जुन) और आयशा (सना)




की मनभावन कहानी का प्रदर्शन करता है, जो दुखों का पहाड़ टूटने के बाद भी अपना प्यार नहीं छोड़ते हैं।

गाने के लॉन्च के बारे में, स्टेबिन बेन ने कहा, मैंने एक तू ही तो है गाना पूरे दिल से गाया है। कुणाल वर्मा की लिरिक्स और अमन पंत के कंपोजिशन बहुत खूबसूरत हैं। सोनी म्यूजिक इंडिया के साथ हमने बहुत ही उत्तम रचना की है। कश्मीर की सुंदर वादियां और अर्जुन एवं सना की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने इस गीत में चार चांद लगा दिए। मुझे उम्मीद है कि इस गाने के साथ श्रोताओं को प्यार से भरे वातावरण का अहसास मिलेगा।

# अडानी विल्मर के शेयर ने लगाई लंबी छलांग, निवेशकों की भी हुई बल्ले बल्ले

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे रईसों और एशिया के सबसे धनाढ्यों में शुमार गौतम अडानी इन दिनों शेयर बाजार में ऊंची उड़ान भर रहे है। इसी सप्ताह उतरी अडानी समूह की 7वीं कंपनी सिर्फ गौतम अडानी को ही मालामाल नहीं बना रही, आम निवेशक भी इससे खूब कमाई कर रहे हैं। महज 3 दिन में अडानी विल्मर का स्टॉक 58 फीसदी ऊपर जा चुका है। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन इस शेयर पर अपर सर्किट लग गया। आज बाजार खुलने के कुछ ही देर बाद अडानी विल्मर का स्टॉक बीएसई (बीएसई) पर 19.99 फीसदी उछलकर 381.80 रुपए पर पहुंच गया। एनएसई पर यह स्टॉक 19.99 फीसदी की छलांग लगाकर 386.25 रुपये पर पहुंच गया। यह इस स्टॉक का नया ऑल टाइम हाई है। मंगलवार को बाजार में उतरने के बाद से इस शेयर ने लगातार ऊपर की चढ़ाई की है।

इस स्टॉक की रैली का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि जिन लोगों ने इसमें 15 हजार रुपये लगाए, महज 3 दिन में उन्हें अपने इस इन्वेस्टमेंट से करीब 10 हजार रुपये की कमाई हो चुकी है। कंपनी के आईपीओ के लिए 218 से 230 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था। इसके एक लॉट में 65 शेयर थे। इसका मतलब हुआ कि एक लॉट खरीदने के लिए इन्वेस्टर्स को 14,950 रुपये लगाने पड़े। अभी यह 386 रुपये के पार जा चुका है, यानी एक लॉट 25 हजार रुपये से ज्यादा का हो चुका है। इस तरह हर लॉट पर इन्वेस्टर्स 10 हजार रुपये से ज्यादा कमा चुके हैं।

कंपनी के आईपीओ को 17 गुना सब्सक्राइब किया गया था। हालांकि ओपन मार्केट में कंपनी की शुरूआत बढ़िया नहीं रही थी। मंगलवार को यह स्टॉक करीब 4 फीसदी के डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ था। इसके बाद इन्वेस्टर्स को पेटीएम आईपीओ का हाल याद आने लगा था। हालांकि अडानी की इस कंपनी ने तमाम आशंकाओं को पहले ही दिन दूर कर दिया और 18 फीसदी की जबरदस्त तेजी के साथ बंद हुआ। इसके बाद दूसरे दिन इस स्टॉक पर अपर सर्किट लग गया। बुधवार को यह स्टॉक बीएसई 19.98 फीसदी उछलकर 318.20 रुपये पर और एनएसई पर 20 फीसदी की छलांग लगाकर 321.90 रुपये पर बंद हुआ।

# बायजूस 'एजुकेशन फॉर ऑल' अभियान ने लॉन्च होने के एक साल में 3.4 मिलियन बच्चों को लाभान्वित किया

## 2025 तक 10 मिलियन बच्चों को शिक्षित करने का लक्ष्य

चंडीगढ़ : वंचित समुदायों के बच्चों के लिए दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ बायजूस के फ्लैगशिप सोशल इंपैक्ट अभियान, एजुकेशन फॉर ऑल (ईएफए) अभियान के लॉन्च को एक साल पूरा हो गया है। पिछले एक साल में यह अभियान 26 राज्यों और 340 से ज्यादा जिलों में सभी को एक समान रूप व सरलता से टेक्नॉलॉजी आधारित शिक्षा प्रदान करके 3.4 मिलियन बच्चों को लाभान्वित कर चुका है। एक साल की इस उल्लेखनीय वर्षगांठ के अवसर पर, बायजूस एजुकेशन फॉर ऑल ने अपने उद्देश्य में संशोधन कर 2025 तक 10 मिलियन बच्चों को उच्च गुणवत्ता की डिजिटल शिक्षा द्वारा सशक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जबकि अभियान की शुरूआत में 5 मिलियन बच्चों का ही लक्ष्य तय किया गया था। अपने लॉन्च के बाद बायजूस एजुकेशन फॉर ऑल अपने एनजीओ पार्टनर्स द्वारा भारत में ग्रामीण इलाकों एवं शहरी झुग्गियों के बच्चों को बायजूस के फ्री स्ट्रीमिंग लाईसेंस उपलब्ध कराके पढ़ने का एक समान अवसर पाने में समर्थ बना रहा है। यह विद्यार्थियों को पर्याप्त साधन उपलब्ध कराके एवं डिजिटल लर्निंग का समावेशी परिवेश स्थापित करके देश में डिजिटल अंतर को दूर करने के उद्देश्य पर केंद्रित है। एजुकेशन फॉर ऑल (ईएफए) की इस वार्षिक उपलब्धि के बारे में दिव्या गोकुलनाथ, को-फाउंडर, बायजूस ने कहा, ह्यह्यईएफए का जन्म शिक्षा के परिवेश में एक समान अवसर उत्पन्न करने के हमारे सपने के साथ हुआ। जब यह कार्यक्रम शुरूआती चरण में था, तभी पूरी दुनिया पर कोविड-19 महामारी का संकट छा गया और लाखों स्कूल बंद होने को मजबूर हो गए, जिससे हमारी शिक्षा व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती उत्पन्न हो गई। हमारे टेक्नॉलॉजी पर केंद्रित शैक्षणिक टूल्स ने महामारी द्वारा उत्पन्न कमियों को दूर करने में मदद की। सामरिक एनजीओ पार्टनर्स के हमारे लगातार बढ़ते नेटवर्क द्वारा भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों, जैसे उरी,




हैलाखंडी, तिरप, बस्तर आदि में लाखों बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करते रहेंगे। हर गुजरते दिन के साथ कई बच्चों का विकास होता रहेगा। यह देखकर खुशी होती है कि हम बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आ रहे हैं। हम जिस बच्चे को शिक्षा से जोड़ते हैं, वह एक समान रूप से गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हमारा विश्वास है कि देश के युवाओं में अपार प्रतिभा है और सही संसाधन व सहयोग द्वारा हम मिलकर भारत का भविष्य बदल सकते हैं। बायजूस के साथ गठबंधन के बारे में, मैथ्यू जोसफ, कंट्री डायरेक्टर, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ने कहा, ह्यह्यपिछले दो सालों में कनेक्टेड और अनकनेक्टेड के बीच का अंतर उभरकर सामने आ गया। डिजिटल सफर में जो लोग पीछे हैं, वो सबके सामने आ गए। वंचित समुदायों के लाखों विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, या सही संसाधन, पाठ्यक्रम और मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं। बायजूज के साथ एआईएफ की साझेदारी का उद्देश्य डिजिटल रेडीनेस में उन असमानताओं को संबोधित करना है, जो डिजिटल अंतर को बढ़ाती हैं और विकास पर काफी गहरा असर डालती हैं, जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह साझेदारी पिछले साल विभिन्न राज्यों में हजारों विद्यार्थियों को लाभान्वित कर चुकी और यह तो केवल एक शुरूआत है। हमें उम्मीद है कि इस सहयोग द्वारा हम देश को कोने-कोने में पहुंच सकेंगे और सुनिश्चित कर सकेंगे कि महामारी के बाद की दुनिया में डिजिटल रूप से पिछड़े लोग पीछे न रह जाएं।

# भारतीय टीम क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी

मुम्बई, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया यहां शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में भी वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले दोनो मैच जीतकर सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली है। भारतीय टीम ने पहले दोनो मैच आसानी से जीते थे। इस तीसरे मैच में अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन की वापसी होगी। सलामी बल्लेबाज धवन समेत चार खिलाड़ी एकदिवसीय सीरीज शुरू होने से पहले कोरोना संक्रमित होने के कारण नहीं शुरूआती दो मैचों से बाहर थे। अब धवन की वापसी के बाद टीम संयोजन में बदलाव तय है। पहले मैच में ईशान किशन ने रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरूआत की जबकि दूसरे मैच में ऋषभ पंत ने रोहित के साथ उतरे थे।

धवन की वापसी के बाद अब उप कप्तान लोकेश राहुल फिर मध्यक्रम में विराट कोहली के साथ बल्लेबाजी करेंगे। रोहित इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। दूसरे एकदिवसीय में वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये थे। ऋषभ और सूर्यकुमार यादव मध्यक्रम में उतरेंगे। सूर्यकुमार ने पिछले मैच में शानदार अर्धशतक लगाया था




और यह सिलसिला वह बनाये रखना चाहेंगे। धवन की वापसी से युवा ऑलराउंडर दीपक हुडा को बाहर बैठना पड़ेगा। धवन की मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी वापसी को सही साबित करना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और यह सिलसिला वे बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम वेस्टइंडीज इस मैच को जीतकर लय पाना चाहेंगी हालांकि उसके लिए यह आसान नहीं रहेगा। उसके बल्लेबाज इस दौरे में अबतक नाकाम रहे हैं। वहीं गेंदबाज भी अधिक प्रभावी नहीं रहे हैं।

दोनों टीमें इस प्रकार हैंः

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), मयंक अग्रवाल, ऋतुराज गायकवाड़, शिखर धवन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, दीपक हुडा, ऋषभ पतं, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और आवेश खान.

वेस्टइंडीजः कायन पोलार्ड (कप्तान), फेबियन एलेन, एनक्रुमाह बोनर, डैरेन ब्रावो, शामार ब्रुक्स, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, अल्जारी जोसफ, ब्रेंडन किंग, निकोलस पूरन, केमार रोच, रोमारियो शेपर्ड, ओडियन स्मिथ, हेडन वाल्श जूनियर।

# आईपीएल से बदली इन क्रिकेटरों की जिंदगी

मुम्बई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में मेगा नीलामी होगी। इस बार नीलामी में आठ की जगह दस टीमें भाग ले रही हैं। इसलिए अधिक संख्या में खिलाड़ियों को भी अवसर मिलेगा। आईपीएल नीलामी में कई खिलाड़ियों पर टीमें करोड़ों की रकम लगा सकती है। आईपीएल से युवा खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा दिखाने के साथ ही रातों रात किस्मत बदलने का भी मौका मिला है। कई क्रिकेटर जो बेहद कठिन हालातों में थे वे नीलामी के बाद करोड़ों की रकम पाने लगे हैं। ऐसे ही क्रिकेटर हैं।

1 मोहम्मद सिराजः तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पिता ऑटो रिक्शा चलाते थे। घर के हालात बेहद खराब थे पर सिराज ने हिम्मत नहीं हारी और खेल में जमे रहे। सा 2017 में हुई नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने सिराज को 2.6 करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया। वहीं आईपीएल के साल 2022 सत्र के लिए सिराज को आरसीबी ने सात करोड़ रुपए में बरकरार रखा था।

2 टी. नटराजनः तेज गेंदबाज टी. नटराजन के पिता गांव में दिहाड़ी मजदूर थे जबकि उनकी मां सड़क किनारे दुकान लगाती थीं। नटराजन कठिन हालातों के बाद भी लगातार खेलते रहे। साल 2017 की आईपीएल नीलामी में पंजाब ने नटराजन को करोड़ रुपए में खरीदा, जिसके बाद इस क्रिकेटर के हालात बदल गये।

3 चेतन सकारियाः वहीं युवा तेज गेंदबाज चेतन सकारिया के लिए भी क्रिकेट खेलना आसान नहीं रहा।



उनके घर के आर्थिक हालात अच्छे नहीं थे। उनके पिता भी ऑटो रिक्शा चलाते थे। राजस्थान रॉयल्स ने गत वर्ष 2021 में हुई नीलामी में उसे 1.2 करोड़ करोड़ रुपए में खरीदा था। सकारिया के घर के हालात तभी से बदले हैं।

4 यशस्वी जायसवालः यशस्वी जायसवाल भी बेहद गरीब परिवार से हैं। उत्तर प्रदेश के भदोही में पैदा हुए यशस्वी 11 साल की उम्र में क्रिकेटर बनने की चाह में मुंबई आ गए थे। मुंबई में यशस्वी एक टेंट में रहते थे, जिसमें बिजली-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। यशस्वी अपना खर्च चलाने के लिए अभ्यास के बाद रात को आजाद मैदान के पास गोलगप्पे भी बेचते थे। सबसे पहले राजस्थान रायल्स ने उन्हें 2.4 करोड़ रुपये में खरीदा।

**संक्षिप्त समाचार**

## 2014 की नीलामी में पंड्या को किसी ने नहीं खरीदा था

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2022 सत्र के लिए मेगा नीलामी होने वाली है। इसमें हार्दिक पंड्या जहां नई टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान बने हैं। वहीं साल 2014 की नीलामी में हार्दिक को किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था। तब उनका आधार मूल्य केवल 10 लाख रुपए था। वहीं इस बार उन्हें गुजराज ने 15 करोड़ रुपए में शामिल किया है। इस प्रकार पिछले आठ साल में हालात कितने बदले हैं। यह समझा जा सकता है। पिछले सीजन में उन्हें मुम्बई इंडियंस की ओर से 11 करोड़ रुपए मिले थे। वहीं श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने भी साल 2014 में हुई नीलामी में नहीं बिके थे जबकि उनका आधारमूल्य 2 करोड़ रुपए था पर इसके बाद वह कोच की भूमिका में मुंबई इंडियंस से जुड़ गये। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड का संघर्ष अब तक जारी है। साल 2014 में वह आईपीएल में नहीं बिके थे। उनका आधारमूल्या एक करोड़ रुपए था। अब देखना है। इस बार उन्हें अवसर मिलता है या नहीं।

## 100वें एकदिवसीय मुकाबले में शतक नहीं लगा पाये विराट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपने 100वें एकदिवसीय मुकाबले में भी शतक नहीं लगा पाये है। विराट वेस्टइंडीज के खिलाफ 30 गेंद खेलकर केवल 18 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। वह ओडियन स्मिथ की गेंद पर आउट हुए। इस प्रकार विराट का अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक का इंतजार भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन्स के मैदान पर लगाया था। यह शतक उन्होंने टेस्ट मैच में लगाया उसके बाद से ही विराट अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक के लिए तरस रहे हैं हालांकि इस दौरान उन्होंने कई अर्धशतक लगाये हैं। विराट ने अभी तक 259 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 43 शतक और 64 अर्धशतकों की सहायता से कुलल 12311 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत करीब 58 का रहा है। घरेलू धरती पर उन्होंने 100 एकदिवसीय मैचों में कुल 5020 रन बनाए हैं जिनमें 19 शतक शामिल हैं। इसके अलावा टेस्ट में उन्होंने 99 मैचों में 27 शतकों की सहायता से कुल 7962 और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3227 रन बनाये हैं।

# (अहमदाबाद) : कृष्णा पर बड़ी रकम लगा सकती हैं केकेआर, राजस्थान और पंजाब



अहमदाबाद, एजेंसी। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में शानदार गेंदबाजी कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर 12 और 13 फरवरी को होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी में बड़ी रकम लग सकती है। वह पिछले सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) टीम में शामिल थे।

इस युवा तेज गेंदबाज ने अब तक अपने आईपीएल करियर में 34 मैचों में 30 विकेट लिए हैं। उन्होंने हालांकि भारत की ओर से अब तक टेस्ट और टी20 मैच नहीं खेले हैं। उन्होंने 6 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15 विकेट लिए हैं। केकेआर के अलावा पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स टीम भी उन पर दांव लगा सकती है। पंजाब ने केवल 2 ही खिलाड़ियों को रिटेन किया है और उसे एक नई टीम तैयार करनी है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स टीम भी इस गेंदबाजी को जोड़ सकती है।

कृष्णा ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले के बाद कहा, ह्यलंबे समय से ऐसे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था पर खुश हूं कि आज ऐसा हुआ और हमने मैच जीता। मैं सिर्फ सही क्षेत्र में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था।



चीन में महिला स्नोबोर्ड मुकाबले में अमेरिका की किम स्वर्ण जीतने के बाद उत्साहित नजर आयीं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पाक ने घोषित की टीम, रउफ की वापसी

## आबिद अली की जगह खेलेंगे शान मसूद, यासिर शाह रिजर्व पूल में शामिल

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय दल घोषित कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ रावलपिंडी, लाहौर और कराची में तीन टेस्ट मैच रखे गये हैं। पाकिस्तान ने इस अहम दौरे के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव करते हुए तेज गेंदबाज हारिस रउफ को टीम में शामिल किया है। इससे पहले उन्हें पिछले साल दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई सीरीज के



दौरान टीम में जगह नहीं मिली थी। वहीं शान मसूद को आबिद अली की जगह जबकि यासिर शाह को रिजर्व पूल में रख गया है। इसके साथ ही पाक सुपर लीग (पीएसएल) नहीं खेल रहे खिलाड़ियों को 16 फरवरी को कराची में नेशन कैंप में शामिल होने के लिए कहा गया है.

इसके अलावा पीसीबी ने मुख्य कोच सकलैन मुश्ताक का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। पीसीबी ने इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तूफानी गेंदबाज शॉन टेट को टीम का गेंदबाजी कोच बनाया है जबकि पूर्व दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ को बल्लेबाजीकोच की जिम्मेदारी दी गयी है। टीम की कप्तान बाबर आजम के पास ही रहेगी।

पाक टीम इस प्रकार है

बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, अब्दुल्लाह शफीक, अजहर अली, फहीम अशरफ, फवाद आलम, हारिस रउफ, हसन अली, इमाम उल हक, मोहम्मद नवाज, नौमान अली, साजिद खान, सौद शकील, शाहीन अफरीदी, शान मसूद, जाहिद महमूद. रिजर्व खिलाड़ीः कामरान गुलाम, मोहम्मद अब्बास, नसीम शाह, सरफराज अहमद।

# रहाणे, पुजारा सहित चार खिलाड़ियों का करियर समाप्त होने की ओर

मुम्बई, एजेंसी। भारतीय टीम के चार सीनियर खिलाड़ियों का करियर समाप्त होने की ओर बढ़ रहा है। घरेलू जमीन पर श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए इन खिलाड़ियों को जगह मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आती है। ये खिलाड़ी हैं पूर्व उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे, बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा, तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ह्यचयनकर्ता कुछ उभरते हुए खिलाड़ियों को आजमाना चाहते हैं। खिलाड़ियों को व्यक्तिगत तौर पर चयनकताओं ने इस बारे में संकेत भी दिये हैं। कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन से बात के बाद यह तय किय गया है।

रहाणे और पुजारा पिछले 2 साल से टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। इन दोनो को ही रणजी ट्रॉफी में खेलकर फॉर्म हासिल करने के लिए कहा गया है। दोनों खिलाड़ी अपनी राज्य टीम से




फर्स्ट क्लास टूनार्मेंट में उतर रहे हैं। यहां उनके प्रदर्शन के आधार पर ही उनका आगे का करियर निर्भर करेगा। वहीं इशांत और साहा की उम्र अब बढ़ती जा रही है। ऐसे में इन दोनो की जगह युवाओं को अवसर मिलना तय है। चयनकताओं को लगता है कि इशांत और साहा दोनों का अच्छा समय बीत गया है। इन दोनो ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर अब इनसे आगे बढ़ने का समय आ गया है।

# बीसीसीआई की राष्ट्रीय चयन समिति से कुरुविला का इस्तीफा

मुम्बई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति से एक चयनकर्ता एबे कुरुविला ने इस्तीफा दे दिया है। कुरुविला के इस्तीफे के बाद चेतन शर्मा की अध्यक्षता वाली इस चयन समिति में अब कुल चार सदस्य ही बचे हैं। इसमें चेतन शर्मा के अलावा सुनील जोशी, हरविंदर सिंह और देबाशीष मोहंती शामिल हैं। ऐसे में अब बीसीसीआई का कुरुविला की जगह वेस्ट जोन से एक चयनकर्ता शामिल करना होगा।

पूर्व तेज गेंदबाज कुरुविला को दिसंबर 2020 में वेस्ट जोन से भारतीय टीम का चयनकर्ता चुना गया था। उससे पहले वह जूनियर चयन समिति के प्रमुख भी रहे थे। कुरुविला के अध्यक्ष रहते ही भारतीय अंडर-19 टीम ने उन्मुक्त चंद की कप्तानी में साल 2012 में अंडर 19 विश्व कप का जीता था। इस प्रकार कुरुविला ने चयनसमिति में अपने 5 साल पूरे कर लिए थे। इसलिए उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा है। बोर्ड के नए संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति पांच साल से ज्यादा समय तक किसी क्रिकेट कमेटी में शामिल नहीं रह



सकता। इसी वजह से कुरुविला को इस्तीफा देना पड़ा है। उनके दोनों कार्यकाल मिला दिये जायें तो एक चयनकर्ता के तौर पर उनके 5 साल पूरे हो गए हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि कुरुविला का कार्यकाल समाप्त हो गया है। अब बीसीसीआई नए आवेदन मंगाएगी और क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी।

# धर्मशाला स्टेडियम में 26 व 27 मार्च को खेले भारत-श्रीलंका टी20 मुकाबले

## स्टेडियम में दर्शकों को नहीं मिलेगा प्रवेश

धर्मशाला, एजेंसी। भारत दौरे पर आ रही श्रीलंकाई टीम भारत दो टी20 मैच हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खेलेगी। इन दोनो ही मैचों में दर्शकों को प्रवेश नहीं मिलेगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट (एचपीसीए) के डारेक्टर और बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा कि कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए धर्मशाला में होने वाले यह दोनों ही मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। साथ ही कहा कि सीरीज के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसमें 15 मार्च को एक मात्र मैच धर्मशाला में होने की जगह अब दो मैच 26 व 27 मार्च को खेलें जाएंगे। ऐसे में इन मैचों की तैयारियों के लिए एचपीसीए लग गया है।

इसी के तहत ही धर्मशाला स्टेडियम व पिच को तैयार किया जा रहा है। मैच 15 मार्च की जगह 26-27 को री-शेड्यूल होने से 15 दिन पहले मैच होंगे। ऐसे में जो कार्य एचपीसीए व



पिच क्यूरेटर को 15 दिन बाद पूरी तरह से तैयार करना था, उसे अभी जल्द से जल्द करना पड़ रहा है। बीसीसीआई के अनुसार टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला लखनऊ में 24 फरवरी को खेला जाएगा, जबकि अगले दो मुकाबले धर्मशाला में 26 व 27 फरवरी का खेले जाएंगे। इसके बाद श्रीलंका टीम इंडिया के साथ दो टेस्ट मैच खेलेगी, जो मोहाली और बंगलूर में आयोजित किए जाएंगे।

श्रीलंकाई टीम के भारत दौरे का कार्यक्रम, टी-20 सीरीज

पहला टी-20 मैच-24 फरवरी, लखनऊ

दूसरा टी-20 मैच-26 फरवरी, धर्मशाला

तीसरा टी-20 मैच-27 फरवरी, धर्मशाला।

# निशानेबाजी करते दिखे धोनी

रांची, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र से पहले यहां जेएससीए स्टेडियम में निशानेबाजी का अभ्यास करते दिखे। इससे पहले धोनी ने टेनिस भी खेला। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें धोनी निशानेबाजी करते नजर आ रहे हैं। धोनी ने जेएससीए स्टेडियम में नेट अभ्यास भी किया। उनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं जिसमें वह नेट्स पर पसीना बहाते दिख रहे हैं। इसी दौरान तरोताजा होने के लिए वह निशानेबाजी भी करते दिखे। धोनी ने अभ्यास के दौरान युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभवों को भी साझा किया।



आईपीएल में 4 बार चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को जीत दिलाने वाले धोनी का लक्ष्य इस बार भी टीम को जीत दिलाना रहेगा।.

आईपीएल के अगले सत्र से पहले 12-13 फरवरी को बेंगलुरु में मेगा नीलामी होगी। इसके लिए चेन्नई टीम ने धोनी सहित अपने 3 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। धोनी को जहां 12 करोड़ में रिटेन किया गया है तो वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को 16 करोड़ रुपये की सबसे ज्यादा राशि मिली है। वहीं इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली को 6 करोड़ रुपये में बरकरार रखा है। सीएसके का लक्ष्य नीलामी में कुछ और बेहतरीन खिलाड़ियों को जोड़ना रहेगा।

# रोहित ने गेंदबाजों के साथ ही सूर्यकुमार को भी सराहा

अहमदाबाद, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में मिली जीत के बाद गेंदबाजों की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने कहा की गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। युवा तेज गेंदबाज



प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल के बीच हुई 91 रन की साझेदारी भी अच्छी रही। नियमिम कप्तान के तौर पर रोहित की यह पहली सीरीज जीत है। रोहित ने कहा, ह्यह्यश्रृंखला जीतना हमेशा ही अच्छा अहसास होता है। आज हमने कुछ चुनौतियों का सामना किया और इनसे निपटते हुए सम्मानजनक स्कोर बनाया जिससे हमें सफलता मिली। साथ ही कहा कि शीर्ष क्रम के असफल रहने के बाद के बाद सूर्यकुमार और राहुल ने समझदारी से खेला।

रोहित ने कहा, ह्यह्यपूरी इकाई ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों के लिये ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना महत्वपूर्ण है। तभी आप उन्हें पहचान सकते हो। आज की पारी सूर्यकुमार का आत्मविश्वास बढ़ायेगी। पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। उसने बल्लेबाजी की और जो टीम चाहती थी वो किया। राहुल ने भी और अंत में दीपक हुड्डा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। 'ऋषभ पंत से पारी की शुरूआत को लेकर उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझसे कहा गया कि कुछ अलग करो, इसलिये यह अलग था। लोग ऋषभ को पारी शुरू करते हुए देखकर खुश हालांकि यह बदलाव स्थायी नहीं है। अगले मैच में हमारे पास शिखर धवन होंगे।'



# जरूरत से ज्यादा ऑनलाइन शॉपिंग?

ढेरों वैरायटी और आकर्षक डिस्काउंट के कारण लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग की लत-सी लग जाती है, जिसके कारण उनकी इनकम का ज़रूरत से ज़्यादा हिस्सा शॉपिंग में ख़र्च होने लगता है और उन्हें इसका एहसास भी नहीं होता। जब एहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। आपके साथ ऐसा न हो, इसलिए हम बता रहे हैं कुछ संकेत, जिनसे आपको पता चल सके कि शॉपिंग हद से ज़्यादा हो रही है।

### जब लेना पड़े उधार

अपने ऑर्डर का पेमेंट करने के लिए जब आपको दोस्त या सहकर्मी से उधार लेने की ज़रूरत पड़ जाए, तो इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि आप अपनी हैसियत से ज़्यादा शॉपिंग करने लगी हैं। अगर आपने ऑनलाइन शॉपिंग बंद नहीं की, तो बहुत जल्द दूसरे कामों के लिए भी आपको उधार लेना पड़ सकता है।

### जब तोड़ना पड़ जाए पिगी बैंक

अपनी सहूलियत के हिसाब से आप पिगी बैंक में इसलिए पैसे जमा करती हैं ताकि बुरे वक्त में इसे तोड़कर आप अपनी सारी तो नहीं, मगर कुछ ज़रूरतें तो पूरी कर ही सकती हैं, लेकिन ज़रूरत की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग का बिल भरने के लिए यदि आपको पिगी बैंक तोड़ना पड़े, तो ये ख़तरे की घंटी है। बेहतर होगा, अब अपनी शॉपिंग की लत पर लगाम लगाएं

### जब ट्राई करने के लिए करने लगें शॉपिंग

वन पीस ड्रेस में मैं कैसी लगूंगी? क्या हाई हील सैंडल मुझ पर जंचेगी? अगर आप भी ऐसे ही सवालों के जवाब ढूंढ़ने के लिए या चीज़ों को महज़ ट्राई करने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग कर रही हैं, तो अपनी इस आदत को सुधारिए, वरना बहुत जल्द आप भी ओवर ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगी।

### जब सेविंग अकाउंट बन जाए एक्सपेंस अकाउंट

ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा के कारण अब आप एक क्लिक पर कोई भी चीज़ आसानी से ख़रीद सकती हैं। यदि आप इस सुविधा का ज़रूरत से ज़्यादा उपयोग ऑनलाइन शॉपिंग के लिए कर रही हैं और इसके कारण आपका सेविंग अकाउंट एक्सपेंस अकाउंट में बदल चुका है, तो इसका मतलब यही है कि आप अनलिमिटेड शॉपिंग करने लगी हैं।



# साड़ी लुक को मॉडर्न बनाने के लिए ट्राई करें पेपलम ब्लाउज

साड़ी को मॉडर्न लुक देने के लिए आजकल पेपलम ब्लाउज काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें कमर या उसके आस पास के हिस्से पर फ्रिल या झालर का प्रयोग किया जाता है। लंबाई में ये सामान्य ब्लाउज से थोड़े लंबे होते हैं।

पेपलम ब्लाउज को सिर्फ साड़ी ही नहीं बल्कि लहंगे के साथ भी पहना जा सकता है। ये देखने में काफी स्टाइलिश लगते हैं और आपको दूसरों से अलग लुक देते हैं।

नॉर्मल ब्लाउज की तरह आप पेपलम ब्लाउज के डिजायन में भी काफी एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। इसके गले और बाजुओं को पसंदीदा डिजायन में बनवा सकती हैं।

क्रॉस पैटर्न के साथ वी नेक के पेपलम ब्लाउज किसी भी लहंगे या साड़ी पर बहुत यूनिक लुक देते हैं। आप शॉर्ट नेक गले पर कारीगरी वाला ब्लाउज किसी सिंपल साड़ी या लहंगे पर भी पहन सकती हैं। ये भी अपने आप में बेहद खूबसूरत लुक देगा।

# लंबे-घने मज़बूत बालों के लिए हेल्दी रेसिपीज

**पालक सूप** : 2 गड्डी पालक को साफ़ करके काट लें। इसे पानी में उबालें और इसकी प्यूरी बना लें। अब कड़ाही में थोड़ा-सा तेल गरम करें। एक बारीक़ कटा प्याज़ डालकर सुनहरा भून लें। फिर इसमें 1 टीस्पून कटा लहसुन और 2 बारीक़ कटी हरी मिर्च डाल दें। अब पालक की प्यूरी डालकर तब तक पकाएं, जब तक कि पालक अच्छी तरह गल न जाए। गरम-गरम पालक सूप का मज़ा लें।

**शकरकंद की सब्ज़ी** : 250 ग्राम शकरकंद को उबलाकर चौकोर काट लें। कड़ाही में थोड़ा-सा तेल डालें। करीपत्ता का छौंका लगाएं। फिर 3-4 बारीक़ कटी हरी मिर्च डालें। अब इसमें चौकोर कटा शकरकंद डालें और चलाते हुई पकाएं। थोड़ी देर बाद इसमें एक मुट्ठी भुनी हुई मूंगफली और स्वादानुसार नमक डालकर मिलाएं। बारीक़ कटे हरे धनिया से सजाएं।

**ड्राई फ्रूट्स सलाद** : 2 कप बारीक़ कटे सीज़नल फ्रूट्स (सेब, केला, संतरा आदि) में 1 कप ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश आदि) मिलाएं। इसमें 1 टेबलस्पून दूध की मलाई और आधा टीस्पून शहद डालकर ड्रेसिंग करें। तैयार ड्राई फ्रूट्स सलाद का मज़ा लें।

हेल्दी टिपः ड्राई फ्रूट्स खाने से बाल स्वस्थ और ख़ूबसूरत नज़र आते हैं।

**गाजर का जूस** : छोटे साइज़ के 5 गाजर छीलकर जूसर में डालें। तैयार जूस को छलनी से छान लें। ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें।

**एप्पल-अखरोट का सलाद** :2 बड़े सेब को चौकोर काटकर एक बाउल में डाल दें। अब इसमें 2 टेबलस्पून अखरोट डालकर मिलाएं। 1 टेबलस्पून मिल्क क्रीम और शहद से सलाद की ड्रेसिंग करें। तैयार है एप्पल-अखरोट सलाद का सलाद।

**मशरूम सलाद** : 250 ग्राम मशरूम को उबालें। अब मशरूम को काटकर एक बाउल में डाल दें। फिर इसमें 1 टेबलस्पून बारीक़ काटकर सोआ डालें। स्वादानुसार कुटी हुई कालीमिर्च और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

**टमाटर का सूप** : मीडियम साइज़ के छिले हुए 5 टमाटर को प्रेशर कुकर में उबाल लें। फिर मसलकर प्यूरी बना लें। अब एक कड़ाही में बटर गरम करें। करीपत्ते का छौंका लगाएं। 2 टीस्पून लहसुन डालकर भूनें। थोड़ा-सा लालमिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डाल दें। अब टमाटर की प्यूरी डालकर मिलाएं।





# दुल्हन के लिए वेडिंग स्किन केयर टिप्स

**हर दुल्हन के लिए शादी का दिन ख़ास रहता है। इसलिए इस स्पेशल दिन पर ख़ूबसूरत दिखने के लिए उन्हें पहले से ही कई तैयारी करनी चाहिए। शादी पर सबसे बड़ी चिंता त्वचा को लेकर होती है। हर लड़की चाहती है कि वह अपने स्पेशल दिन ख़ूबसूरत और आकर्षक दिखे। यूं तो वेडिंग डे के लिए अच्छा मेकअप होता ही है, लेकिन अगर पहले से त्वचा की देखभाल नहीं की जाती है, तो यह उतना अधिक बेहतर नहीं हो पाता। इसलिए इन बातों को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर रूटीन को नियमित रखना ज़रूरी है।**

हेल्दी स्किन के लिए पर्याप्त नींद और पानी पिएं। एंटीऑक्सिडेंट को आहार में शामिल करें। नियमित स्पा और न्यूट्रिशियस स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। ध्यान रहे ये सब आपके रूटीन का हिस्सा हो। कभी-कभी स्किन केयर रूटीन को रोज़ाना फॉलो करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में न्यूट्रास्यूटिकल्स की मदद से ख़ूबसूरत और लॉन्ग लास्टिंग हेल्दी त्वचा पा सकते हैं।

प्री-वेडिंग डाइट और फिटनेस प्लान की तरह ब्राइड्स प्री-वेडिंग स्किन केयर रूटीन अपनाए, तो स्वस्थ और ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं। यह सब रूटीन शादी के कुछ महीने पहले से शुरु कर देना चाहिए।

### स्किन ब्यूटी प्री-वेडिंग टिप्स

यूं देखा जाए, तो ब्राइडल केयर शादी के एक साल पहले से ही होती है यानी स्किन केयर रूटीन शुरू करने का सही समय शादी के सालभर पहले त्वचा की समस्याएं, जैसे- मुंहासे, फंगल रशेज, झुर्रियां, लाल होना, झुलसी हुई त्वचा आदि समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले लेनी चाहिए। क्योंकि कुछ त्वचा से संबंधित प्रॉब्लम को पूरी तरह से ठीक होने में लंबा समय लगता है। यह वह समय है, जब स्किन केयर शेड्यूल की शुरुआत करनी चाहिए। सनस्क्रीन, आई क्रीम इस्तेमाल करें। इसके अलावा नियमित रूप से शरीर की मालिश भी त्वचा के हेल्दी और ग्लो करने में मदद करती है।

शादी के नौ महीने पहले ही स्वस्थ आदतों और जीवनशैली के लिए समय निकालें, क्योंकि खाने की आदतों का असर त्वचा पर होता है। सही आहार लें। उचित डायट चार्ट का पालन करने के लिए डायटीशियन से सलाह ले सकते हैं। डायट में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन शामिल करें। ग्लूटाथियोन, सेरामाइड्स और विटामिन सी युक्त न्यूट्रास्यूटिकल्स ग्लोइंग स्किन के लिए ज़रूरी है। ग्लूटाथियोन, जिसे ब्राइडल पिल के रूप में जाना जाता है, यह त्वचा को फिर से जीवंत करने में मदद करता है और इसे युवा और हेल्दी बनाती है।

शादी से छह महीने पहले त्वचा को तनावमुक्त करने पर ध्यान देना शुरू करें। डी-स्ट्रेसिंग से ब्रेक-आउट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। तनाव से मुंहासे, त्वचा और बालों की समस्याएं होती हैं। इसके लिए नियमित स्पा के साथ-साथ मसाज बेहतरीन उपाय है।

शादी से तीन महीने पहले फेशियल करवाएं, जो शादी के दिन दुल्हन को और भी ख़ूबसूरत बनाएगा। स्किन एक्सपर्ट्स के अनुसार लेज़र हेयर रिमूवल, डर्मा रोलिंग, पील, मास्क और एक्सफोलिएशन किए जाने चाहिए। ग्लूटाथियोन त्वचा के साथ-साथ पूरे शरीर के रंग को हल्का करने में मदद करता है।

# लीवर की समस्या वाले मरीज को जरूर करना चाहिए किशमिश का सेवन

ड्राई फ्रूट्स का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। किशमिश खाने के भी कई फायदे होते हैं जो आज हम आपको बताने जा रहे हैं। लीवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगो में माना जाता है और यह हमारे शरीर के खराब पदार्थ को पूर्णतः बाहर निकाल देता है और हमारे पाचन शक्ति को बढाता है।

### किशमिश के सेवन के फायदे:

लीवर के खराब होने के लक्षण बहुत जल्दी लोगों के नजर में नहीं आते लेकिन अगर हर दिन किशमिश का सेवन किया जाए तो लीवर अच्छा रहता है और उसे कभी कोई नुकसान नहीं होता है।


आंखों के नीचे काले घेरे बन गए हैं, पेट में सूजन, शरीर पर सफेद धब्बे, आंखों का पीला पड़ना, मुंह से बदबू आना ये लक्षण लीवर खराब होने के मुख्य लक्षण होते है। लीवर के लिए किशमिश बहुत फायदेमंद माना जाता है।

इसके पानी का प्रतिदिन सेवन करने से लीवर और पेट से जुडी गंभीर समस्या खत्म किया जा सकता है।

लेकिन एक बर्तन में पानी में किशमिश को डाल कर उबाल ले और रात भर इसे ढंक कर छोड दे।



# इन 5 आदतों से बढ़ता है सेकंड हार्ट अटैक का खतरा



**एक बार हृदयाघात होने पर मरीज को अधिक संभलकर रहने की जरूरत होती है। अपनी लाइफस्टाइल में पूरी तरह से बदलाव करना पड़ता है। क्योंकि आपका दिल पहले के मुकाबले कमजोर हो जाता है। खानपान का विशेष ध्यान रखना होता है। बहुत अधिक तेल, जंक फूड खाने के लिए मना किया जाता है। साथ ही अधिक से अधिक योग, व्यायाम, मॉर्निंग वॉक करने की सलाह दी जाती है। हालांकि कई बार कुछ लापरवाही से भी सेकेंड हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सेकंड हार्ट अटैक नहीं आए और स्वस्थ रहे इसके लिए इन 5 आदतों से आपको खुद को बचकर रहना जरूरी है आइए जानते हैं...**

- हार्ट अटैक का कारण ही स्ट्रेस होता है। अगर आपको पहली बार हार्ट अटैक आ गया है तो दूसरी बार संभलकर रहे। अपने आप को तनाव मुक्त रखें। डॉक्टर के संपर्क में रहे। परेशानी होने पर डॉक्टर से चर्चा करें। जितना अधिक तनाव से गिरे रहेंगे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ेगा और दवा का असर कम होगा।
- डायबिटीज के मरीज है तो और अधिक संभल कर रहने की जरूरत है। इसके लिए सबसे अधिक लाइफस्टाइल में बदलाव करना जरूरी होता है। डाइट, फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दें। अगर आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है तो आपका दिल भी स्वस्थ्या रहेगा और हार्ट अटैक का रिस्क भी कम हो जाएगा।
- अगर आपका वजन अधिक है और हार्ट की बीमारी से ग्रसित है तो आपको सबसे पहले अपना वजन कम करने की जरूरत है। जी हां, जो लोग मोटे होते हैं, उनके लिए दिल का खतरा अधिक बढ़ जाता है। हार्ट अटैक से बचाव के लिए वजन कम करना बहुत अधिक जरूरी है।
- हार्ट अटैक के बाद डॉक्टर द्वारा दी गईं दवाइयों का सेवन नियमित अनुसार करें। दवा में लापरवाही करने से हृदयाघात का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। इसलिए नियमित दवाओं का सेवन करें। और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।
- अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर है तो हार्ट अटैक का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। हार्ट के मरीजों को बीपी कंट्रोल में रखना जरूरी होता है। इसके लिए कम से कम नमक और कैफीन का सेवन करें। और समय - समय पर ब्लड प्रेशर चेक करते रहे। कई बार बीपी भी बढ़ जाता है लेकिन पता नहीं चलता है। इसलिए नियमित रूप से बीपी की दवा लें वहीं अनियमितता से खतरा अधिक बढ़ जाता है।

# आँखों की बीमारी के लिए ये बेहद जरूरी



एक निश्चित मात्रा में आँसू बनना आँखों के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे आँखों में नमी के स्तर को बरकरार रखने के साथ-साथ आँखों में जाने वाली किसी बाहरी चीज एवं धूल-कणों को हटाने में मदद मिलती है। डॉ. निता शाह, हेड – क्लिनिकल सर्व्हिसेस, डॉ. अगरवाल आय हॉस्पिटल मुंबई, हमें आँखों में पानी आने के पीछे के विज्ञन के बारे में विस्तार से बताते हैं। चिकित्सा जगत में, सामान्य तौर पर रोने के अलावा आँखों से ज्यादा आँसू आने को एपिफोरा कहा जाता है। यह रोग से संबंधित संकेत या स्थिति है, जिसमें आँखों से कम मात्रा में टियर फिल्म का निकलना शामिल है, और इस परिस्थिति में जिसमें आँसू का बहाव नासुर की नली/ आँसुनलिकाओं के बजाय चेहरे पर होने लगता है।

जरूरत से ज्यादा आँसू बनने और नलिकाओं में रुकावट ही आँखों से पानी आने की सबसे बड़ी वजह है। छोटे बच्चों में, आँखों की नलिकाओं में रुकावट इसका सबसे सामान्य कारण है। कुछ बच्चे अविकसित नलिकाओं के साथ पैदा होते हैं, और कुछ हफ्तों में नलिकाओं के पूरी तरह विकसित होने के बाद यह रुकावट दूर हो सकती है। अगर टियर डक्ट (आँसू नलिकाएं) सिकुड़ी हुई हो या उसमें रुकावट हो, तो आँसू की थैली में आँसू जमा हो जाते हैं और इसकी वजह से संक्रमण फैलने का भी खतरा होता है। वयस्कों और बड़े बच्चों की बात की जाए, तो उनमें आँसू का अधिक उत्पादन ही इस समस्या का सबसे सामान्य कारण है।"आँखों में किसी बाहरी चीज से प्रवेश करने पर, सबसे पहले आँखों को कमरे के तापमान पर साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और व्यक्ति को अपनी आँखों को रगड़ना नहीं चाहिए। अगर ऐसा महसूस हो कि बाहरी चीज अभी भी आँखों में मौजूद है, तो व्यक्ति को नेत्र-रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। उसे बाहर निकालने के लिए, लुब्रिकेशन हेतु कृत्रिम आँसू, तथा विशेष परिस्थितियों में एंटीबायोटिक ड्रॉप का उपयोग किया जाता है। आँखों में किसी तरह का केमिकल चले जाने पर, सबसे पहले आँखों को साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और रोगी को तुरंत नेत्र-रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। डॉ. निता शाह, ने बताया कि आँखों से पानी आने से जुड़ी कुछ सामान्य समस्याएं इस प्रकार हैं: एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के कारण एलर्जिक कंजक्टिविटिस होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली द्वारा अति-प्रतिक्रिया का कारण बनता है।

## नमन मंच



### भारत के दो महापुरूष

भारत माता के दो लाल,
गांधी-शास्त्री इनके नाम,
दो अक्टूबर को जन्म लिये,
देश के लिए अनेक काम किये।

देश में घूम-घूम गांधी जी ने,
आजादी का अलख जगाया,
अहिंसा के अस्त्र चलाकर,
अंग्रेजों को देश से भगया।

प्रधानमंत्री बनकर शास्त्री जी ने,
जय जवान, जय किसान का नारा देकर,
देश भर में विकास की ज्योति जगाई,
कृषि में हम सबको आत्मनिर्भर बनाया।

दोनों ने स्वाधीनता की,
मिलकर लड़ी लड़ाई,
एक ने छुआछूत भगाई तो,
एक ने अन्न का भंडार बढ़ाया।

गांधी जी ने अंग्रेजों को,
अहिंसा के बल पर धूल चटाई,
शास्त्री जी ने पाक हमलावरों के
घर में घुसकर जमकर मात दी।
एक कहते थे 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई' जाणे

दूसरे ने भी जनता की पीड़ा को पहचाना,
सच्चाई से राजधर्म को निभाया।
दोनों है देश के रखवाले,
दोनों है भारत के अमर लाल,
दो अक्टूबर को जन्मदिवस पर,
हम इनको हृदय से करते हैं नमन ।

– मंजू लोढ़ा, स्वरचित

# सोने से पहले मेकअप हटाना है बहुत जरूरी

**वरना चेहरे पर आ सकता है जल्दी बुढ़ापा**

कई बार हम दिनभर की थकान के बाद जब घर आते हैं तो नाइट स्किन केयर (Skin Care) रुटीन को फॉलो करने का मन नही करता और मेकअप बिना हटाए ही हम बिस्तर में घुस जाते हैं. इसकी वजह से हमारी स्किन तो खराब हो ही सकती है, पलकों आदि में इनफेक्शन की संभावना भी हो सकता है. विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा करने से आपकी स्किन को बहुत अधिक नुकसान हो सकता है. ये ना केवल त्वचा के एजिंग प्रोसेज को बढा देता है साथ ही पिंपल्स आदि होने की संभावना कई गुना बढ़ सकती है. अगर आप भी रात को बिना मेकअप उतारे सोने जाती हैं तो यहां आपको बताते हैं कि इसका क्या क्या नुकसान हो सकता है.

### फाइन लाइन्स

अगर त्वचा पर अधिक देर तक मेकअप रह जाएं तो ये त्वचा की नमी को सोख लेते हैं और स्किन ड्राई होने लगती है. इस वजह से स्किन का लचीलापन घटने लगता है और कुछ ही दिनों में चेहरे पर फाइल लाइन्स नजर आने लगते हैं. इन मेकअप प्रोडक्ट की वजह से कोलेजन प्रोडक्शन भी कम होने लगता है और स्किन सेल्स डैमेज होने लगते हैं.

### एक्ने ब्रेकडाउन

दरअसल जब आप मेकअप लगाकर सोते हैं तो आपके स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं. यह मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद सिलिकॉन और अन्य केमिकल की वजह से होता है. कुछ प्रोडक्ट्स में डाई और सेंटेड परफ्यूम भी होते हैं जो स्किन के लिए हानिकारक हैं. इनसे स्किन पर एक्सेस ऑयल और गंदगी जमा हो जाती है और पोर्स बंद हो जाते हैं. और यही से बैक्टीरियल इंफेक्शन और एक्ने-ब्रेकआउट शुरू होता है.

### अनइवेन स्किन की समस्या

मेकअप की एक लेयर भी अगर चेहरे पर लगी रह जाए तो आपकी त्वचा सांस नहीं ले पाती और पोर्स बंद हो जाते हैं. ऐसा होने से आपकी त्वचा के नेचुरल ऑयल्स दूषित हो जाते हैं और त्वचा में मॉइश्चर की कमी होने लगती है. इस वजह से स्किन अनइवेन और बेजान लगने लगती है.

### झड़ने लगती हैं पलके

अगर आप आईलाइनर, आईशैडो, मस्कारा आदि लगाकर सो जाएं तो यह आपकी पलकों को काफी नुकसान कर सकती हैं. इन प्रोडक्ट में कैमिकल होते हैं जो पलकों के छोटे रोम छिद्रों को ब्लैक कर देते हैं. जिससे यहां इंफ्लामेशन की शिकायत होती है और पलके भी झड़ने लगती हैं. इससे आपको इंफेक्शन हो सकता है. ऐसे में सोने से पहले मेकअप को उतारना बहुत ही जरूरी है.

